आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 28°C | 14°C |

इनसाइड न्यूज

संजय रावत-भानू की जोड़ी ने उड़ाए नियमों के परखच्चे!

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शनिवार 08 नवंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 28 www.janexpresslive.com/epaper


1937 में वंदे मातरम् के टुकड़े हुए: पीएम 12

## दिल्ली हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल में तकनीकी समस्या

# करीब 300 उड़ानों में देरी

### ऑटोमैटिक एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी, भोपाल, चंडीगढ़, अहमदाबाद में भी डिले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे आईजीआई एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह तकनीकी खराबी की वजह से हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं। आईजीआई एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) सिस्टम में तकनीकी खराबी आई है। इस कारण करीब 300 उड़ानों में देरी हो गई। इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर ने कहा कि हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में समस्या के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उनकी उड़ानों में देरी हो रही है। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार शाम से एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को उड़ानों के फ्लाइट प्लान ऑटोमैटिक तरीके से नहीं मिल पा रहे हैं। यह समस्या ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में आई है, जो ऑटो ट्रैक सिस्टम को जानकारी प्रदान करता है।



**फ्लाइट ट्रैकिंग पोर्टल पर दिल्ली के आसमान की तस्वीर**

उड़ानों के रूट को ट्रैक करने वाले पोर्टल फ्लाइट अवेयर ने दिल्ली के आसमान में मंडरा रहे प्लेन्स की लोकेशन को ग्राफिक के जरिए दिखाया है। इसमें कई फ्लाइट्स को एक ही जगह चक्कर लगाते देखा जा सकता है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक गुरुवार शाम से ही एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी थी। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट Flightradarwy.com के मुताबिक गुरुवार को 513 फ्लाइट्स देरी से रवाना हो सकी थीं।

**फ्लाइट्स लेट होने का असर, 4 पॉइंट्स में...**

- **यात्री परेशान:** चेक-इन, गेट पर इंतजार, बोर्डिंग लेट, कनेक्शन फ्लाइट छूटने का खतरा बढ़ गया।
- **ऑपरेशन प्रभावित:** दिल्ली एयरपोर्ट में रोजाना 1,500 से अधिक फ्लाइट आती-जाती हैं। इससे एयरलाइन और एयरपोर्ट के कामकाज में देरी हुई।
- **बाकी एयरपोर्ट्स पर असर:** दिल्ली के अलावा बेतिया, लखनऊ, जयपुर, चंडीगढ़ जैसे एयरपोर्ट्स पर भी असर देखा गया।
- **अपकमिंग फ्लाइट्स डिले:** लेट फ्लाइट्स की वजह अपकमिंग फ्लाइट्स का शेड्यूल प्रभावित होता है। फ्लाइट्स लेट होती जाती हैं।

**हवाई जहाजों की ट्रैफिक पुलिस है एटीसी**

एयर ट्रैफिक कंट्रोल एयरपोर्ट्स पर मौजूद सेंट्रल कंट्रोलिंग सिस्टम होता है। यह हवाई जहाजों को जमीन पर, हवा में और आसमान के अलग-अलग हिस्सों में निर्देश जारी करता है। आसान भाषा में कहा जाए तो यह ट्रैफिक पुलिस की तरह ही है, लेकिन सिर्फ हवाई जहाजों के लिए। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोपहर 3 बजे तक एटीसी की गड़बड़ी का हल नहीं निकल पाया है। इसके चलते फ्लाइट्स कैंसिल भी की जा सकती हैं। एटीसी में मैलवेयर घुसपैठ के कारण गड़बड़ी होने की संभावना है। एयरपोर्ट पर मौजूद यात्रियों के मुताबिक आईटीए एयरवेज़ रोम और वर्जिन अटलांटिक लंदन जैसी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट के एटीसी में खराबी होने से कई फ्लाइट्स की लैंडिंग में देरी हो रही है।

**दिल्ली एयरपोर्ट पर एक हफ्ते से मिल रहे फेक सिग्नल**

दिल्ली में पिछले एक हफ्ते से विमानों के जीपीएस सिग्नल में फेक अलर्ट आ रहे हैं। जिसे जीपीएस स्पूफिंग भी कहते हैं। इसके तहत पायलटों को गलत लोकेशन और नेविगेशन डेटा अलर्ट मिल रहे हैं। एयर ट्रैफिक कंट्रोल के सूत्रों के अनुसार दिल्ली के करीब 100 किमी के दायरे में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। फ्लाइट रेगुलेटर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन को इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। स्पूफिंग एक प्रकार का साइबर अटैक है जो नेविगेशन सिस्टम को गुमराह करने के लिए फेक जीपीएस सिग्नल भेजता है। ज्यादातर इसका इस्तेमाल वॉर जोन में किया जाता है, ताकि दुश्मनों के ड्रोन और विमानों को नष्ट किया जा सके।

**दिल्ली एयरपोर्ट समेत एयरलाइन्स की एडवाइजरी**

फ्लाइट ऑपरेशन्स में देरी के कारण दिल्ली एयरपोर्ट ऑथोरिटी समेत प्रमुख एयरलाइन्स, अकासा, एअर इंडिया, स्पाइज जेट, इंडिगो ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि फ्लाइट ऑपरेशन में देरी हो रही है। इसलिए यात्री अपनी फ्लाइट से जुड़े अपडेट चेक करते रहें।

## 'स्कूल, अस्पताल से आवारा कुत्ते हटाएं'

- जहां से पकड़ें, नसबंदी के बाद वहीं न छोड़ें, हाईवे से आवारा जानवर भी हटाएं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और बस स्टैंड से दूर रखने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल-कॉलेज और अस्पतालों में बाड़ लगाई जाए, ताकि कुत्ते वहां न पहुंच सकें। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को उसी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। उन्हें शेल्टर होम में रखा जाएगा। कोर्ट ने सभी नेशनल और स्टेट हाईवे से आवारा पशु हटाने का आदेश भी दिया। सभी राज्यों के मुख्य सचिव इन आदेशों का सख्ती से पालन कराने को कहा है। इस मामले में 3 हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा मांगी गई है। अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। राजस्थान हाईकोर्ट ने 3 महीने पहले सरकारी एजेंसियों को सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने का आदेश दिया था। कार्रवाई को प्रभावित करने वालों के खिलाफ स्न्ढ्रक्र के आदेश भी दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला पूरे देश में लागू होगा।

**याचिका लगाने वालों ने कहा, आदेश बेहद कठोर**

सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर को कहा था कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दी थी। लेकिन चेतावनी दी थी कि हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। यह मामला सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वयं नोटिस में लिया था। इसमें दिल्ली में खासकर बच्चों के बीच,आवारा कुत्तों के काटने और उससे होने वाले रेबीज के मामलों की जानकारी दी गई थी। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का दायरा दिल्ली-एनसीआर तक सीमित न रखते हुए इसे सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए कर दिया था।



**कोर्ट के आदेश की 5 बड़ी बातें**

- सभी नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर लगाने होंगे।
- सभी राज्यों के मुख्य सचिव निर्देशों का सख्ती से पालन कराएंगे। स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा 3 हफ्ते में दायर किया जाए।
- राज्य सरकारें और यूटी 2 हफ्ते में ऐसे सरकारी और निजी स्कूल-कॉलेज, अस्पतालों की पहचान करेंगी, जहां आवारा जानवर और कुत्ते घूमते हैं। उनकी एंट्री रोकने के लिए बाड़ लगाई जाएगी।
- कैंपस और बाड़ के रखरखाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त होगा। नगर निगम, नगर पालिका और पंचायत 3 महीने में कम से कम एक बार इन कैंपस की जांच करें।
- पकड़े गए आवारा कुत्तों को उसी जगह वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था।

## यूपी में माफिया की छाती पर चलता बुलडोजर: योगी



- यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिहार में राजद-कांग्रेस पर बोला हमला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बिहार में राजद-कांग्रेस पर हमला बोला। सीएम ने पहली रैली में रक्सौल से भाजपा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिन्हा और नरकटियागंज से जदयू प्रत्याशी विशाल कुमार को जिताने की अपील की। दूसरी रैली में लौरिया के विधायक, भाजपा प्रत्याशी व भोजपुरी कलाकार विनय बिहारी को फिर से विधानसभा में भेजने का आग्रह किया। तीसरी रैली में उन्होंने ढाका से पवन कुमार जायसवाल के लिए वोट मांगा। रैलियों में योगी आदित्यनाथ को देखने जनसैलाब उमड़ा। पूरा बिहार बुलडोजर बाबा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। सीएम ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अराजकता इनका जन्मसिद्ध अधिकार है।

**मध्यस्थता की बात करती थी तत्कालीन सरकार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरी रैली में कांग्रेस व राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि यह लोग विकास, गरीब कल्याण की योजनाएं रोक देंगे और फिर से जंगलराज पैदा करेंगे। कांग्रेस व राजद के समय में बिहार में व्यापारी, इंजीनियर, चिकित्सक, बेटियों का लगातार अपहरण होता था। सरकार कार्रवाई की बजाय अपहरणकर्ताओं के सामने नतमस्तक होकर मध्यस्थता की बात करती थी। महागठबंधन में हिम्मत नहीं है कि अपराधियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य कर सके। यूपी को देखें, जब वहां माफिया की छाती पर बुलडोजर गड़गड़ाकर चलता है तो उनके आका भी थर-थर कांपते हैं। कांग्रेस, राजद व इनके पार्टनर दंगाइयों को प्रश्रय, व्यापारियों का सरेआम अपहरण करने वालों और खानदानी माफिया को गले से लगाते हैं। सीएम योगी ने मतदाताओं को चेताया कि राजद, कांग्रेस वाले बहकाने आएंगे। जब यह 15 वर्ष सत्ता में थे तो नौजवानों को ठगते थे। नौकरी के बहाने उनकी जमीन हड़प डाली थी। अपहरण उद्योग बन चुका था। नया उद्योग नहीं लगता था। नीतीश कुमार के नेतृत्व में अपहरण उद्योग बंद हुआ। सीएम योगी ने अपील की कि जिन्होंने 2005 के पहले बिहार के जंगलराज, अराजकता, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार को देखा है, वे वर्तमान पीढ़ी को भी बताएं। सीएम योगी ने कहा कि भोजपुरी की मिठास दुनिया में हर जगह पहुंची है। भोजपुरिया लोगों ने बंजड़ दीपों को भी उपजाऊ बनाया। भोजपुरी संस्कृति जहां भी गई, उस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया। कलाकार भगवान की अनमोल धरोहर होते हैं। कला का सम्मान होना चाहिए। मैंने गोरखपुर से अपनी संसदीय सीट छोड़कर भोजपुरी कलाकार रवि किशन को दी।

**ढाका में घुसपैठियों के आका को भी ठिकाने लगाएंगे**

सीएम योगी ने तीसरी रैली में कहा कि कांग्रेस और आरजेडी ने बिहार की गौरवशाली परंपरा को कलंकित किया है। इन दलों ने बिहार को जातीय आधार पर बांटा, नौजवानों को पहचान के संकट में धकेला और विकास की गति को रोक दिया। ढाका में घुसपैठियों के आका को भी ठिकाने लगाएंगे। नौजवान बिहार को बांटने वालों के बहकावे में नहीं आएंगे।

**चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का**

सीएम योगी ने कहा कि जो लोग लालटेन की केरोसिन बेचकर बिहार को अंधेरे में झोंकते थे, फिर से वही आपका राशन हजम करने आए हैं। यह चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का है। बिहार को 1990 से 2005 के बीच जातीय संघर्ष, नरसंहार, अपहरण और डकैती के दौर में झोंकने वाले अब फिर नई पैकिंग में वोट मांगने निकले हैं। यह वही लोग हैं, जिन्होंने लालटेन की धुंधली लाइट में बिहार में जातीय संघर्ष करवाया था। यह लोग लालटेन की केरोसिन को बेच करके अंधेरा करते थे, फिर घरों में डकैती भी डालते थे। जो लोग पहले चारा खा गए, अब राशन खाने आए हैं। यह वही लोग हैं जिन्होंने नौजवानों को बेरोजगारी और अपराध के अंधेरे में धकेला। अब फिर जातीय नफरत और लूट का राज वापस लाना चाहते हैं, लेकिन बिहार की जनता अब विकास और विरासत के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जैसे उत्तर प्रदेश में माफिया की संपत्ति जब्त कर गरीबों के घर बनाए गए, वैसे ही बिहार में भी सुशासन से अपराध और नक्सलवाद को समाप्त किया जाएगा। गृह मंत्री अमित शाह ने संकल्प लिया है कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का नामोनिशान मिट जाएगा।

## एक महीने में दूसरी बार मिले अखिलेश: आजम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की। यूपी की राजनीति तब गर्मा गई तब अखिलेश ने आजम खां के साथ एक फोटो एक्स अकाउंट से शेयर की। फोटा के नीचे दो लाइन का कैप्शन लिखा- %न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर पर आए...ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है।% इस मुलाकात में आजम खां के बेटे अब्दुल्ला भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक, दोनों करीब 30 मिनट तक चर्चा हुई। बता दें कि कुछ दिन इससे पहले अखिलेश यादव आजम खां से मिलने उनके घर गए थे। जेल से बाहर निकलने के बाद अखिलेश और आजम खां की दूसरी मुलाकात की। आजम खां ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दामन फैलाएंगे तो आंसुओं से भर जाएगा दामन हमारा। मेरी बातें कोई फिल्मी डायलॉग नहीं हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां से कुछ दिन पहले मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने एक शेर के माध्यम से अपनी बात कही थी। उन्होंने लिखा था कि क्या कहें भला उस मुलाकात की दास्तान, जहां बस जज़्बातों ने खामोशी से बात की।

## एसटीएफ ने गो-तस्कर वाकिफ को एनकाउंटर में मार गिराया




- उम्र 27 साल, 48 मुकदमे, आजमगढ़ में डीएसपी शाही की टीम ने मारी गोली

**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**

आजमगढ़ में 50 हजार के इनामी गो-तस्कर वाकिब उर्फ वाकिफ को एनकाउंटर में मार गिराया गया। शुक्रवार तड़के लूट के सुराग जुटाने के लिए पुलिस टीम गश्त कर रही थी। तभी एसटीएफ को सूचना मिली कि वाकिफ और उसके तीन साथी थाना रौनापार क्षेत्र की ओर भाग रहे हैं। इस पर टीम ने उनकी घेराबंदी की। जैसे ही बदमाशों को घेरा, उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। एसटीएफ की जवाबी फायरिंग में वाकिफ को गोली लग गई। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस उसे सीएचसी हरैया लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, वाकिफ के 3 साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। एसटीएफ टीम का नेतृत्व डिप्टी एसपी डीके शाही कर रहे थे। शाही वही अफसर हैं, जिन्होंने सुल्तानपुर डकैती कांड में वांटेड मंगेश यादव का एनकाउंटर किया था। वाकिफ पर गो-तस्करी, चोरी, हत्या और लूट जैसे गंभीर अपराधों के 48 से अधिक मुकदमे आजमगढ़, गोरखपुर और जौनपुर सहित कई जिलों में दर्ज थे। वह अपने गिरोह के साथ मिलकर पशुओं की चोरी और गोवंश की अवैध तस्करी करता था।

**8 साल पहले पहला क्राइम किया, खुद का गैंग बनाया**

27 साल का वाकिफ आजमगढ़ के फूलपुर का रहने वाला था। उसके पिता कलाम उर्फ सलाम मजदूरी और फेरी का काम करते हैं। वाकिफ ने 2015 में अपराध की दुनिया में कदम रखा। आजमगढ़ के सरायमीर थाने में उस पर पशु चोरी का पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद वह लगातार अपराध करता चला गया और उसने अपना गैंग बना लिया। वह गैंग के साथ मिलकर दूध देने वाले पशुओं की चोरी और गोवंश की अवैध तस्करी करता था। गैंग में अरशद, राकेश उर्फ राका, जावेद, मेराज, सुरेंद्र यादव, शहजादे उर्फ छेदी, मोहम्मद आकिल, हसीम उर्फ शेरू और शकील उर्फ भीमा जैसे अपराधी शामिल थे।

**पकड़ा न जाए, इसलिए मोबाइल नहीं रखता था**

वाकिफ का नाम 2023 में गोरखपुर के एक गो-तस्करी कांड में सामने आया था। इसके बाद उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उस पर नेपाल बॉर्डर के रास्ते तस्करी का नेटवर्क चलाने का भी आरोप था। जांच में सामने आया है कि पकड़ने जाने के लिए डर से वाकिफ मोबाइल नहीं रखता था।

**कौन हैं डीके शाही**

यूपी पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, 1974 को जन्मे डीके शाही मूल रूप से देवरिया के रहने वाले हैं। साल 2019 में वह डिप्टी एसपी की रैंक पर प्रमोट हुए। डीके शाही की पत्नी ऋतु शाही बीजेपी की नेता हैं। मंगेश यादव एनकाउंटर से पहले ऋतु शाही को उत्तर प्रदेश महिला आयोग का सदस्य नियुक्त किया था।

## उत्तराखंड रजत जयंती: पुलिस लाइन में रैतिक परेड का आयोजन, राज्यपाल ने किया निरीक्षण, धामी ने की कई घोषणाएं

**जन एक्सप्रेस । देहरादून**

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजंत जयंती के अवसर पर देहरादून पुलिस लाइन में रैतिक परेड का आयोजन किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि वर्दी केवल अधिकार का प्रतीक नहीं, आस्था सेवा और उत्तरदायित्व का प्रतीक बने। हम संकल्प लें कि आने वाले वर्षों में अपने राज्य को आदर्श के शिखर पर पहुंचाएंगे। सीएम पुष्कर सिंह धामी राज्य आंदोलनकारियों को याद किया और कहा कि हमारे प्रदेश के उन सभी जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों पुलिस के जवानों कर्मचारी शिक्षकों और नागरिकों को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने पिछले 25 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा में अपने-अपने स्तर पर राज्य के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैं आज के इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले पुलिस वालों, एनसीसी कैडेट्स होमगार्ड स्काउट गाइड और सभी सांस्कृतिक दलों को भी साधुवाद देता हूं। जिन्होंने परेड के माध्यम से अपनी शानदार प्रस्तुति और अनुशासन का परिचय दिया है। राज्य निर्माण के इन 25 वर्षों की यात्रा में हमारे राज्य ने अनेक चुनौतियों का और समस्याओं का सामना करते हुए आज देश के सशक्त राज्य के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। हमें समय-समय पर कई प्राकृतिक आपदाओं और कठिन परिस्थितियों से भी जूझना पड़ा है। हमारे राज्य में चार धाम यात्रा कावड़ यात्रा कुंभ मेले जैसे भव्य आयोजनों के साथ ही राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों का भारी दबाव रहता है, यही नहीं हमारी विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों में राज्य की कानून व्यवस्था को बनाए रखना अपने आप में एक बड़ी चुनौती रही है लेकिन इन सभी कठिनाइयों के बीच उत्तराखंड पुलिस ने राज्य किया राज्य की आत्मा की प्रहरी और एक मुंह सड़क की भांति प्रत्येक मूर्ति पर डटे रहकर जन सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। वर्षों से ढकी सीमाओं से लेकर मैदानी क्षेत्र तक तीर्थ यात्राओं की भीड़ से लेकर आपदाओं की विकट परिस्थितियों तक उत्तराखंड पुलिस ने यह सिद्ध किया है कि सेवा परमो धर्म उनके आदर्श वाक्य मात्रा नहीं है बल्कि उनके जीवन का अटल संकल्प है साथियों यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारी पुलिस ने महिला अपराधों के निराकरण में राष्ट्रीय औसत से दोगुनी सफलता हासिल की है शादी गृह मंत्रालय द्वारा जारी महिला अपराध एवं पक्ष अधिनियम के मामलों के निस्तारण में उत्तराखंड देश में पांचवें स्थान पर रहा है। यही नहीं नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के सतत विकास के लक्षण को हासिल करने के इंडेक्स में हमारे प्रदेश को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है इसके साथ ही जहां हमारे चार गांव जल हरसिल गंजी और सूफी को देशभर में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार मिला है।



**युवा तकनीक की भाषा समझे: राज्यपाल**

उत्तराखंड पुलिस ने आधुनिक पुलिस बल के रूप में विशेष पहचान स्थापित की है। साइबर अपराधों से निपटने के लिए साइबर कमांडो तैयार किए हैं, जिससे दक्षता और बल बढ़ा है। सामुदायिक पुलिसिंग कर विशेष बल देकर जनता से सहयोग का सेतु तैयार किया है। 25 वर्षों का काल खंड , राज्य चार धाम से बढ़कर वैश्विक वैलनेस डेस्टिनेशन वेडिंग डेस्टिनेशन योग आयुर्वेद कई दिशाओं में आगे बढ़ रहा है। जल जंगल और पहाड़ के संरक्षण में मातृ शक्ति का उल्लेखनीय योगदान रहा है। राज्य के विकास की धूरी हैं, स्वयं सहायता समूह से लेकर खेल रक्षा विज्ञान खेल आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। आज एआई के युग में हमारा लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में उत्तराखंड का युवा तकनीक की भाषा समझें। इसी दिशा से विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगा। स्वदेशी के मंत्र के देश की प्रगति होगी, हमें वह सामान लेना चाहिए जो स्वदेशी हो, इस साल पीएम मोदी का सान्निध्य प्राप्त होना गर्व है। हम सब मिलकर संकल्प लें कि आने वाले वर्षों में उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे।

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रमुख घोषणाएं**

- साइबर अपराधों पर अंकुश के लिए साइबर कोऑर्डिनेशन केंद्र की स्थापना की जाएगी।
- ड्रग्स फ्री देवभूमि हेतु एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का और विस्तार किया जाएगा।
- राजकीय विद्यालयों में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत भोजन माता के लिए कल्याण कोष की स्थापना की जाएगी।
- राज्य में जंगली जानवरों एवं आवारा पशुओं से कृषि एवं उद्यान की फसलों की सुरक्षा के लिए फार्म फेंसिंग पॉलिसी लाई जाएगी।
- प्रदेश के पारंपरिक धौरे नाले आदि प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण पुनर्जीवन के लिए विशेष संवर्धन योजना प्रारंभ की जाएगी।
- उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं में कौशल विकास के लिए ऑनलाइन स्किल कोर्सेज उपलब्ध कराए जाएंगे और सिविल सर्विसेज बैंकिंग मैनेजमेंट नीट आदि परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन कोचिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।
- मानसखंड मंदिर माला मिशन की तर्ज पर ही केदार खंड मंदिर माला मिशन का विकास किया जाएगा।
- आदर्श चंपावत की भांति आदर्श रुद्रप्रयाग जनपद का विकास भी उसी तर्ज पर आगे बढ़ाया जाएगा।
- पूर्णागिरि कुमाऊंनी के शारदा कॉरिडोर एवं आदि कैलाश तथा गढ़वाल के अंजनी सेन एवं बेला केदार क्षेत्र को स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन के रूप में विकसित किया जाएगा
- प्रत्येक जिला अस्पताल में डायबिटीज के लिए विशेष क्लीनिक खोले जाएंगे और 15 वर्ष तक के बच्चों की डायबिटीज स्क्रीनिंग मुफ्त की जाएगी।

# नए मतदेय स्थलों को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुआ विचार-विमर्श

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एवं मतदेय स्थल सम्भाजन व समायोजन के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट एवं 237 मानिकपुर के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित जारी दिशा निर्देश के क्रम में मतदाताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करने एवं सुगमता बढ़ाने के लिए निर्वाचक व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन करने के बाद 1200 से अधिक मतदेय स्थलों का समायोजन एवं संभाजन का निर्धारण किया गया है। जिसका आलेख्य प्रकाशन आयोग के निर्देशानुसार 10 नवंबर 2025 को किया जाना है, जो सभी पार्टी प्रतिनिधियों को प्राप्त कराया गया है। बताया कि आलेख्य मतदेय स्थल सूची पर प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के बाद 18 नवंबर 2025 को बैठक कर अंतिम रूप दिया जाएगा। बताया कि मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नये मतदेय स्थल स्थापित करने के लिए भवनों का चिन्हांकन बीती 29 अक्टूबर से चार नवंबर तक किया जा चुका है। इसी क्रम में छह व सात नवंबर को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार कराए जा रहे है। इसके बाद आपत्तियों एवं सुझावों के लिए मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन 10 नवंबर 2025 को किया जाएगा। साथ ही मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को 10 नवंबर तक उपलब्ध कराई जाएगी। जनप्रतिनिधियों व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के बाद शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को 18 नवंबर को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद सभी संलग्नको सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजने के लिए उपलब्ध कराने की तिथि 19 से 21 नवंबर तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा संभाजन संबंधी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ प्रेषित किए जाने की तिथि 24 नवंबर निर्धारित है।

# धूमधाम से मनाया खाटू श्याम का जन्मोत्सव

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



दिनांक 06 नवम्बर को ÷एक शाम खाटू वाले के नाम÷ भजन संध्या का आयोजन रखा था।भजन संध्या कार्यक्रम किरन कालेज एक लाज मे आयोजित हुआ।जिसमें श्याम प्रेमियों द्वारा खाटू श्याम का आकर्षक दरबार सजाया गया।कार्यक्रम में कानपुर कोटा के गायक कलाकारों से भजनों से खाटू श्याम को रिझाया। भजन संध्या में शहर वासियों ने भजनों पर आनंदित होकर भजनों पर थिरके। खाटू श्याम दरबार में ज्योत जलाई गई। खाटूश्याम सेवा मडल सदस्यों ने जन्मोत्सव के अंतिम क्षण रात 11÷59 पर खाटू श्याम दरबार में केक काट, आतिशबाजी कर जन्मोत्सव को मनाया। जिसमें समिति द्वारा कार्यक्रम में आकर्षक लाइटिंग डेकोरेशन किया गया।÷एक शाम खाटू वाले के नाम÷ भजन संध्या का आयोजन रखा था

खाटूश्याम सेवा मडल दारा के तत्वावधान में मंदिर स्थल पर शाम को भव्य भजन संध्या रखी गई। भजन कार्यक्रम रात 8 बजे श्याम दरबार में ज्योत जलाकर शुरू किया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने ज्योत की आहुति घी, नारियल की आहुति देकर सुंदर दरबार में विराजित खाटू श्याम बाबा के दर्शन करना शुरू किया।

कार्यक्रम में रामगंजमंडी से खाटू श्याम भजनों के प्रसिद्ध गायक अर्पणा मिश्रा ने गणेश वंदना से भजनों की प्रस्तुति दी। जिसके देखते ही देखते कार्यक्रम में शहर उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में हजारो श्रद्धालुओं से भाग लिया। जो अंत तक कार्यक्रम में बने रहे। वहीं गायक राजू मालवीय, किरण गुप्ता अनँत मिश्रा राजू कुलकर्णी, दिव्याँश से खुद के लिखे भजनों की प्रस्तुति से समा बांधा। जिस पर उत्साहित होकर युवक युवतियां थिरकने लगे। भजन संध्या में धर्ममय माहौल बन गया। जिनको कार्यक्रम में मौजूदा श्रद्धालुओं से खूब सराहा। जिस पर श्रद्धालु खूब थिरके।

भक्ति और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस आयोजन में आचार्य पूज्य व्यास नवलेश दीक्षित महाराज ,जगदीश, भोले महाराज, सदर विधायक प्रकाश दिवेदी,पप्पू शिवहरे, अंकित बासु, वीरेंद्र गुप्ता, प्रेम गुप्ता,प्रियांशु पांडे, अजय शर्मा, अमित सेठ भोलू, पुष्कर द्विवेदी, सोनू सिंह, राकेश गुप्ता, सुधीर तिवारी, केके गुप्ता,राजू त्रिपाठी,अमित गुप्ता,मोंटू गुप्ता,जीतू गुप्ता,नवीन प्रकाश गुप्ता, दीपक गुप्ता,विमला यादव,रूबी गुप्ता,सगीता शिवहरे, अंकित बासु,प्रभा गुप्ता,आशु सेन,सुमन यादव, प्रियंका,उर्मिला,सुमन साहु, राधा, मोहनी, सुनीता,शैल, अर्पिता, पुनीत गोस्वामी, अभय सिंह,धर्मेंद्र कुमार, सुमित कुशवाहा, हरिशंकर चौरसिया, मनोज जैन,अमित सेठ ,सोहन कुशवाहा, संतोष यादव मनोज, पिंटू, राहुल, शिवम्, अजय सचिन, सुनील सक्सेना, सँजय ककोनिया आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया सड़क सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को ब्लैक स्पॉट-120 काली पहाड़ी मानिकपुर पर सड़क सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण किया। यहां डीएम ने कार्य का जायजा लेकर कार्यदाई संस्था के अधिकारियों को समय से कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों द्वारा जानकारी दिए जाने पर सरैया-बोड़ी पोखरी तथा ऐंचवारा-भौरी मार्ग में भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए हाइट गेज बैरियर लगवाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था निर्माण खण्ड एक लोनिवि चित्रकूट के अवर अभियन्ता मौके पर उपस्थित पाए गए, जिन्होंने डीएम को बताया कि आई.आई.टी. बी.एच.यू. द्वारा 2019 के चिन्हित ब्लैक स्पॉट की रोड़ रोपी ऑडिट के अनुसार सेफ साइट डिस्टेंस का कार्य कराया जाना है। यह कार्य सड़क सुरक्षा योजनान्तर्गत कराया जाना है, जिसकी कुल लागत 96.11 लाख रुपये है, जो स्वीकृत है। बताया कि मार्ग का चैड़ीकरण पहाड़ी को काटकर किया जा रहा है, जिसकी वर्तमान चैड़ाई को सात मीटर को बढ़ाकर 14 मीटर किया जाना है। साथ ही मार्ग में घाटी की तरफ रिटेनिंग वाल का भी निर्माण कराया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि यह कार्य मानक के अनुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण करायें। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने डीएम को अवगत कराया कि सतना रीवां (मध्य प्रदेश) से मानिकपुर होकर अत्यधिक संख्या में भारी वाहनों का सरैया-बोडी पोखरी व ऐंचवार-भौरी मार्ग से आवागमन होता है, जिस पर रोक लगाना आवश्यक है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस पर डीएम ने अधिशाषी अभियन्ता लोनिवि निर्माण खण्ड एक को निर्देश दिए कि सरैया-बोड़ी पोखरी तथा ऐंचवारा-भौरी मार्ग के दोनों तरफ सड़क पर हाइट गेज बैरियर लगवाए ताकि भारी वाहनों का इन मार्गों से आवागमन न होने पाये। इस मौके पर मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आपसी मतभेद को भूल खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा परिवारिक विवादों के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र जनपद पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े/मतभेद को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को बिखरने से बचाया। थाना पैलानी क्षेत्र की संगीता पत्नी सुरेश द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना दिया कि उसके पति उसे पैसे नहीं देते व अपने साथ नहीं रखते है जिस पर परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम व समाजसेवियों द्वारा पति-पत्नी व उनके परिवारों को बुलाकर व्यक्तिगत व संयुक्त रुप से सुना गया एवं निष्पक्षता से मध्यस्थता की भूमिका निभाई तथा पारिवारिक, भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच किए पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र या नजदीकी थाने पर सम्पर्क करने हेतु सलाह दी गयी।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावलियों के परिशोधन के लिए बीते चार नवंबर से चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान (एस.आई.आर.) के तहत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम के साथ मानिकपुर ग्राम पचायत सरैंया के भाग संख्या-306, 307 एवं मुस्लिम पुरवा भाग संख्या-310 अन्तर्गत के बीएलओ राजमणि सिंह, भानु प्रताप एवं मुस्ताक अहमद द्वारा डोर-टू-डोर वितरित किये जा रहे गणना प्रपत्र वितरण कार्यक्रम का स्थलीय सत्यापन किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से गणना प्रपत्र वितरण के लिए प्राप्त किये गये प्रशिक्षण के सम्बन्ध जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीएलओ ने बताया कि सरैया के भाग संख्या 306 में कुल 669 मतदाता है, जिनमें से 101 गणना फार्म वितरित किये गये है तथा 568 गणना प्रपत्र वितरित किये जाने है। इसी प्रकार भाग संख्या-307 में कुल 643 मतदाता है, जिनमे से 86 गणना फार्म वितरित किये जा चके है तथा तथा 557 शेष है। इसके अलावा मुस्लिम पुरवा भाग संख्या 310 में कुल 676 मतदाता है, जिनमें 143 मतदाताओं को फार्म वितरित किये जा चके है तथा 533 गणना प्रपत्र शेष है। इस पर डीएम ने निर्देश दिये गये कि शेष बचे गणना प्रपत्रों जल्द ही बांट दिया जाए ताकि मतदाता समय से गणना प्रपत्र भरकर उपलब्ध करा सकें। उन्होंने उपस्थित्त ग्रामवासियो को प्रपत्र भरे जाने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि गणना प्रपत्र दो प्रतियों में रहेगा, जिसकी एक प्रति मतदाता के पास रहेगी, जिसमें सम्पूर्ण विवरण भरा जायेगा तथा एक प्रति सबन्धित बीएलओ को वापस की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि वर्तमान में कुल 7,38,948 मतदाता है तथा कुल 852 बीएलओ तैनात है, जिन्हें गणना प्रपत्र दिए जा चुके है।

# अवैध रायफल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मारकुण्डी के उपनिरीक्षक रामबाबू, अरविन्द कुमार सिंह व आरक्षी अमित तिवारी द्वारा आरोपी शिव प्रसाद उर्फ सेठ कोल निवासी डाड़ीकोलान थाना मारकुंडी को अवैध देशी रायफल व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना मारकुंडी में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# विद्या भारती की टीम ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज का शुक्रवार को विद्या भारती की टीम ने प्रान्तीय योजनानुसार वार्षिक निरीक्षण किया गया। साथ ही वंदे मातरम् की 150वीं जयंती पर वंदे मातरम् का सामूहिक वाचन किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रातःकालीन शारीरिक बेला में सभी विद्यार्थियों द्वारा किए गए शारीरिक प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। इसके बाद आध्यात्मिक बेला में दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ सरस्वती वंदना की गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय ने विद्या भारती के टीम के सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय में वन्दे मातरम् की 150वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष कमलाकान्त उपाध्याय ने वन्दे मातरम् गीत के रचनाकार बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय की प्रसिद्ध कृति आनन्दमठ के बारे में जानकारी दी। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय सहित सभी विद्यार्थियों व शिक्षकगणों ने वन्दे मातरम् का सामूहिक वाचन किया। इस मौके पर कानपुर के सम्भाग निरीक्षक अजय दुबे, सरस्वती विद्या मंदिर कुरारा के प्रधानाचार्य गिरीश शुक्ला, रसायन विज्ञान प्रवक्ता शुभम द्विवेदी, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रीतम, कार्यालय प्रमुख आदित्य, मीडिया प्रमुख विश्वास पाण्डेय, सर्वव्यवस्था प्रमुख शिवनायक, शिक्षण प्रमुख प्रमोद कुमार पाण्डेय, कार्यालय प्रमुख गोरेलाल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चलाया विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी अभियान

## रेलवे स्टेशन पर संयुक्त चेकिंग एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर चलाया जागरुकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में दिनांक 07नवम्बर को थाना.॥ज्ञ, स्छ्क्क श्रम विभाग, साथी यूपी संस्था , थाना जी.आर.पी. एवं आर. पी.एफ की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन जनपद पर विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया । यात्रियों को पंपलेट वितरित कर उन्हें मानव तस्करी के विरुद्ध पुलिस के सहयोग तथा ग्रामीण परंपरा विकास संस्थान द्वारा संचालित बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई । अभियान के दौरान प्लेटफार्म नंबर 01 पर 02 नाबालिक बच्चे लावारिस मिले। पूछताछ के दौरान बच्चों द्वारा बताया गया की मां सामान खरीदने गयी हैं संयुक्त टीम द्वारा बच्चों को सुरक्षित अपने पास रखा एवं बच्चों की मां का इंतजार किया बच्चों की मां के आने के बाद बच्चों को उनकी माता को सुपुर्द किया गया तथा हिदायत दी गई कि भविष्य में बच्चों को अकेला नहीं छोड़े। इसके बाद रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को बच्चा चोरी, मानव तस्करी एवं ज़हरखुरानी जैसे अपराधों के संबंध में सतर्क किया गया एवं बच्चों को अपने परिजनों के साथ रहने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान श्रम अधिकारी दुष्यंत कुमार,मुस्तकीम थाना.॥ज्ञ से प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, उ0नि0 अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, महिला आरक्षी सरला मौर्य, थाना त्र्क्क्न से प्रभारी निरीक्षक सुरुचि द्विवेदी, उ0नि0 अतुल कुमार, सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार, उ0नि0 विक्टर लाकरा, कांस्टेबल मोहम्मद वसी , त्नत्र्क्क बृजेंद्र यादव, चाइल्ड हेल्पलाइन जनपद से रचना देवी, ग्रामीण विकास परंपरा संस्थान से विनोद कुमार, शिवम यादव, साथी यू.पी. संस्था से प्रमोद तिवारी एवं ग्रामीण स्वावलम्बन समिति जनपद से ममता देवी एवं टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में चला जागरूकता अभियान




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में दिनांक 07नवम्बर को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत बाजारों, ग्राम सचिवालयों, कस्बों आदि में लोगों को एकत्रित कर/चौपाल लगाकर उन्हे टेम्पलेट वितरित कर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, कानूनों, साइबर अपराधों सहित विभिन्न सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी देकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान में हो रहे साइबर अपराधों के तरीकों व उनसे बचने के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन शक्ति 5.0 जागरुकता अभियान के क्रम में थाना फतेहगंज की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फतेहगंज में, थाना चिल्ला की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम चिल्ला में, थाना गिरवां की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम गिरवां में व थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम फतपुरवा में अभियान के तहत वृहद रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं व लोगों को जागरुक किया गया।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया सामूहिक वाचन

**चित्रकूट।** राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग सहित जनप्रतिनिधियों व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वाचन किया तथा स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा। जिसमें मुख्यमंत्री ने जनमानस को राष्ट्र प्रेम, आत्म निर्भरता एवं स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया। वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूरे पर कलेक्टरेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का वाचन किया। साथ ही स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में आयोजित हुए गरिमामय कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा राष्ट्रीय गौरव व देशभक्ति की भावना से राष्ट्रीय गीत ÷वंदे मातरम÷ के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास के साथ गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 07नवम्बर को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के उपस्थित में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों व रिक्रूट आरक्षियों द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से कार्यक्रम को देखा गया तथा एक स्वर में ÷वंदे मातरम÷ का गायन कर राष्ट्रप्रेम, एकता और समर्पण का संदेश दिया साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान याद करते हुए उनके सर्मपण, राष्ट्रीय प्रेम की भावना व बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद करता रहेगा। मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत युगों-युगों तक हम सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा।

# पुलिस ने महिला के कत्ल के दो फरार बदमाशों को मुठभेड़ के दौरान जख्मी होने के बाद दबोचा...

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



मौदहा के रीवन गाँव में पिछले दिनों मिले अधजले अज्ञात महिला के शव की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से जख्मी होने के बाद दबोच कर स्वास्थ्य केन्द्र में एडमिट करा दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि महिला की शिनाख्त के बाद चौकीदार सुखनन्दन की तहरीर पर मु0अ0सं0 385द्2025 धारा 103;1द्ध238 बी0एन0एस0 के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले में फरार अभियुक्तों की तलाश के लिये पुलिस कोशिश में लगी थीए इसी दौरान मुखबिर ने बताया कि ग्राम रीवन के खेतों में महिला का कत्ल कर शव को फेंकने वाले दोनों बदमाश नेशनल चौराहे से इंगोहटा वाले रोड पर मोटरसाइकिल से जा रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते टीम ने बताए हुई जगह पर पहुंचकर घेराबंदी कीए तो पुलिस टीम से घिरा देख बदमाशों ने जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम ने अपने बचाव में की गई जवाबी कार्यवाही में दोनों बदमाश रामसुफ्ल प्रजापति पुत्र पचूवा ;उम्र करीब 28 वर्षद्ध निवासी वरहेड़ा थाना अतर्रा जनपद बांदा के दाहिने पैर में गोली लगी एजबकि सोनू यादव पुत्र जगदेव ;उम्र करीब 25 वर्षद्ध निवासी गुरुदहा थाना मौदहा के बायें पैर में गोली लगी। बदमाशों को मौके पर ही दबोच लिया गया। बदमाशों के कब्जे से दो अदद अवैध तमंचा 315 बोर सहित दो खोखा कारतूस और तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित 760 रूपये बरामद किये गये। जबकि जख्मी बदमाशों को इलाज के लिये सीएचसी मौदहा में एडमिट कराया गया। पूंछता के दौरान बदमाश रामसुफ्ल ने बताया कि वो शादीशुदा है ए मृतिका गायत्री उसके दोस्त सोनू यादव के पास भी रहती थीए जिससे वह गायत्री से पीछा छुड़ाना चाहता थाए अपने दोस्त सोनू यादव से मिलकर बहाने से गायत्री को मोटरसाईकिल पर बैठाकर ले जा रहे थेए रीवन गांव के पास रात्रि मे हम दोनो ने उसका गला दुपट्टे से कसकर कत्ल कर दिया थाए जबकि उसकी पहचान छिपाने के लिए उसके पर्स और दूसरी चीजों को चेहर पर रखकर जला दिया था और मौके से भाग गये थे।



**'पाक सालों से एटमी हथियारों की तस्करी कर...**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान सालों से सीक्रेट तरीके से न्यूक्लियर एक्टिविटी करता रहा है। इसमें तस्करी, नियम तोड़ना, सीक्रेट साझेदारी और एक्यू खान नेटवर्क शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा दुनिया... पढ़ें पेज 12 पर...

# संजय रावत-भानू की जोड़ी ने उड़ाए नियमों के परखच्चे!

- मृतक आश्रित टंकण परीक्षा में करोड़ों का खेल, विभाग में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




स्वास्थ्य विभाग में दया नियुक्ति के नाम पर भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा हुआ है। मृतक कर्मचारियों के आश्रितों की टंकण परीक्षा में प्रशासनिक अधिकारी संजय रावत और वरिष्ठ सहायक भानू की जोड़ी पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी के आरोप लगे हैं। नियमानुसार जिन्हें एक वर्ष के भीतर परीक्षा पास करनी थी, उनके लिए न तो समय से परीक्षा कराई गई और न ही असफल अभ्यर्थियों पर कोई कार्रवाई हुई। उलटे कई जिलों में फेल कर्मचारियों को वेतनवृद्धि तक दे दी गई।

### फेल भी पास, इंक्रीमेंट भी जारी

निदेशक प्रशासन के आदेशों की खुली अनदेखी वर्ष 2024 में हुई परीक्षा में कई अभ्यर्थी टंकण में अनुत्तीर्ण रहे, लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उन्हें सेवा में बनाए रखा गया। वर्ष 2025 में परीक्षा आयोजित ही नहीं हुई, जिससे विभागीय पारदर्शिता पर सवाल उठे हैं। जबकि निदेशक प्रशासन के आदेश थे कि असफल कर्मियों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोकी जाए और उन्हें पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाए। सूत्रों के अनुसार, रावत-भानू की जोड़ी की मिलीभगत से यह पूरी प्रक्रिया कागजों में पास दिखाकर निपटा दी गई।

### प्रमाणपत्रों के नाम पर हुआ मोटा खेल

विभागीय सूत्रों का कहना है कि परीक्षा और प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया के नाम पर भारी वसूली की गई। आरोप है कि रावत-भानू सिंडिकेट ने कई अभ्यर्थियों से लाखों रुपये लेकर फर्जी ट्रिपल सी प्रमाणपत्र तैयार कराए। जिन कर्मचारियों की टंकण गति मानक से कम थी, उन्हें ÷पास दिखाने का सौदा÷ किया गया। विभागीय फाइलों में ऐसे कई नाम सामने आए हैं जिनकी परीक्षा में अनुपस्थिति दर्ज है, लेकिन रिजल्ट में पास बताया गया है।

### निदेशक प्रशासन मांगे सभी प्रमाणपत्र

निदेशक प्रशासन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अलका वर्मा, आईएएस ने सभी जिलों से मृतक आश्रित कनिष्ठ सहायकों के कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणपत्र (ट्रिपल सी) और हिंदी टंकण गति प्रमाणपत्र तत्काल उपलब्ध कराने के आदेश दिए थे। 29 अक्टूबर 2024 को जारी पत्र में कहा गया था कि जिन अभ्यर्थियों ने एक वर्ष के भीतर यह योग्यता प्राप्त नहीं की, उनकी वेतनवृद्धि रोकी जाएगी और उन्हें चतुर्थ श्रेणी पद पर पदावनत किया जा सकता है। आदेश के बाद जिलों में ब्योरा जुटाने की हड़कंप मच गई थी।

### 'दया' के नाम पर 'कमाई' का अड्डा बना विभाग

दया नियुक्ति का उद्देश्य था जरूरतमंद परिवारों को सहारा देना, लेकिन कुछ अफसरों ने इसे कमाई का जरिया बना लिया है। संजय रावत-भानू गठजोड़ ने नियमों को ताक पर रखकर विभागीय व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। निदेशालय का साफ कहना है नौकरी सहानुभूति से मिली है, पर टिके रहना योग्यता से होगा।

**जन एक्सप्रेस की राय:** शासन को चाहिए कि इस रावत-भानू सिंडिकेट की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराए। क्योंकि ꔀदया नियुक्तिꔀ जैसी संवेदनशील नीति पर भ्रष्टाचार का दाग लगना, शासन की मंशा और जनता के भरोसे दोनों पर गहरी चोट है।

# ईंट निर्माण से देश निर्माण राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है: खरे

- 'बुनियाद' की कार्यशाला में ईंट भट्ठा उद्योग के श्रमिकों के कौशल प्रशिक्षण पर दिया गया जोर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ में ईंट भट्ठा उद्योग एसोसिएशन से जुड़े क्षेत्र में कार्यरत संस्था 'बुनियाद' द्वारा क्लाइमेट चेंज एजेंडा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि ÷बुनियाद÷ संस्था की यह पहल सराहनीय है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम है, बल्कि श्रमिकों के जीवनस्तर को सुदृढ़ करने का भी माध्यम है।उन्होंने कहा कि 'ईंट निर्माण से देश निर्माण' केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का सशक्त संदेश है। विकसित भारत के निर्माण में ईंट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश में लगभग दो करोड़ श्रमिक ईंट भट्ठों में कार्यरत हैं, जिनमें से लगभग 30 लाख श्रमिक उत्तर प्रदेश से हैं। इन श्रमिकों का कौशल प्रशिक्षण समय की मांग है, जिससे वे आधुनिक तकनीक से जुड़कर पर्यावरण के अनुकूल उत्पादन प्रक्रिया में भागीदार बन सकें।मिशन निदेशक ने कहा कि कौशल विकास मिशन ऐसे सभी क्षेत्रों के श्रमिकों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ईंट उद्योग से जुड़े संगठनों से अपील की कि वे भी श्रमिकों के कौशल उन्नयन और हरित तकनीकों को अपनाने में आगे आएं।कार्यशाला में क्लाइमेट चेंज, स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग, पर्यावरणीय जिम्मेदारी, और सतत विकास पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

# हादसे से ज्यादा गरमाया मुआवजे का मुद्दा

## सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद शव रखकर प्रदर्शन, परिजनों ने पुलिस पर बनाया गिरफ्तारी का दबाव




**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**बंथरा।** सैदपुर पुरही गांव में सोमवार की रात हुए सड़क हादसे के बाद बुधवार को परिजनों ने शव रखकर जमकर हंगामा किया। मृतक विशाल रावत के परिजनों ने अंतिम संस्कार से इंकार करते हुए चार लाख रुपये नकद और एक बीघा जमीन मुआवजे की मांग पर अड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने के बावजूद परिजन झुकने को तैयार नहीं थे। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और माहौल तनावपूर्ण बन गया।

**अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर दी समझाइश, शाम तक चला ड्रामा**

हालात बिगड़ते देख एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा, सरोजनीनगर के नायब तहसीलदार व लेखपाल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को सरकार की किसान दुर्घटना बीमा योजना के तहत सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद परिजन शांत हुए। देर शाम पुलिस की मौजूदगी में मृतक का अंतिम संस्कार कराया गया। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा ताकि कोई अप्रिय स्थिति न बने।

**तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से गई थी जान, पत्नी समेत तीन घायल**

घटना सोमवार रात करीब आठ बजे की बताई जा रही है। 21 वर्षीय विशाल रावत अपनी पत्नी गुड़िया, नवजात बेटे और चचेरी बहन नैना के साथ दरियापुर मेला देखने जा रहा था। नारायणपुर-सैदपुर पुरही मार्ग पर सामने से आई तेज रफ्तार अज्ञात गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। विशाल की मौके पर मौत हो गई जबकि पत्नी व परिजन घायल हो गए। हादसे के बाद से ही परिवार शोक में था, मगर बुधवार को मुआवजे की मांग ने माहौल को गर्मा दिया।

### ग्रामीण बोले, 'बेकसूर को बनाया गया बलि का बकरा'

हादसे के बाद मृतक की पत्नी ने गांव के ही युवक मानू के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज कराया है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि मानू निर्दोष है और उसे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। पुलिस ने उसकी कार जब्त की है, लेकिन उसमें एक भी खरोंच नहीं मिली है। मानू का कहना है कि वह नौकरी करता है और घटना के दिन उसकी गाड़ी घर से बाहर नहीं निकली थी। ग्रामीणों का आरोप है कि परिजन मानू पर झूठा इल्जाम लगाकर मुआवजे के लिए दबाव बना रहे हैं।

### पुलिस बोली, 'दबाव बनाकर वसूली की कोशिश'

हरौनी चौकी इंचार्ज अर्जुन राजपूत नें जन एक्सप्रेस को फोन वार्ता में बताया कि मृतक के परिजन अब शव रखकर मानू की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग कर रहे थे। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि जिस कार से हादसा होने का आरोप है, उस पर एक भी स्क्रैच तक नहीं है। इसके बावजूद परिजन लगातार पुलिस पर दबाव बनाते रहे। अधिकारियों का कहना है कि मृतक के परिजन मानू से एक बीघा जमीन और चार लाख रुपये वसूलने की साजिश रच रहे थे। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वास्तविक आरोपी की तलाश जारी है।

### सीसीटीवी से खुलेगा सच, प्रशासन सतर्क

पुलिस टीम अब गांव के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। अधिकारियों का कहना है कि फुटेज से यह स्पष्ट हो जाएगा कि हादसे में कौन-सा वाहन शामिल था। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए ताकि मृतक परिवार को न्याय भी मिले और किसी निर्दोष व्यक्ति का भविष्य न बर्बाद हो। गांव में फिलहाल मातम और तनाव का माहौल है।

# गुलाबखेड़ा में अवैध ईंट भट्ठा संचालित

## प्रदूषण बोर्ड की चुप्पी पर ग्रामीणों का गुस्सा

- पर्यावरणीय नियमों की धज्जियां उड़ीं, कोर्ट केस के बावजूद धुआं उगल रही 'नारायण ब्रिक फील्ड'
- सरोजनीनगर प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर मिलीभगत के आरोप, कागज़ पर अनुपालन, ज़मीन पर जहर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**





सरोजनीनगर क्षेत्र के ग्राम गुलाबखेड़ा मजरा कुरौनी में एक अवैध ईंट भट्ठा खुलेआम पर्यावरणीय नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन भट्ठा लगातार संचालित है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चुप्पी और प्रशासन की ढिलाई ने इस अवैध कारोबार को संरक्षण दे रखा है।

### बोर्ड को गुमराह कर चला अवैध खेल

ग्राम गुलाबखेड़ा में मेसर्स नारायण ब्रिक फील्ड के नाम से संचालित भट्ठा की अनुमति वर्ष 2023 में समाप्त हो चुकी थी, बावजूद इसके पुरानी एनओसी का दुरुपयोग कर नई चिमनी गाटा सं. 1491 पर खड़ी कर दी गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बोर्ड को पुरानी फाइलों के आधार पर गुमराह किया गया और भट्ठे को गैरकानूनी तरीके से चालू रखा गया।

### पुरानी मंजूरी के नाम पर नई चिमनी, नया भट्ठा

स्कूल और आबादी के बीच जहरीला धुआं, फसलों पर राख की परत तहसील प्रशासन की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि भट्ठा प्राथमिक विद्यालय गुलाबखेड़ा से महज़ 100 मीटर और मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन से 200 मीटर दूरी पर है। नियमावली 2012 के मुताबिक यह दूरी 300 मीटर से कम नहीं हो सकती। गांव के लोगों ने बताया कि धुएं और राख से सांस की दिक्कतें बढ़ गई हैं, पेड़ सूख रहे हैं और खेतों पर राख की मोटी परत जम रही है। दिन में सूरज, रात में चिमनी दोनों से जलन ही जलन है, एक बुजुर्ग ग्रामीण ने कहा।

### वन भूमि और ग्रामसभा की ज़मीन के पास संचालन, रिपोर्टों में छिपाया गया सच

भट्ठा वन विभाग की भूमि गाटा सं. 1486 व बजंर भूमि 1487 के बिल्कुल पास संचालित है। रिपोर्ट में इसे '200 मीटर दूर' बताया गया, लेकिन ग्रामीणों ने दावा किया कि वास्तविक दूरी 100 मीटर से भी कम है। यही नहीं, भट्ठा ग्रामसभा की विवादित भूमि (खसरा सं. 312) के पास भी चल रहा है, जिस पर पूर्व में राजस्व विभाग ने कब्जा हटाने का आदेश जारी किया था। जहां सरकारी ज़मीन और कानून दोनों जल रहे हों, वहां सिर्फ धुआं नहीं — सच्चाई भी उड़ जाती है, स्थानीय टिप्पणी।

### कागज़ों में सब 'ठीक', ज़मीन पर नियमों की धज्जियां

27 जून 2023 को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल कर भट्ठे को नियमों के अनुरूप बताया, लेकिन गांव की तस्वीर कुछ और कहती है। 08 अक्टूबर 2020 को जारी सहमति आदेश में भट्ठे को वायु प्रदूषण अधिनियम के तहत अनुपालक बताया गया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधिकारी कागज़ों में सब 'ठीक' दिखाकर भट्ठे को संरक्षण दे रहे हैं। बोर्ड की फाइल में पर्यावरण है, गांव में सिर्फ धुआं, ग्रामीण

### प्रशासनिक लापरवाही चरम पर, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी लखनऊ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि अवैध भट्ठा तुरंत बंद नहीं कराया गया, तो गांववाले सड़क पर उतरेंगे।

**कोर्ट, कलेक्टर और बोर्ड, तीनों को शिकायत दी, अब चौथा रास्ता आंदोलन ही बचा है- ग्रामीणों की चेतावनी।**

**निष्कर्ष:** गुलाबखेड़ा की नारायण ब्रिक फील्ड अब प्रशासनिक लापरवाही का चेहरा बन चुकी है। नियमों का उल्लंघन, पर्यावरण की बर्बादी और जनता की अनदेखी — सबकुछ आंखों के सामने है, मगर कार्रवाई गायब है। सवाल वही, जो गांव के हर कोने में गूंज रहा है जब सबूत साफ़ हैं, तो कार्रवाई कौन रोक रहा है?

# वंदे मातरम् राष्ट्र की नवचेतना का गान: धर्मपाल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आज लखनऊ में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के साथ प्रदेश भाजपा मुख्यालय में बड़ी संख्या में जनसमूह ने जन-जन के मन को राष्ट्र प्रेम से अभिसिंचित करने वाले महामंत्र वंदे मातरम् का सामूहिक गायन करते हुए माँ भारती को नमन किया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्र की नवचेतना का गान है और माँ भारती के लिए सर्वस्व समर्पण का प्रेरक महामंत्र है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी ने वंदे मातरम् की 150 वर्ष की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरक यात्रा को साझा किया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम् 150 वर्ष से राष्ट्रभक्ति का प्रेरणापुंज बनकर माँ भारती की आराधना के लिए भारतीयों को प्रेरित कर रहा है। वंदे मातरम् ब्रिटिश शासन के विरूद्ध प्रतिरोध की पहचान बना और देश के युवा, किसान, मजदूर, कामगार, महिलाओं, छात्रों, उद्यमियों और व्यापारियों को स्वतंत्रता के लिए प्रेरित करने का काम किया। वंदे मातरम् गाकर क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे चूम लिए। वंदे मातरम् स्वतंत्रता का उद्घोष बना और अंग्रेजी सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया। वंदे मातरम् भारत माता के प्रति समर्पण, श्रद्धा तथा प्रेम का प्रतीक है। 150 वर्ष की यात्रा में कई बार वंदे मातरम् का विरोध भी हुआ। कांग्रेस के अधिवेशन में वंदे मातरम् गान को यह कहते हुए रोका गया कि इस्लाम में संगीत वर्जित है। मुस्लिम लीग के नेताओं को खुश करने के लिए कांग्रेस कार्यसमिति ने 1937 में अधिवेशन में वंदे मातरम् को बदलने के लिए प्रस्ताव पारित किया। बाद में कांग्रेस के कई नेताओं ने वंदे मातरम् पर आपत्ति जताई। देश की कई विधानसभाओं में विशेषकर कांग्रेस शासित राज्यों में वंदे मातरम् गायन नहीं होता है। तमाम विरोधों के बावजूद वंदे मातरम् स्वतंत्रता, स्वाभिमान तथा स्वदेशी का नारा बना और राष्ट्रवाद की ऊर्जा के संचार का माध्यम बना। आज वंदे मातरम् राष्ट्र प्रेम का महामंत्र है, हमारे जीवन का प्राण है, एकता का प्रतीक है, सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। वंदे मातरम् एक गीत मात्र नही है बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा है। वंदे मातरम् आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत निर्माण के लिए हम सभी को प्रेरित करता है।वंदे मातरम् सामूहिक गायन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, देवेश कुमार, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और सुभाष यदुवंश, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, सहप्रभारी अतुल अवस्थी व चौधरी लक्ष्मण सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नागरिक सम्मिलित हुए।

# पोल्ट्री एंड एनिमल हेल्थ एक्सपो का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पोल्ट्री एंड एनिमल हेल्थ एक्सपो 2025÷ का भव्य शुभारंभ आज यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रारम्भ हुआ। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 7 नवम्बर से 8 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पोल्ट्री एवं पशुपालन क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों उद्यमी, विशेषज्ञ, कंपनियाँ और किसान भाग ले रहे हैं। एक्सपो में देश-विदेश की कई प्रसिद्ध कंपनियों के स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी नवीनतम तकनीकें, उपकरण, फ़ीड, औषधियाँ, टीकाकरण समाधान, और पोल्ट्री उत्पादन से जुड़ी अत्याधुनिक सेवाएँ प्रदर्शित की गई हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों एवं उद्योग जगत के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जयकेश कुमार पांडे, पूर्व निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश डॉ. बृजेश कुमार त्रिपाठी, उप निदेशक, पशुपालन विभाग एम बहल चेयरमैन अल्लाना ग्रुप एफ.एम. शेख, उपस्थित रहे। किसानों और युवाओं के लिए यह प्रदर्शनी ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हो रही है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश पोल्ट्री नीति 2025 के बारे में जागरूकता बढ़ाना, जैव-सुरक्षा एवं उत्पादन तकनीकों पर व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना है।

# वंदे मातरम् राष्ट्र की आत्मा का उदघोष है: भूपेंद्र चौधरी

- बीजेपी ने वंदे मातरम की वर्षगाठ पर किया वंदे मातरम् का जयगान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगाठ पर शुक्रवार को राष्ट्र के प्रति श्रद्धा, त्याग, समर्पण व मातृभूमि की स्तुति के जयघोष वंदे मातरम् का जयगान किया। प्रदेश के 18 स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन तथा सभाओं का आयोजन किया गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित केन्द्र व प्रदेश सरकार के मंत्री तथा पदाधिकारियों ने सामूहिक वंदे मातरम् गायन में सम्मिलित होकर वंदे मातरम् गाकर माँ भारती की वंदना की।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा कार्यालय बुद्ध विहार, मुरादाबाद में आयोजित सामूहिक वंदे मातरम् गायन में सम्मिलित होते हुए कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्र की आराधना है और भारत माता को प्रणाम है जिसने हमें जन्म दिया, संस्कार दिए और जीवन दिया। वंदे मातरम् मात्र एक गीत नही बल्कि राष्ट्र की आत्मा का उद्घोष है। वंदे मातरम् क्रांतिकारियों का प्राण बना और हमारे पूर्वजों को स्वराज प्राप्ति के लिए प्रेरणा देने का काम किया। 1905 में बंग-भंग आन्दोलन में वंदे मातरम् क्रान्ति का उद्घोष बना। अंग्रेजो द्वारा लगाए गए प्रतिबंध तथा कांग्रेस और मुस्लिम लीग के द्वारा समय-समय पर किये गए विरोध के बावजूद वंदे मातरम् भारतीयों को राष्ट्र आराधना और सर्वस्व अर्पण के लिए प्रेरित करने का महामंत्र बना। आज भी वंदे मातरम् मां भारती की सेवा, समर्पण, तथा कर्तव्यनिष्ठा के लिए भारतीयों को प्रेरित करता है।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व अभियान के प्रदेश प्रभारी त्र्यम्बकं त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश के 18 स्थानों पर आज शुक्रवार 7 नवम्बर को कम से कम 150 कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक वंदे मातरम् गायन का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सभाओं के माध्यम से राष्ट्र भक्ति में सर्वस्व समर्पण के लिए प्रेरक बने वंदे मातरम् की 150 वर्ष की यात्रा पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गए। केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा बरेली के स्मार्ट सिटी ऑडोटोरियम सिविल लाइन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त बाजपेयी गाजियाबाद के शालीमार गार्डन के निकट भारत माता चौक तथा राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा लखनऊ के सेंट जोसेफ कॉलेज ऑडिटोरियम ताड़ीखाना सीतापुर रोड में आयोजित सामूहिक वंदे मातरम् गायन तथा सभाओं में सम्मिलित हुए। मंत्री ब्रजेश सिंह भगत सिंह की मूर्ति, कुमरानपुर सहारनपुर, कपिलदेव अग्रवाल देवनागरी इण्टर कालेज मेरठ, जयवीर सिंह शहीद स्मारक आगरा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा अटल सरोवर ओपेन ऑडिटोरियम अलीगढ, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह तिलक हॉल नगर निगम अयोध्या, विजय शिवहरे जैन मंदिर चौराहा फिरोजाबाद, अमित बाल्मीकि भाऊराव देवरस विद्या मंदिर से-12 नोएडा महानगर, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल बी.एन.एस.डी. स्कूल ग्राउण्ड बेनाझाबर कानपुर, दुर्विजय शाक्य जिला भाजपा कार्यालय शाहजहांपुर, दिलीप पटेल नमो घाट वाराणसी, सहजानन्द राय सरस्वती विद्या मंदिर आर्यनगर गोरखपुर, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया अग्रवाल धर्मशाला के नीचे, होली गेट, मथुरा, ओबीसी आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल सुभाष चौराहा सिविल लाइन प्रयागराज तथा क्षेत्रीय महामंत्री संतविलास शिवहरे दीनदयाल सभागार झांसी में सामूहिक वंदे मातरम् गायन तथा सभाओं में सम्मिलित हुए।

# नन्द बाबा पुरस्कार हेतु 58 लाख स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में दुग्ध विकास के तहत नन्द बाबा पुरस्कार हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 58 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में दुग्ध विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।शासनादेश में दुग्ध आयुक्त दुग्धशाला विकास विभाग को निर्देशित किया गया है कि धनराशि जिस प्रयोजन हेतु अवमुक्त की जा रही है, उसका उपयोग उसी मद के अंतर्गत किया जाएगा। धनराशि का आहरण यथावश्यकता ही किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में दुग्ध विकास कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय गोवंश की गाय के दूध में वृद्धि करने हेतु कृषकों को प्रोत्साहन प्रदान के लिए नन्द बाबा पुरस्कार प्रदान किया जाता है, जिस पर भारतीय गोवंश की गाय एवं बछड़े के साथ नन्दबाबा की मूर्ति को प्रमाण-पत्र के साथ वितरित किया जाता है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आंदोलन की लखनऊ से शुरुआत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अध्यक्ष जेएन तिवारी ने आज लखनऊ में संयुक्त परिषद के तृतीय चरण के आंदोलन की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनहट लखनऊ से किया। उन्होंने चिनहट सामुदायिक केंद्र पर आशाओं को संबोधित करते करते हुए अवगत कराया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद 20 जनवरी को कर्मचारियों की मांगों को पूरा कराने के लिए विधानसभा का घेराव करने जा रही है ।उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर पदाधिकारियों के साथ संवाद हीनता बनी हुई है। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को बार लिखा जा रहे पत्रों का भी कोई असर नहीं हो रहा है। अधिकारी कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं।प्रदेश में कार्यरत 2.5 लाख आशा बहुओं को विगत विगत 8 माह से मानदेय नहीं मिला है। आशा बहू के लिए न्यूनतम मानदेय 18000 किए जाने, 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा कराए जाने, संगिनी को स्कूटी भत्ता दिए जाने, सामुदायिक केंद्र पर आशाओं के बैठने की अलग व्यवस्था किए जाने , एएनएम के पद पर पदोन्नति किए जाने की मांग को लेकर आशा बहुओं में नाराजगी है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद चार वर्गों में विभक्त अपनी मांगों को लेकर 20 जनवरी को विधानसभा का घेराव करने जा रही है। कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों पर निर्णय नहीं किए जाने, पुरानी पेंशन की बहाली में आ रही अड़चनों को दूर किए जाने, कैशलेस इलाज को सरलीकृत किए जाने ,रिक्त पदों को भरे जाने, समय से पदोन्नतियां किए जाने, नगरीय परिवहन सेवाओं के संविदा चालकों परिचालकों को समायोजित किए जाने समाज कल्याण एव अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के संविदा शिक्षकों का उत्पीड़न समाप्त किए जाने, संयुक्त परिषद की अन्य मांगों पर सरकार की उदासीनता के कारण आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिनहट पर एकत्रित आशाओं को संबोधित करते हुए परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि संयुक्त परिषद आशाओं के लिए निर्णायक संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा 50000 आशाएं 20 जनवरी को विधानसभा का घेराव करेंगी। आज चिनहट ब्लॉक के अंतर्गत कार्यरत आशा बहुओं को संगठित करते हुए आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की प्रांतीय अध्यक्ष कुसुम लता यादव ने ब्लॉक शाखा का चुनाव भी कराया।

# धान खरीद को लेकर कार्यशाला संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा,समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक,क्रय एजेंसियां,भारतीय खाद्य निगम डिपो के प्रबंधक व केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।कार्यशाला में बताया गया कि जनपद में धान खरीद शुरू हो गई है।जिसके लिए जनपद में 99 क्रय केंद्र बनाए गए हैं।इस वर्ष जनपद में 140000 एमटी खरीद का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष अब तक 48 किसानों से 289.44 एमटी की खरीद की जा चुकी है।इसके साथ ही धान का समर्थन मूल्य सामान्य धान 2369 रुपए तथा ग्रेड ए का धान 2389 रुपए मूल्य निर्धारित है। कार्यशाला में उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें।जिससे खरीद के समय किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि किसानों से निरंतर समन्वय बनाकर रखें।तथा उन्हें अपना धान क्रय केंद्रों पर ही बेचने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीद सुचारू रूप से की जाए।जिन क्रय केंद्रों पर ज्यादा भीड़ हो वहां पर टोकन की व्यवस्था करें।तथा टोकन के अनुसार ही किसानों का धान क्रय करें। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को समस्त केंद्र प्रभारियों से किसानों की खरीद सुचारू रूप से कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर समय से पर्याप्त मात्रा में बोरे,कांटा, छन्ना,वजन, मशीन, नमी मापक यंत्र के साथ ही किसानों के बैठने की व्यवस्था, पीने का पानी,छांव इत्यादि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र प्रभारी के माध्यम से धान विक्रय करने आने वाले किसानों को अपने खेतों में पराली ना जलाने के संबंध में भी जागरूक कराया जाए तथा किसानों को अपनी परली नजदीकी गौशालाओं में दान देने हेतु प्रेरित किया जाए।उन्होंने जनपद के समस्त किसान बंधुओ से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपना धान अपने नजदीकी धान क्रय केंद्रों पर बेचें,इसके लिए जन सुविधा केंद्र के माध्यम से पहले रजिस्ट्रेशन करा लें यदि कोई समस्या हो तो अपने ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से संपर्क करें।

## दैनिक नि:शुल्क योग एवं प्राणायाम शिविर का अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

आज दिनांक 07 नवम्बर 2025 (शुक्रवार) मातृभूमि सेवा मिशन, रायबरेली द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग एवं प्राणायाम शिविर का अभ्यास आज सोनम गुप्ता जी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आज के सत्र में योग शिक्षक राजा अग्रहरि जी का योगाभ्यास एवं प्राणायाम संचालन अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली रहा। उनकी सहज शैली और ऊर्जा ने पूरे शिविर में उत्साह और सकारात्मकता भर दी। आप सभी साधकों की नियमितता, अनुशासन एवं सहयोग योग साधना की निरंतरता का आधार है। आज के सत्र में उपस्थिति हेतु आप सभी का हृदय से आभार। कल पुनः प्रातः 6:00 बजे आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

# सहजीपुर हाल्ट फाटक पर चूनी से लदा ट्रक पलटा,चालक-खलासी सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



कासिमपुर हाल्ट फाटक पर शुक्रवार सुबह एक चूनी से लदा ट्रक गड्ढे में पलट गया।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक संख्या यू.पी.33 टी 2020 स्वस्तिक ब्रांड सिंगल रोलर फ्लोर मिल जायस,अमेठी से भदोही की ओर चूनी ले जा रहा था।हादसे में ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।हालांकि, चालक लवकुश पटेल और खलासी शत्रुघ्न पटेल दोनों निवासी मवई आलमपुर, जायस सुरक्षित रहे।स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक गड्ढे में पलटते ही सड़क पर चूनी बिखर गई।और सड़क पर सफाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब ट्रक तेज़ रफ्तार में गड्ढे पर पहुंचा।चालक ने समय रहते वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया,जिससे कोई बड़ी चोट नहीं आई।वहीं ट्रक की पूरी चूनी खराब हो गई और ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गई।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़क को साफ करवाया और ट्रैफिक सुचारू किया।थाना प्रभारी ने बताया कि चालक और खलासी सुरक्षित हैं।तथा किसी प्रकार की चोट नहीं आई है।उन्होंने कहा कि गड्ढे के कारण हादसा हुआ,लेकिन पूरी जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति लगातार बिगड़ रही है,जिससे ट्रकों और वाहनों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है।उन्होंने प्रशासन से सड़क मरम्मत और सुरक्षा उपायों को शीघ्र लागू करने की मांग की है।इस हादसे से इलाके में हल्की अफरा-तफरी मची रही,लेकिन बड़ी दुर्घटना टल गई।प्रशासन ने सड़क पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं और ट्रकों के लिए सुरक्षित मार्गों की जानकारी दी जा रही है।

# पशु चिकित्सा केंद्र शाहमऊ पर लटकता मिला ताला,बीमार पशुओं के इलाज में हो रही परेशानी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




तिलोई विकासखंड स्थित शाहमऊ राजकीय पशु सेवा केंद्र पर अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। केंद्र पर तैनात पशु चिकित्सक के अक्सर अनुपस्थित रहने से पशुपालक भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को जब वे अपने बीमार पशुओं को इलाज के लिए केंद्र लेकर पहुंचे,तो वहां केंद्र के मुख्य द्वार पर ताला लटका मिला।ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति नई नहीं है।अक्सर केंद्र पर डॉक्टर नहीं मिलते, जिससे उन्हें निजी चिकित्सकों के पास जाना पड़ता है। और महंगे इलाज का खर्च उठाना पड़ता है।पशुपालकों का कहना है, कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पशु सेवा केंद्र खोलने का उद्देश्य निःशुल्क एवं सुलभ चिकित्सा सुविधा देना था,लेकिन डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण यह उद्देश्य पूरी तरह विफल हो रहा है।स्थानीय निवासियों के अनुसार कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।गांव के लोग अब जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग से मांग कर रहे हैं कि शाहमऊ पशु सेवा केंद्र पर चिकित्सक की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए,ताकि बीमार पशुओं को समय पर उपचार मिल सके।

इस संबंध में जब पशु चिकित्सा अधिकारी से बात की गई,तो उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में केवल दो ही पशु चिकित्सक कार्यरत हैं,जिन्हें कई केंद्रों का भार संभालना पड़ रहा है।इसी कारण शाहमऊ केंद्र पर डॉक्टर की निरंतर उपस्थिति संभव नहीं हो पा रही है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है,कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई,तो वे सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराएंगे।फिलहाल पशु पालक अपने बीमार पशुओं के इलाज को लेकर विभागीय लापरवाही से खासे नाराज हैं।

## पराली प्रबंधन जागरूकता वाहन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

शुक्रवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से पराली प्रबंधन जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर कृषकों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा तथा पराली के वैज्ञानिक और उपयोगी प्रबंधन के तरीके बताएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पराली जलाने से न केवल वातावरण प्रदूषित होता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी नष्ट होती है। उन्होंने कृषकों से अपील की कि पराली को न जलाएं, बल्कि उसे खाद या चारे के रूप में उपयोग करें। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा पराली प्रबंधन हेतु आवश्यक उपकरण अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। डीएम ने संबंधित को निर्देश दिए कि पराली प्रबंधन से संबंधित जागरूकता अभियान को निरंतर चलाया जाए तथा गांव-गांव में किसानों को इस संबंध में जानकारी दी जाए।

# बाहापुर में डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था, गोवंशों की देखभाल और अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी संजय चौहान ने शुक्रवार को बाहापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय तथा गो आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय बाहापुर पहुंचकर छात्र-छात्राओं से पढ़ाई की स्थिति के बारे में जानकारी ली।उन्होंने बच्चों से पाठ्य पुस्तकों की पाठन सामग्री पढ़वाई तथा उनसे मध्यान्ह भोजन, कॉपी-किताब,ड्रेस, स्वेटर,जूते-मोजे आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।डीएम ने विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन करते हुए प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को बच्चों को पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ शिक्षित करने का निर्देश दिया।साथही उन्होंने विद्यालय में शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश भी दिया। विद्यालय निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी गो आश्रय स्थल बाहापुर पहुंचे।यहां उन्होंने गोवंशों के संरक्षण,आहार,चिकित्सा और साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।उन्होंने केयरटेकर को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी गोवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में भूसा,पशुआहार और हरा चारा उपलब्ध कराया जाए।डीएम ने गौशाला में भूसे,पानी और हरे चारे की उपलब्धता की भी गहनता से समीक्षा की तथा बीमार गोवंशों की पशु चिकित्साधिकारी द्वारा नियमित देखरेख और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर, चारा,भूसा रजिस्टर तथा केयरटेकर भुगतान अभिलेखों का भी अवलोकन किया।उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि कमजोर और बीमार गोवंशों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए।तथा गौशाला परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को और बेहतर बनाया जाए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ठंड के मौसम को देखते हुए गौशालाओं में तिरपाल,काऊ कोट तथा बिछावन के लिए पराली आदि की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित करने को कहा, जिससे गौशालाओं में गोवंशों को ठंड से बचाया जा सके।

## दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती फरार घोषित

यूपी के रायबरेली में काफी दिनों से न्यायालय में हाजिर न होने पर न्यायाधीश अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व एमपी एमएलए कोर्ट डा. विवेक कुमार ने दिल्ली के पूर्व विधि एवं कानून मंत्री सोमनाथ भरती को फरार घोषित कर दिया है. न्यायाधीश ने गैर जमानती वारंट के साथ 82 सीआरपीसी की नोटिस जारी की है. साथ ही कहा कि अभियुक्त न्यायालय के आदेशों और जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहा है. न्यायाधीश ने 13 नवंबर की तिथि सुनवाई के लिए नियत की है. विशेष लोक अभियोजक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में शहर के गेस्ट हाउस में भड़काऊ भाषण देने व पुलिस के साथ अभद्रता करने के मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व विधि एवं कानून मंत्री सोमनाथ भारती के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ था।

# महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास संचालन समिति के सदस्यों ने किया जनसंपर्क

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संचालित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास संचालन समिति के अध्यक्ष एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारी व सदस्यों ने जनसंपर्क किया । जनसंपर्क के दौरान कल्याण आश्रम के कार्यों, उपलब्धियों तथा आवश्यकताओं पर चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार 7 नवंबर को जिले के वरिष्ठ समाजसेवी सामाजिक तथा धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर शामिल होने वाले श्रीराम पाण्डेय के विरतिहा स्थित आवास पर एमएलके पीजी कालेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष, महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन प्रमुख सचिन जी, प्रचार प्रमुख अखिलेश्वर तिवारी व आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के जिला संवाददाता राम कुमार मिश्रा के साथ पहुंचकर वनवासी कल्याण आश्रम तथा महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास के संचालन, थारू जनजातीय परिवारों के लिए किए जा रहे कल्याणकारी कार्यों एवं सामाजिक कार्यों पर चर्चा की गई । रात्रि भोज के उपरांत श्री पांडे जी द्वारा सभी आगंतुकों का अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया । श्री पांडे ने छात्रावास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया । समिति की ओर से श्रीराम पांडे का आभार व्यक्त किया गया ।

## मालिक ने शहर के अहमदपुर नजूल स्थित गाटा संख्या सिटी मजिस्ट्रेट ने कब्जेदार को किया बेदखल

**रायबरेली।** शहर में कचहरी रोड स्थित अहमदपुर नजूल में करोड़ों कीमत की परती भूमि पर एक प्रतिष्ठित होटल के मालिक ने मकान बना लिया। अवैध कब्जे की सुनवाई करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार ने होटल मालिक पर 17.99 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। भूमि से बेदखल करने का आदेश भी दिया है। जिले के एक प्रतिष्ठित होटल के 675 के रकबा 0.221 हेक्टेयर में 867 वर्ग मीटर पर कब्जा करके मकान बना दिया। राजस्व विभाग के अभिलेखों में संबंधित भूमि परती जमीन के रूप में अंकित है। कीमती भूमि होने के कारण कब्जेदार ने कब्जा कर लिया। सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में मुकदमा किया गया। मुकदमे की सुनवाई करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट ने कब्जेदार संजय गुप्ता को परती भूमि से बेदखल कर दिया। उन्होंने जुर्माने की राशि को जमा कराने के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व को आदेश की कॉपी भेजी है।

# धूमधाम से मनाया गया एनटीपीसी का स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जनपद के एनटीपीसी लिमिटेड की टांडा थर्मल पावर स्टेशन में एनटीपीसी का 51वां स्थापना दिवस-2025 बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। परियोजना स्थित विश्वकर्मा पार्क में आयोजित समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा ने एनटीपीसी का ध्वज फहराया। तत्पश्चात कर्मचारियों ने एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया।

इसके पश्चात राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एनटीपीसी कर्मचारियों द्वारा सामूहिक 'वंदे मातरम्' का गायन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जयदेव परिदा एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा ने सभी के साथ केक काटकर 51वां स्थापना दिवस मनाया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अजय सिंह यादव, सभी महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, गरिमा महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्याएँ तथा वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अपने सम्बोधन में परिदा ने परियोजना परिवार के समस्त सदस्यों, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि तेजी से विकास के लिए अधिक से अधिक ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने की जिम्मेदारी एनटीपीसी के ऊपर है।

कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह के संदेश का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

# एमएलके कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में शुक्रवार को एनआईएसएम (National Institute of Securities Markets) द्वारा संचालित एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एस.ई.बी.आई.) समर्थित दो दिवसीय ÷वित्तीय साक्षरता एवं कैरियर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम÷ का शुभारंभ किया गया ।

जानकारी के अनुसार 7 नवंबर को प्रथम दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रो. जे.पी. पांडेय की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन के स्वागत उद्बोधन से हुआ । उन्होंने उपस्थित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य और महत्त्व पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि इससे उन्हें वित्तीय लेनदेन में सतर्कता, निवेश के सिद्धांतों तथा साइबर फ्रॉड से बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय साक्षरता हर विद्यार्थी के लिए आवश्यक है ताकि वह सुरक्षित और समझदारी पूर्ण निवेश निर्णय ले सके। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को निवेश की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराना, उन्हें प्रतिभूति बाजार में संभावित कैरियर अवसरों के प्रति जागरूक करना, तथा जिम्मेदार और समझदार निवेशक बनने के लिए प्रेरित करना है। कार्यशाला के पहले दिन विद्यार्थियों को निवेश की बुनियादी जानकारी दी गई, जिसमें बचत और निवेश का अंतर, चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति और लक्ष्य आधारित निवेश जैसे विषयों पर चर्चा की गई। सत्र में इक्विटी और डेट निवेश, म्यूचुअल फंड और वैकल्पिक निवेश कोष (ढ्ढस्नह्य), तथा डिमैट और ट्रेडिंग खाता खोलने, केवाईसी प्रक्रिया और ब्रोकर्स चयन जैसे व्यावहारिक पहलुओं की भी जानकारी दी गई। आदर्श कुमार मिश्रा ने कहा, ÷वित्तीय साक्षरता युवाओं को न केवल समझदारी से निवेश करना सिखाती है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और जागरूक निवेशक बनने की दिशा में प्रेरित करती है।÷

## एनटीपीसी ध्वज फहराने एवं रंगारंग कार्यक्रम के साथ मना एनटीपीसी का स्वर्ण जयंती समारोह

**रायबरेली।** एनटीपीसी कंपनी आज सफलता के उच्च शिखर पर है, और इसे बनाए रखना एक चुनौती भी है, लेकिन एनटीपीसी का प्रत्येक कर्मचारी चुनौतियों को अवसर में बदलने की दक्षता एवं क्षमता रखता है। उक्त विचार एनटीपीसी ऊंचाहार के कार्यकारी निदेशक तथा परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने एनटीपीसी के स्वर्ण जयंती समारोह में व्यक्त किए। एनटीपीसी कंपनी के इक्यानवे स्थापना दिवस के अवसर पर परियोजना में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां परियोजना प्रमुख ने एनटीपीसी ध्वज फहराया और केक काटकर सभी का मुंह मीठा कराया। शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें एनटीपीसी संबंधी सवाल पूंछे गए। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता संबंधी प्रतियोगिताओं के अलावा मेधावी तीस ग्रामीण छात्रों को उत्कर्ष स्कॉलरशिप के साथ साथ सोलर लैंप व लैपटॉप टेबल देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

# भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के रोवर्स रेंजर्स विंग के द्वारा महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय प्रांगण में रोवर्स रेंजर्स द्वारा भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस प्राचार्य प्रोफेसर जनार्दन प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में मनाया गया । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य नियंता प्रोफेसर वीना सिंह उपस्थिति रही ।

जानकारी के अनुसार 7 नवंबर को स्काउट गाइड के स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय प्रोफेसर वीना सिंह मुख्य नियंता के द्वारा लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया तत्पश्चात रोवर रेंजर के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया । रोवर्स प्रभारी डॉ एस के त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिवादन किया । उन्होंने बताया कि भारत स्काउट गाइड की स्थापना दिवस 7 नवंबर, 1950 को भारत में बॉय स्काउट्स एसोसिएशन और हिंदुस्तान स्काउट एसोसिएशन के विलय के बाद भारत स्काउट्स और गाइड्स के गठन की याद में मनाया जाता है। लगभग एक साल बाद, 15 अगस्त, 1951 को, ऑल इंडिया गर्ल गाइड्स एसोसिएशन को भी इस संगठन में शामिल कर लिया गया था। प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय ने बताया कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रथम राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. हृदयनाथ कुंजरू थे। उन्हें सेवा समिति स्काउट एसोसिएशन का मुख्य आयुक्त भी कहा जाता है, जो भारत में स्काउटिंग के लिए एक महत्वपूर्ण संगठन था। स्काउट गाइड से बच्चे अनुशासित एवं सेवा भावना को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों को सहायता प्रदान करते हैं तथा आत्मनिर्भर के गुण सीखने का अवसर प्राप्त करते हैं । विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर वीना सिंह मुख्य नियंता ने कहा कि समाज में स्काउट गाइड का बहुत बड़ा योगदान होता है । उन्होंने कहा कि वह विषम परिस्थितियों में रहना सीखते हैं और समाज को आपातकालीन स्थितियों से उभरने में सहायता करते हैं ऐसे संगठनों से देश की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा की अपेक्षा की जाती है।

## निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

नवागत जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा शुक्रवार को निर्माणाधीन माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अकादमिक ब्लॉक , एडमिन ब्लॉक , हॉस्टल निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साइट पर श्रमिकों की संख्या कम पाएं जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रमिकों की शिफ्ट वार संख्या बढ़ाए जाने एवं कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिया। उन्होंने लैंडस्केपिंग कार्य की पूर्व तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी, प्रोजेक्ट मैनेजर यूपी आरएनएन व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# स्टंट बाजों की बाइक की टक्कर से बीए थर्ड ईयर की छात्रा की मौत





### टक्कर के बाद स्टंट बाज मौके से हुए फरार

आसपास के दुकानदारों ने बताया कि बाइक करीब 110 की रफ्तार में रही होगी। सूचना पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने भाविका और नेहा को हैलेट अस्पताल भर्ती कराया। वहां भाविका को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्टंट बाद मौके पर यूपी 78 एचएम 3986 नंबर की बाइक छोड़कर साथियों संग फरार हो गए।

### बाइक पर लिखी थी इंस्टाग्राम आईडी

घटना के बाद जब युवती के परिजन घटनास्थल पहुंचे तो वहां पर एक बाइक खड़ी हुई देखी उसे पर इंस्टाग्राम आईडी [illegible] लिखी हुई थी। परिजनों ने आईडी सर्च की तो उसमें स्पोर्ट्स बाइक पर एक युवक की बैठे हुए फोटो पोस्ट थी। जिसमें उनके साथियों ने कमेंट किया हुआ था। की एक्सीडेंट हुआ है गंगा बैराज में जिंदा हो या निपट गए। लड़कियों को तो मार दिया तुमने, एक साथी ने रिप्लाई दिया कि यही बृजेश निषाद ने उड़ाया है अपनी बाइक से, छात्र के पिता मनीष गुप्ता की शिकायत पर नवाबगंज पुलिस ने बृजेश निषाद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

गंगा बैराज रोड पर कानपुर जिला प्रशासन की शक्ति के बावजूद स्टंट बाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिन स्कूटी से अपनी सहेली के साथ घूमने आई बीए थर्ड ईयर की छात्रा को स्टंट बाजों की बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि छात्रा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्ष दर्शन ने बताया कि बाइक की टक्कर लगने के बाद छात्रा करीब 50 मीटर तक घसीटती चली गई। जिस वक्त टक्कर हुई उसे वक्त स्टंट बाजों की बाइक की स्पीड लगभग 110 की रही होगी। टक्कर लगने की वजह से छात्रा के जबड़े टूट गए। उसके दांत टूट कर सड़क पर गिर गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को उठाकर हैलेट अस्पताल उपचार के लिए भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी सहेली को मामूली चोटे आई है। सूत्रों के मुताबिक शुक्लागंज के सर्वोदय नगर की रहने वाले मनीष गुप्ता होटल लैंडमार्क में शेफ का काम करते हैं। उनकी 23 वर्षीय बेटी भाविका गुप्ता डीएवी डिग्री कॉलेज में बीए थर्ड ईयर की छात्रा है। एनसीसी कैडेट में भी शामिल थी। परिवार में मकान कंचन है। बड़ा भाई सोहेल गुप्ता प्राइवेट जॉब करता है। रामादेवी सनिगवां में रहने वाले भाविका के चचेरे भाई अंकित गुप्ता ने बताया कि कल शाम करीब 7=30 बजे भाविका ऋषि नगर शुक्लागंज की रहने वाली सहेली नेहा मिश्रा के साथ गंगा बैराज स्कूटी से घूमने जा रही थी। गंगा बैराज पहुंचने से चंद कदम पहले रात अधिक होने के कारण भाविका गंगा बैराज की पॉइंट से घर वापस लौटने के लिए स्कूटी मोड रही थी। तभी बिठूर की ओर से दो बाइकों पर सवार चार युवक स्टंट बाजी करते हुए आ रहे थे। इसी दौरान स्पोर्ट्स बाइक सवार स्टंट बाजों ने छात्रा की स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि भाविका की स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और वह करीब 50 मीटर तक घसीटती हुई चली गई। दूसरे देश सुबह तक गाड़ियों के टूटे हुए हिस्से मौके पर ही पड़े थे। खून के निशान और छात्र का टूटा दांत भी मौके पर पड़ा हुआ मिला है। युवती और युवक के जूते पड़े थे।

## विधायक ने किया कृभको और किसान समृद्धि केन्द्र, जुधौंरा का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। सीतापुर

कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को खाद केन्द्रों वितरण में हो रही दिक्कतों को देखते हुए शुक्रवार को विधायक मनीष रावत ने प्रधानमंत्री कस्बे के कृभको और किसान समृद्धि केन्द्र, जुधौंरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उपजिलाधिकारी राखी वर्मा तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार भी मौजूद रहे। किसानों से संवाद करते हुए विधायक ने कहा कि किसी भी किसान को डीएपी या यूरिया खाद के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने केन्द्र पर उपलब्ध खाद की मात्रा, वितरण प्रक्रिया एवं पंजीकरण व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया तथा जिम्मेदार अधिकारियों को सभी किसानों को समय से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित सम्मानित किसानों को प्रतीकात्मक रूप से खाद वितरण भी कराया गया। विधायक ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

# जाम से जूझता कल्याणपुर पनकी रोड, पुलिस प्रशासन सुस्त

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर रेलवे क्रॉसिंग से पनकी रोड पर आटो, ई रिक्शा वालों ने व जीटी रोड पर टेंपो वालों ने मनमाने तरीके से सड़क पर आड़ा तिरछा गाड़ी खड़ी कर सवारियां भरने उतारने का कार्य करते हैं। जिसकी वजह से पूरे दिन चौतरफा जाम लगता है। अगर रेलवे फाटक खुला है तो यह रेल पटरी पर भी गाड़ी खड़ी कर सवारियां भरने में हिचक नहीं करते। जाम के हालात यह है आपका चाहे जितना जरूरी कार्य हो या एंबुलेंस में गंभीर हालत में बीमार व्यक्ति हो वह हार्न पर हार्न बजाकर निकलने का रास्ता मांगता रहे उनकी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता यह रास्ता देने से रहे। ज्यादा कुछ कहो तो सब मिलकर झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। जिन ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को जाम से निजात दिलाने की जिम्मेदारी दी गई है वो कल्याणपुर क्रॉसिंग के बगल में आईआईटी गेट की तरफ जाने वाली जीटी रोड सड़क पर बने कमरे के पास गाड़ियों को उठाने वाली क्रेन के बगल में खड़े होकर आपस में बतियाते देखे जा सकते हैं। पुलिस कर्मियों का यह रवैया लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। पनकी रोड पर तो दुकानों के सामने दोनों तरफ ठेले ठेलिया वालों ने कब्जा कर रखा है। बाकी खुली सड़क पर पूरे दिन ई रिक्शा धमा चौकड़ी मचाए रहते हैं। इनको किसी का डर नहीं है। अब जब ट्रैफिक पुलिस ही मेहरबान है तो क्या आटो क्या ई रिक्शा वाले सभी पहलवान है। अब तो यही कहा जा सकता है कि है कोई ऐसा अधिकारी जो बेलगाम हो चुके इन ई-रिक्शा, टेंपो वालों की अराजकता से छुटकारा दिला सके।

### क्रॉसिंग पर एक फुट का गड्ढा बना जानलेवा

जाम के साथ-साथ कल्याणपुर क्रॉसिंग के पास रेलवे पटरी के किनारे एक फीट का गड्ढा नागरिकों के लिए जानलेवा बना हुआ है। इसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की गई परंतु अभी तक वह गड्ढा भरा नहीं जा सका। आज सुबह छात्रों को ले जा रहा एक रिक्शा क्रॉसिंग के इसी गड्ढे में असंतुलित होकर पलट गया। यह तो कहो वहां पर ठीक-ठाक भीड़ थी। उपस्थित लोगों ने रिक्शे को सीथा किया फिर भी दो छात्र चुटहिल हो गए। दोनों छात्र ने अस्पताल में जाकर इलाज करा घर गए।

## राज्य महिला आयोग सदस्य अनीता गुप्ता ने कहा, महिलाएं आत्मनिर्भर बनें, समाज में अपनी भूमिका को पहचानें

- महिला सशक्तीकरण संगोष्ठी व गोदभराई-अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल हुईं, की जनसुनवाई

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को आयोजित महिला सशक्तीकरण संगोष्ठी में राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। जरूरत है कि महिलाएं इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं और समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाएं।गोष्ठी के दौरान अनीता गुप्ता ने महिलाओं को सरकारी योजनाओं जैसे – मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 1090 आदि की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के पश्चात ब्लॉक परिसर में आयोजित गोदभराई व अन्नप्राशन संस्कार में उन्होंने स्वयं महिलाओं की गोदभराई की रस्म अदा की और बच्चों को अन्नप्राशन कराया। इस अवसर पर मातृत्व और बाल संरक्षण के महत्व पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। इसके बाद महिला आयोग सदस्य ने महिला संबंधित शिकायतों की जनसुनवाई की और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया, भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक अजय मोहन शुक्ला, भाजपा बिल्हौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार, मंडल महामंत्री आनंद कटियार सहित पूरी मंडल टीम मौजूद रही।

## सोशल मीडिया पर युवक को धमकाया, युवक ने खाया जहर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सोशल मीडिया पर शुरू हुई गाली-गलौज और धमकी की बात ने एक युवक को जहर खाने पर मजबूर कर दिया। इंस्टाग्राम पर 25 हजार रुपये की मांग और जान से मारने की धमकी के बाद युवक इतना घबरा गया कि उसने घर में रखा गेहूं में डालने वाला पाउडर निगल लिया। वही युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

रावतपुर थाना क्षेत्र के विनायकपुर निवासी माधुरी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा अभिषेक सिंह तोमर (21) मल रोड स्थित एमटीआई में मोबाइल रिपेयरिंग का काम सीखता है। बीती रात अभिषेक के मोबाइल पर इंस्टाग्राम के जरिए अंकित तिवारी नाम के युवक का कॉल आया। अंकित ने बातचीत के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया और अभिषेक से 25 हजार रुपये की मांग की। जब अभिषेक ने रुपये देने से इनकार किया, तो आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि वह विनायकपुर आकर उसे जान से मार देगा। इस धमकी के बाद अभिषेक बेहद डर गया और तनाव में आकर उसने घर में रखा गेहूं में डालने वाला पाउडर खा लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे लखनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान अभिषेक की मौत हो गई। वही घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रावतपुर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## 24 घंटे के भीतर शातिर चोर गिरफ्तार, लगभग शत-प्रतिशत माल बरामद

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के जाबाज पुलिस अफसरों ने सनसनीखेज चोरी की घटना का खुलासा महज 24 घण्टे के अन्दर कर सराहनीय कार्य किया है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने टीम की सहराना करते हुए कहा पुलिस को इसी तरह से कार्य करना चाहिए और चोरों की जगह जेल की सलाखे होने होनी चाहिए। पत्रकारों से रूबरू होते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि पुलिस सख्त है अगर अपराधी एक चैराहे पर अपराध करता है तो पुलिस का प्रयास रहता है कि अपराधी दूसरा चैराहा क्रास करने से पहले ही पकड़ लिया जाये। इसी तरह की कार्यवाही को पुलिस अपनाये हुए है। इसकी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोंसले के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम उ.नि. विजय राठी, उ.नि. यज्ञपाल वर्मा,उ.नि.अश्मित भारती, का. प्रिन्स तोंमर, का. रवि सिंह, का. दीपक बांगा, का0 गुरजीत सिंह स्वाट टीम निरीक्षक सतेन्द्र विक्रम सिंह, उ.नि. अरविंद शुक्ला, हे.का. शराफत अली, हे.का. गुरपाल सिंह, हे.का. विनय सिंह, हे.का. सोहनपाल, का. राहुल कुमार, का. अभिषेक तोमर, का. प्रशांत शेखर सिंह, का. चंद्र प्रकाश वर्मा, का. भानू राठी, का. भूपेन्द्र राणा, का. दीपक रंजन, म.का. डॉली रानी द्वारा संयुक्त रूप से थाना कोतवाली नगर पर चोरी की घटना के संबंध में पंजीकृत मु.अ.सं. 342/25 का मात्र 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण एवं लगभग शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करते हुए घटना में संलिप्त 02 शातिर अभियुक्तोंसुशील त्रिवेदी पुत्र महावीर त्रिवेदी सिद्धार्थ त्रिवेदी पुत्र सुशील त्रिवेदी निवासी ग्राम नरहरा थाना महोली को पक्का पुल के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिनसे कुल नकदी 8,07,000/- रुपये, लगभग 10 लाख रुपये के कीमती आभूषणबरामद हुए है।। संदर्भित घटना के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 34225 धारा 305/331(3) बी0एन0एस0 पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्तों का चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है।

## कलेक्ट्रेट में देखा गया वंदे मातरम गायन का सीधा प्रसारण

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में किया गया। इस अवसर पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सभी के द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया गया। राज्यमंत्रीगणों ने कार्यक्रम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इस प्रकार क आयोजनों से आमजनमानस में देशप्रेम की भावना का संचार होगा तथा सभी लोग राष्ट्र सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दे सकेंगे। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सभी को आश्वस्त करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री एवं शासन के निर्देशानुसार जनपद के सर्वांगीण विकास एवं लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों का लाभान्वित किये जाने हेतु व्यापक स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा कार्य किये जायेंगे। उन्होंने सभी का आभार भी व्यक्त किया।इस अवसर पर विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी, नगर पालिका परिषद मिश्रिख अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय भार्गव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित संबंधित अधिकारी एवं आमजनमानस उपस्थित रहे।

## हॉस्टल में रह रहे छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

### युवक के पास से फॉरेंसिक टीम को मिला सुसाइड नोट

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



रावतपुर में दोपहर को रम पार्टनर के नवाज पढ़ने जाने के बाद युवक ने अपने आपको कमरे में बंद कर फंखे से लुंगी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। रुम पार्टनर नवाज पढ़कर वापस आया और अपना मोबाइल फोन लेने के लिए दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो खिड़की से झांक कर देखा तब जानकारी हुई शोर सुनकर हॉस्टल में रह रहे छात्र बाहर निकल आए। हॉस्टल मालिक ने 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम में दरवाजा तोड़कर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। वहीं परिजनों को सूचना मिलते ही घर में रोना पीटना शुरू हो गया है।

रावतपुर थाना क्षेत्र के हितकारी नगर में शहनवाज का दो मंजिला केवीएच नाम से ब्याज हॉस्टल है जहां काफी संख्या में प्रतियोगी छात्र रहकर पढ़ाई करते हैं।

मृतक के रुम पार्टनर इमदाद हसन ने बताया कि तहसील मिलख जिला रामपुर ग्राम भवरका निवासी नजीर अहमद का बीस वर्षीय मृतक पुत्र मोहम्मद ओआन उसका रुम पार्टनर था। तीन दिन पहले ही नीट परीक्षा की तैयारी करने रामपुर से हॉस्टल आया था। वह भी तीन दिन पहले ही हॉस्टल में आया था।

आज वह बारह बजे के करीब अपना मोबाइल फोन रुम में ही छोड़कर नवाज पढ़ने गया था। वापस आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने पर भी की आवाज नहीं आई तो हॉस्टल में रह रहे अन्य छात्रों से अपने मोबाइल फोनपर कॉल की लेकिन फोन नहीं उठा। तो अनहोनी की शंका हुई।

वहीं ऊपरी मंजिल में रह रहे छात्रों ने लोहे के जाल से झांक कर देखा तो ओआन फांसी के फंदे से लटक रहा था।

पुलिस की कमरे में एक सुसाइट नोट बरामद हुआ है।

जिसमें लिखा है कि वह अपनी जिंदगी से परेशान हो गया है। किसी का कोई दोष नहीं है घर वाले खुश रहें, मरने के बाद मैं भी खुश रहूंगा।

# स्थानांतरण नियमावली हुई फेल, 14 साल से तैनात केन्द्र अधीक्षक

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिलाधिकारी डा.राजागणपति आर द्वारा ईमानदारी की रोशनी पूरे जनपद में जलाने की कोशिश की जा रही श्री आर ने सीतापुर में डीएम की कुर्सी संभाली हैं,और जिसमें स्वास्थ्य सहित अन्य विभागो के अधिकारियों की कार्यशैली पर निरंतर सुधार का प्रयास कर रहे हैं जिसके चलते अधीक्षकों की कार्यशैली को लेकर औचक निरीक्षण किया तो विभाग की कलई खुल गई। विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा लगातार छापामार कार्यवाही से बेचैन है, तो जन मानस में भी बातें हो रही हैं कि लापरहवाह अफसरों को ईमानदारी का पाठ पढ़ाना आवश्यक है। तो दूसरी तरफ कुछ और बातें भी चाय पर टपरियों पर होने लगी हैं की स्थानांतरण नियमावली के विपरीत स्वास्थ्य विभाग चल रहा है बताते चलें कि सुनने में आ रहा है कि 3 वर्ष तक एक पटल और जनपद में 5 वर्ष स्थानांतरण नियमावली बताई जाती है। लेकिन अधीक्षक पद पर 14 वर्ष से कबिज है,बातें हो रही हैं जिसमें रामपुर मथुरा सीएचसी अधीक्षक सुशील वर्मा बताए जा रहे हैं,तो इन अधीक्षक रामपुर मथुरा पर यह भी बातें हो रही हैं की पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा की खासम-खास रिश्तेदार हैं, जिसके चलते सत्ता के गलियारों तक मजबूत पकड़ बताई जाती है क्या सच है?सीएचसी अधीक्षक बिसवां अमित कपूर भी चर्चा में जो बातें हो रही हैं तो यह ज्ञात हुआ कि कोरोना काल से अबतक लगभग 7 वर्षों से अधीक्षक पदभार संभाल रहे हैं तो यह भी पता चल रहा है की बीच में कुछ समय के लिए स्थानांतरित किया गया था और कसमंडा भेजा गया था लेकिन श्री कपूर की तगड़ी पकड़ को लेकर पुनः वापसी बिसवां में हो गई।बात की जाए तो सिस्टम में कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं जो है तो वरिष्ठता क्रम में परंतु जूनियर के नीचे कार्य कर रहे हैं, सूत्रों की मानें तो जनपद में कई सीएचसी अधीक्षक ऐसे भी हैं जो क्रमवार में एक की श्रेणी में बताए जाते हैं, परंतु अधीक्षक का पदभार संभाल रहे और जो क्रमवार तीन की श्रेणी में आते हैं वह उनके अंडर में कार्य कर रहे हैं जिसमें एक नाम आता है पूर्व अधीक्षक सिधौली आर के वर्मा का, कोरोना काल में जिनके आने के बाद सीएचसी में सिजेरियन ऑपरेशन की शुरुआत हुई और अन्य मामले में भी सीएचसी अव्वल रही, जिसके लिए 13 सितंबर 2024 को प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया लेकिन महत्व एक सप्ताह भी नहीं बीता और उनका स्थानांतरण 18 सितंबर 2024 को कर दिया गया वर्तमान में यह श्रेणी 3 के डॉक्टर श्रेणी एक के अधीक्षक अमित कपूर की अंडर में काम कर रहे हैं! तो क्या विभाग के पास ऐसे अधिकारियों का टोटा है जो वरिष्ठता क्रम में आते हों, परंतु सीएचसी जूनियर क्रम चिकित्सक देख रहे हैं! इसको भी तलाशने की कोशिश की गई कि आखिरकार ऐसे कौन-कौन से चिकित्सक जूनियर तो अधीक्षक बिसवां, अधीक्षक गोंदलामऊ, अधीक्षक परसेंडी, अधीक्षक सिधौली हैं इनकी संख्या अगर टटोली जाए तो घटबढ़ भी सकती है,बताते हैं कि वर्तमान सिधौली अधीक्षक आनंद सिंह परसेंडी सीएचसी से स्थानांतरित होकर आए थे तब इनके ऊपर काफी आरोप प्रत्यारोप लगाए गए थे उसके बावजूद भी आरोपों के बाद भी अधीक्षक पद पर बिठाया गया जिससे जो आरोप लगे उस पर जांच होनी चाहिए थी तो यह तो पता चला कि आनंद सिंह पर वास्तविकता में जो आरोप लग रहे हैं वह सही है या फिर गलत, हालांकि यह बीती बातें हैं,लेकिन वर्तमान में भी चर्चा है कि सिधौली सीएचसी के अंतर्गत कई मानक बिहीन अस्पताल और क्लीनिक संचालित हो रहे हैं लेकिन साहब बेखबर हैं,तो इसी तरीके से रामपुर मथुरा अधीक्षक की निगरानी में इलाके कई फर्जी क्लीनिक और मानक बिहीन हास्पिटल की बातें हो रही है,

## एक्सप्रेस खबरें...

### चार दिनों तक ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन रहेगे बाध्य

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वध्यदेन जिला निबन्धक नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल हेतु प्रयुक्त एन0आई0सी0 द्वारा संचालित मेघराज क्लाउड सर्वर को नेशनल गवर्नमेंट क्लाउड (एन0जी0सी0) पर स्थानान्तरित किया जाना है। इस कारण दिनाँक 08.11.2025 से 11.11.2025 तक (कुल चार दिवस) सर्वर पर रख-रखाव एवं स्थानान्तरण का कार्य सम्पन्न किया जाएगा, जिसके फलस्वरूप उक्त अवधि में आमजन द्वारा ऑनलाईन लेखपत्र पंजीकरण एवं अन्य आवेदनों का कार्य अस्थायी रूप से बाधित रहेगा तथा उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकरण का कार्य सम्पादित नही किया जा सकेगा।अतएवं दिनाँक 08.11.2025 से 11.11.2025 तक आवेदनों का कार्य अस्थायी रूप से बाधित रहेगा तथा उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकरण का कार्य सम्पादित नही किया जा सकेगा।

### उपलब्धि महाविद्यालय के उत्कृष्टता की दिशा में बड़ा कदम

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। आर0एम0पी0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के शिक्षकों डॉक्टर अनूप सिंह (समाजशास्त्र) और डॉक्टर शशांक कुमार सिंह (हिंदी) को उनके नवाचार कार्य के लिए कॉपीराइट बौद्धिक संपदा प्रमाणन प्राप्त हुआ है। फ्रीयल-टाइम सोशल बिहेवियर एनालिसिस डिवाइसफ्र शीर्षक से दर्ज इस कार्य को औपचारिक मान्यता मिलने पर महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्त ने दोनों शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के अनुसंधान-उन्मुख वातावरण और अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में बड़ा कदम है।प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय की अनुसंधान क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगी और छात्रों-शोधार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित करेगी। हिंदी विभाग के प्रभारी डॉक्टर जयवीर सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि स्थानीय से वैश्विक स्तर तक सामाजिक उपयोगिता वाले अनुसंधान सामने आएँ। डॉ0 अनूप सिंह और डॉ0 शशांक कुमार सिंह ने सहयोग के लिए महाविद्यालय परिवार, छात्रों और सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि वे अपने शोध कार्य को समाजोपयोगी परिणामों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपने साथियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया तथा उन्हें बधाई दी।

### मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद पुलिस की कार्यशाला

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे फ्रमिशन शक्तिफेज- 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सीतापुर निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियोंध्मिशन शक्ति टीम के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख बाजारों, कस्बा, चैराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्णस्थानों पर जाकर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है ।इसी क्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच ध् बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव हेतु जागरुक किया गया ।महिलाओं/ बालिकाओं को बताया गया कि बसध्रास्तोंध्सार्वजनिक स्थल में मनचलों एवं शोहदों द्वारा छेडखानी की घटना होने पर डरने के बजाय तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1090 व थाना पर जाकर तत्काल एफ0आई0आर0 के लिए जागरुक किया गया ।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सावधानी से उपयोग करने एवं जागरुक करने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश एवं निर्देशों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

### परिनिर्वाण दिवस आज

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्व के जनक राजा टोडरमल जी का 436 वा परिनिर्वाण दिवस 8 नवम्बर 25 शनिवार को समय 11 बजे दिन में राजा टोडरमल पार्क निकट पुलिस क्लब कलेक्ट्रेट कचेहरी सीतापुर में मनाई जाएगी। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में गण मान्य उपस्थित रहेंगे। राजा टोडरमल के जीवन परिचय और उनके द्वारा किए गए संघर्षो के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। कार्यक्रम की जानकारी राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष संजय पुरी ने दी हैं।

### राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 में उत्कर्ष वर्मा का चयन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। अत्यंत हर्ष का विषय है कि राजा बहादुर डॉक्टर सूर्य बक्स सिंह इंटर कॉलेज, कमलापुर के प्रतिभावान छात्र उत्कर्ष वर्मा का चयन राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 में प्रतिभाग एवं प्रदर्शन हेतु किया गया है।कॉलेज के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता श्री परशुराम वर्मा के मार्गदर्शन में उत्कर्ष द्वारा तैयार वैज्ञानिक नवाचार मॉडल को गत सत्र 2024/25 में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में पुरस्कृत किया गया था। इसी मॉडल को अब भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन इन साइंस एंड मैथमैटिक्स द्वारा, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी हेतु चयनित किया गया है।यह प्रदर्शनी रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन श्यामला हिल्स, भोपाल (मध्य प्रदेश) में आगामी 18 नवम्बर से 23 नवम्बर 2025 तक आयोजित की जाएगी।कॉलेज प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक/कर्मचारियों ने उत्कर्ष वर्मा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह न केवल कॉलेज बल्कि पूरे कमलापुर क्षेत्र, जनपद सीतापुर, लखनऊ मंडल एवं प्रदेश उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है।

### रेउसा थानाध्यक्ष महिलाओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। विभागीय उच्चाधिकारियों व थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी के दिशा निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 व एंटी रोमियो के तहत जागरूकता अभियान 'के' क्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नागेंद्र कुमार पाण्डेय,महिला कां0शिल्पा विश्वकर्मा,महिला कां0सुषमा शर्मा,महिला कां0प्रगति शर्मा,कां0 संगीता हे0कां0रामबहादुर पटेल द्वारा क्षेत्र के ग्राम सेउता में बालिकाओं व महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों बाबत जागरुक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं व बालिकाओं पर होने वाले अपराधों व उनसे सुरक्षा से भी अवगत कराया गया व उनकी समस्याओं के निवारण हेतु उपायों के बारे में बताया गया।साथ ही विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों आदि के जागरूकता पम्पलेट का वितरण किया गया।इस दौरान सैकड़ों से अधिक बालिकाओं, महिलाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# हरियाणा में कांग्रेस क्या वाकई 'वोट चोरी' के चलते हारी?

**यही नहीं, एक कांग्रेस उम्मीदवार की रैली में उम्मीदवार का जोरदार अंदाज में स्वागत करने वाली गांव की सरदारी ने भी मुझसे बातचीत में कहा कि गांव तो भाजपा को वोट देगा लेकिन सबका सम्मान करना हमारी परम्परा और संस्कृति है इसलिए किसी को निराश नहीं करते। इसके अलावा, हरियाणा में एक कांग्रेस उम्मीदवार ने पार्टी की सरकार बनने पर सरकारी नौकरियों के आवंटन को लेकर विवादित बयान दे डाला था जिससे कांग्रेस बैकफुट पर आ गयी थी। साथ ही एक बात पूरे हरियाणा में देखने को मिल रही थी।**

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत को वोटों की चोरी और हेरफेर का परिणाम बताया है। राहुल गांधी ने एक तरह से सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस की स्पष्ट चुनावी जीत की संभावना के बीच भाजपा आखिर कैसे स्पष्ट बहुमत हासिल कर सकती है? राहुल गांधी ने भारतीय निर्वाचन आयोग और भाजपा पर जो सवाल उठाये हैं उससे पहले उन्हें इस बात का जवाब देना चाहिए कि आखिर क्यों कांग्रेस को हरियाणा विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त करने में एक साल का समय लग गया? आखिर क्यों कांग्रेस हरियाणा में हुड्डा परिवार से बाहर के किसी नेता को नेतृत्व नहीं सौंप पाती? राहुल गांधी को समझना होगा कि समस्या मतदाता सूची में नहीं बल्कि उसके राज्य नेतृत्व में है। राहुल गांधी को हरियाणा में भाजपा की जीत के कारणों पर ध्यान देने की बजाय इस बात पर आत्ममंथन करना चाहिए कि कांग्रेस की करारी पराजय के कारण क्या रहे? सवाल उठता है कि हरियाणा की जिस जनता ने विधानसभा चुनावों से कुछ माह पहले लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस को अच्छा जन समर्थन दिया था उसने विधानसभा चुनावों में पार्टी से क्यों मुँह मोड़ लिया? हरियाणा विधानसभा चुनावों में पूरे राज्य में घूम घूमकर प्रचार को कवर किया था। सबसे पहली बात जो धरातल पर नजर आ रही थी वह यह थी कि कांग्रेस की हवा सिर्फ मीडिया में है जमीन पर नहीं। दूसरी बात यह थी कि हुड्डा गुट ने जिस तरह पूरी कांग्रेस पर कब्जा किया हुआ था उससे पार्टी के अन्य गुट बेहद नाराज थे। खासकर टिकटों के बंटवारे, चुनाव प्रचार में भूमिका आदि के मामले में जिस तरह कुमारी शैलजा के साथ कांग्रेस नेतृत्व ने भेदभाव किया था उसके चलते गुस्सा सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मन में ही नहीं बल्कि समाज के भीतर भी दिख रहा था। खुद कुमारी शैलजा जिस तरह चुनावों के बीच नाराज चल रही थीं उससे हुड्डा गुट के प्रति गुस्सा उभर रहा था। कई सीटों पर मैंने देखा कि कांग्रेस के उम्मीदवार अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सिर्फ चुनाव नहीं लड़ रहे थे बल्कि वह पार्टी के भीतर मौजूद दूसरे गुटों से भिड़ने में ज्यादा समय लगा रहे थे। उनके चुनाव कार्यालय में बैठे लोग अपने प्रतिद्वंद्वी से ज्यादा पार्टी के ही नेताओं के खिलाफ बयानबाजी करने में मशगूल रहते थे। इसके अलावा, कांग्रेस ने कई ऐसे प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था जोकि अपने पैसे के बलबूते ही जीत की उम्मीद कर रहे थे। मैंने देखा कि ऐसे दो कांग्रेस उम्मीदवारों का सारा जोर सिर्फ फिल्मी सितारों से प्रचार करवाने में है। एक दो सभा के बाद वह अपनी आरामगाह में चले जाते थे और फिर शाम को ही प्रचार के लिए निकलते थे। प्रचार के लिए निकलने से पहले मुद्दों को समझने की बजाय उनका ज्यादा जोर अच्छा दिखने पर रहता था। एक कांग्रेस उम्मीदवार तो ऐसे भी दिखे जोकि दिन में ही इतना नशा कर लेते थे कि प्रचार करने की हालत में नहीं रहते थे, ऐसे में प्रचार की कमान उनके बेटे ने संभाल रखी थी। एक कांग्रेस उम्मीदवार का सारा जोर सिर्फ इसी बात पर था कि मतदाताओं को कैसे खुश किया जाये। हालांकि बातचीत में वह यह तक नहीं बता पा रहे थे कि उनके क्षेत्र की समस्याएं क्या हैं और उनकी पार्टी ने जो घोषणापत्र जारी किया है उसमें क्या वादे किये गये हैं। कई विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस उम्मीदवारों की सभाओं में बच्चों की अच्छी खासी संख्या दिखती थी।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**भारतीय भाषाओं की दखल बढ़ाने को लेकर टालमटोल करती रही न्यायपालिका मानने लगी है कि मरीजों को उसके इलाज आदि को जानने का हक संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिला हुआ है। न्यायपालिका ने मरीजों के इस हक को बीते तीस अगस्त को स्वीकार किया। इसी दिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने डॉक्टरों द्वारा लिखे पर्चे को साफ और स्पष्ट होने का निर्देश दिया था। अदालत ने तब कहा था कि सभी मेडिकल पर्चे और जांच रिपोर्ट साफ अक्षरों में लिखी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा था कि सरकारी और निजी अस्पतालों-दोनों को यह व्यवस्था लागू करना चाहिए। अदालत ने यहां तक कहा था कि डॉक्टरी पर्चे कैपिटल अक्षरों में या टाइप या डिजिटल रूप में होने चाहिए।**


# मेडिकल पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम



उमेश चतुर्वेदी

**स्वाभाविक है कि हिंदी माध्यम से पढ़ाई के लिए हिंदी में मेडिकल की किताबों की जरूरत बढ़ेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाई, जिसने पाठ्यक्रम से जुड़ी हिंदी में किताबें तैयार की है और इस दिशा में काम जारी है। कुछ राज्यों ने भी हिंदी में मेडिकल शिक्षा शुरू करने की घोषणा की है। इसी तरह हिंदी माध्यम में इंजीनियरिंग की पढ़ाई सितंबर 2021 में आईआईटी बीएचयू में शुरू हुई।**

हिंदी समेत भारतीय भाषाओं में डॉक्टर बोल-बतिया सकते हैं, मरीजों की तकलीफ की जानकारी भी ले सकते हैं, लेकिन उनके सामने जब इलाज, टेस्ट और दवा सुझाने की बारी आती है तो अंदर की अंग्रेजी स्वाभाविक रूप से उभर आती है। अंग्रेजी भी वैसी नहीं, अक्षर घसेटू। कुछ डॉक्टरों की पर्चियां तो ऐसी होती हैं, जिन्हें अनुभवी फार्मासिस्ट और पैथोलॉजिस्ट भी पढ़ पाने में नाकाम रहता है। लेकिन यह स्थिति बदलने जा रही है। अब डॉक्टरों को हिंदी में भी पर्चा लिखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। देश के सबसे बड़े, बेहतरीन अस्पताल और मेडिकल कॉलेज 'अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स' ने इस दिशा में कदम उठाया है। उसने डॉक्टरों से कहा है कि हिंदी में भी पर्चा लिखें। इतना ही नहीं, वह जरूरत के हिसाब से मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में कराने की ओर भी आगे बढ़ रहा है। एम्स की यह पहल स्वास्थ्य मंत्रालय के एक आदेश का नतीजा है। जिसमें मंत्रालय ने प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे धीरे-धीरे हिंदी में कामकाज शुरू करें। इस आदेश के बाद एम्स के हिंदी अनुभाग ने अपने सभी विभागों के कामकाज में हिंदी के उपयोग की शुरुआत करने को लेकर चिट्ठी लिखी है। इसमें सिर्फ डॉक्टरों के हिंदी में पर्चे लिखने की ही बात नहीं है, बल्कि अंदरूनी फाइलों की नोटिंग, आपसी पत्राचार और दस्तावेजों में भी हिंदी का उपयोग बढ़ाने की बात कही गई है। आज औपचारिक जीवन में अंग्रेजी के जारी वर्चस्व की पृष्ठभूमि अंग्रेजी माध्यम के जरिए औपचारिक पढ़ाई की 1860 में हुई शुरूआत है। जिसका मकसद सिर्फ भारत में अंग्रेजी जानने वाले बाबुओं को तैयार करना ही नहीं, बल्कि देसी 'मानस' को अंग्रेजी मानस में परिवर्तित करना भी था। अंग्रेजों की यह कोशिश सफल रही। जिसका असर आज भी न्याय, प्रशासन, इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे क्षेत्रों में दिखता है। और तो और, भाषायी माध्यम वाली बौद्धिकता को भी अपने यहां वैसी प्रतिष्ठा हासिल नहीं है, जैसी अंग्रेजी माध्यम वाले बौद्धिकों की है। नीति निर्माण में अब भी उसी नौकरशाही का दखल ज्यादा है, जो अंग्रेजी माध्यम में पढ़ी-लिखी है। हालांकि प्रशासन आदि में धीरे-धीरे ही सही, हिंदी समेत भारतीय भाषाओं का दखल बढ़ रहा है। लेकिन उच्च न्यायपालिका, मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में अब भी इस दिशा में आगे बढ़ने को लेकर हिचक दिखती है। अंग्रेजी माध्यम के वर्चस्व को देखते हुए अरसे से मांग रही है कि जिसे न्याय दिया जा रहा है, उसे पता होना चाहिए कि न्याय हो भी रहा है या नहीं, न्यायिक कार्यवाही सही तरीके से चल रही है या नहीं। इसी तरह चिकित्सा क्षेत्र में भी तर्क दिया जाता रहा है कि मरीज को यह जानने का अधिकार है कि उसका किस रोग का इलाज हो रहा है, उसका कौन-सा टेस्ट कराया जा रहा है और उसे कौन-सी दवा दी जा रही है? भले ही



**स्वास्थ्य मंत्रालय के इस आदेश को लागू होने में शुरुआती दिक्कतें तय हैं। इसका कारण करीब एक साठ सालों की अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा से बना मानस है। फिर भी यह आदेश इस जड़ता तोड़ेगा। निश्चित रूप से इससे भारतीय भाषाओं का मान बढ़ेगा, मरीजों के इलाज में पारदर्शिता भी बढ़ेगी।**

उच्च न्यायपालिका में न्याय और न्यायिक कार्यवाही में अब भी भारतीय भाषाओं एवं हिंदी की भूमिका को सहज स्वीकार्यता नहीं मिल पाई हो। लेकिन अब मेडिकल की दुनिया में भारतीय भाषाओं और हिंदी की भूमिका बढ़ने की पीठिका तैयार हो गई है। न्याय में भारतीय भाषाओं की दखल बढ़ाने को लेकर टालमटोल करती रही न्यायपालिका मानने लगी है कि मरीजों को उसके इलाज आदि को जानने का हक संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिला हुआ है। न्यायपालिका ने मरीजों के इस हक को बीते तीस अगस्त को स्वीकार किया। इसी दिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने डॉक्टरों द्वारा लिखे पर्चे को साफ और स्पष्ट होने का निर्देश दिया था। अदालत ने तब कहा था कि सभी मेडिकल पर्चे और जांच रिपोर्ट साफ अक्षरों में लिखी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने कहा था कि सरकारी और निजी अस्पतालों-दोनों को यह व्यवस्था लागू करना चाहिए। अदालत ने यहां तक कहा था कि डॉक्टरी पर्चे कैपिटल अक्षरों में या टाइप या डिजिटल रूप में होने चाहिए। अदालत ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग यानी एनएमसी से भी कहा था कि वह मेडिकल कॉलेजों में छात्रों को साफ लिखावट अपनाने के लिए प्रेरित करे। हाईकोर्ट ने कहा था कि जब तक कंप्यूटर से पर्ची लिखने की व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक सभी डॉक्टर कैपिटल अक्षरों में ही पर्चे लिखें। इस अदालती आदेश के संदर्भ में कह सकते हैं कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नये फैसले को एम्स द्वारा अमल करना मरीजों के हक की दिशा में बड़ा कदम है। इससे भारतीय भाषाओं को प्रशासन, न्याय और इलाज का माध्यम बनाने की कोशिशें परवान चढ़ेंगी। इससे भारतीय भाषाओं को मजबूती भी मिलेगी। इसी आदेश के आलोक में, एम्स अपने यहां मेडिकल की पढ़ाई भी हिंदी माध्यम में कराने की तैयारी में है। ध्यातव्य है कि कई राज्यों में बारहवीं तक परीक्षा और पढ़ाई का माध्यम हिंदी या भारतीय भाषाएं ही हैं। इन माध्यमों के मेधावी छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए चुने जाते रहे हैं, मेडिकल में पहुंचते ही अचानक से उनका पल्ला अंग्रेजी माध्यम से पड़ जाता है। उनके सामने अचानक आया अंग्रेजी माध्यम उन पर दबाव बढ़ा देता है। इस दबाव में कई प्रतिभाएं असमय ही मौत का रास्ता अख्तियार करती रही हैं। इसी संदर्भ में अरसे से मांग होती रही है कि मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में हिंदी माध्यम भी होना चाहिए। चूंकि मौजूदा केंद्र सरकार और उसकी वैचारिकी भारतीय भाषाओं की पक्षधर है। वैसे समाजवादी आंदोलन और उसके प्रेरणा पुरूष डॉ राममनोहर लोहिया भी हिंदी के पक्षधर रहे हैं। अतीत में केंद्र और कई राज्यों में समाजवादी सरकारें रहीं। लेकिन उन्होंने कभी इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किया। इस संदर्भ को देखते हुए भारतीय भाषाओं के समर्थक मौजूदा केंद्र और बीजेपी शासित राज्य सरकारों के आभारी हो सकते हैं कि उन्होंने भारतीय भाषाओं की पक्षधरता दिखाई है। मेडिकल की पढ़ाई हिंदी माध्यम से कराने की चर्चा जब से शुरू हुई है, मेडिकल तबका ही उसका सबसे बड़ा विरोधी रहा है। कई तो ऐसे भी रहे, जिन्होंने इस विचार को हंसी में ही उड़ा दिया। इस सोच को जमीनी हकीकत बनाना असंभव भी बताया जाता रहा है। ऐसे माहौल में मध्य प्रदेश सरकार अग्रणी बनी, और उसने 16 अक्टूबर 2022 को मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू करा दी। अब एमबीबीएस की पढ़ाई पहले साल के तीन विषयों एनाटॉमी, फिजियोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री की पढ़ाई हिंदी माध्यम से जारी है। वैसे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी छात्रों को उनकी मातृभाषा में चिकित्सा शिक्षा दिलाने की वकालत करती है। स्वाभाविक है कि हिंदी माध्यम से पढ़ाई के लिए हिंदी में मेडिकल की किताबों की जरूरत बढ़ेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाई, जिसने पाठ्यक्रम से जुड़ी हिंदी में किताबें तैयार की है और इस दिशा में काम जारी है। अब छत्तीसगढ़ और बिहार जैसे कुछ राज्यों ने भी हिंदी में मेडिकल शिक्षा शुरू करने की घोषणा की है। इसी तरह हिंदी माध्यम में इंजीनियरिंग की पढ़ाई सितंबर 2021 में आईआईटी बीएचयू में शुरू हुई। इसके तहत बीटेक के पहले साल के छात्रों को हिंदी माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। नवंबर 2022 में उत्तर प्रदेश के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय भी बीटेक प्रथम वर्ष की पढ़ाई हिंदी में शुरू कर चुका है। निश्चित तौर पर यह कदम ग्रामीण पृष्ठभूमि और भारतीय भाषाओं के माध्यम के छात्रों के लिए फायदेमंद होगा। वे नाहक तनाव से बच सकेंगे।

---




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | तृतीया 07:32 तक |
| नक्षत्रः | मृगशिर्षा 22:02 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शिव, 18:31 तक |
| सूर्योदयः | 06:39 |
| सूर्यास्तः | 17:30 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 09:21-10:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### खेल सारा वोट का !

*दिन पर दिन तीखे।*
*हो रहे बयान।।*
*पहुंचाना है ठेस।*
*है केवल ये ध्यान।।*
*बार बार गलती।*
*ऐसे यूं दोहराना।।*
*क्या बनी रणनीति।*
*जानता जमाना।।*
*खेल सारा वोट का।*
*लगती ना लगाम।।*
*करना जिन्हें खुश।*
*पहुंच रहा पैगाम।।*
*रह रह कर अब मंच से।*
*छोड़ते हैं तीर।।*
*त्वरित कुछ निकालें।*
*हो रहे अधीर।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सब्जियों के पोषक तत्वों को रखना है बरकरार तो इस तरीके से तैयार करें खाना

**हमारे** स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि हम पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स का सेवन करें। शरीर में किसी भी पोषक तत्व की कमी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकता है। इसलिए, हम अपनी डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर सब्जियां शामिल करते हैं। सब्जियां हमारी डाइट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इनमें विटामिन, मिनरल्स, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होता है। हालांकि, कई बार खाना पकाने के गलत तरीकों के कारण सब्जियों में मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। इसलिए, यह जानना जरूरी है कि खाना पकाने का सही तरीका क्या है, जो पोषक तत्वों को सुरक्षित रखने में मदद करता है।



**भाप में पकाना:** भोजन में पोषक तत्वों को बनाए रखने के लिए सबसे बेहतर तरीका खाने के स्टीमिंग यानी भाप में पकाना है। इस प्रक्रिया में सब्जियों को सीधे पानी में नहीं डाला जाता है, बल्कि उन्हें एक बंद बर्तन में रखकर नीचे उबाला जाता है और पानी की भाप से पकाया जाता है। इस प्रक्रिया में पानी सब्जियों के संपर्क में नहीं आता है, जिससे पानी में घुलनशील विटामिन जैसे विटामिन सी, बी-कॉम्प्लेक्स और फोलेट खत्म नहीं होते हैं। यह तरीका आपकी सब्जियों में उन पोषक तत्वों को बचाकर रखने में मदद करता है, जो आमतौर पर उबालने के दौरान पानी में घुल जाते हैं। सब्जियों को पकाने के लिए स्टीमिंग का एक बड़ा फायदा ये भी है कि इसमें तेल या घी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, जिससे भोजन हल्का और कम कैलोरी वाला रहता है। साथ ही, सब्जियों का नेचुरल रंग, स्वाद और कुरकुरेपन भी बना रहता है।

**हल्का भूनना:** सब्जियों को हल्का भूनना यानी कम समय और कम तेल में तेज आंच पर हल्का-हल्का भूनने से भी सब्जियों के पोषक तत्वों को बचाने में मदद मिलती है। जब हम सब्जियों को बहुत देर तक पकाते हैं तो इसमें मौजूद विटामिन और मिनरल्स गर्मी के कारण टूटने लगते हैं। हल्का भूनने के दौरान सब्जियों को कम समय तक पकाया जाता है, जिससे गर्मी के कारण होने वाले पोषक तत्व खत्म होते हैं। इसके अलावा, इस तरीके से खाना पकाने के लिए बहुत कम तेल का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे भोजन में फैट की मात्रा नहीं बढ़ती है।

**प्रेशर कुकिंग करना:** भारत के ज्यादातर घरों में कुकर का इस्तेमाल बहुत आम है। खाना पकाने के लिए यह एक तेज, सुविधाजनक और पोषक तत्वों को बचाने वाला तरीका है। प्रेशर कुकर में खाना तेज तापमान और दबाव पर जल्दी पक जाता है, जिससे लंबे समय तक गर्मी में रहने के कारण पोषक तत्वों की ज्यादा कमी नहीं होती है। इसके अलावा, कुकर में सब्जी पकाने के दौरान इस्तेमाल किया गया पानी ग्रेवी के रूप में खाने के लिए ही इस्तेमाल होता है, जिससे पानी में घुलनशील पोषक तत्व खत्म नहीं होते हैं और आपके शरीर में आसानी से चले जाते हैं। खाना पकाने का यह तरीका आमतौर पर दालों, आलू, गाजर, मटर और बींस जैसी सब्जियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**निष्कर्ष:** सब्जियों को पकाने के दौरान पोषक तत्वों को बनाए रखने के लिए आप खाने के इन तरीकों को अपना सकते हैं।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# अगर आज बुजुर्ग बोझ हैं, तो कल हम भी अकेले होंगे



प्रो. आरके जैन

**समाज में बदलाव की बुनियाद रखनी होगी। हमें यह समझना होगा कि बुजुर्गों की देखभाल कोई एकतरफा बोझ नहीं, बल्कि एक अनमोल रिश्ता है, जिसमें हम जितना देते हैं, उससे कहीं अधिक पाते हैं।**

**उनकी एक मुस्कान, उनका आशीर्वाद, उनकी मौजूदगी उस सारी भौतिक सुख-सुविधाओं से कहीं बढ़कर है, जिनके पीछे हम अंधे होकर भागते हैं। बुजुर्ग घर में वह जीवंत धरोहर हैं, जो नई पीढ़ी को संस्कार, धैर्य और करुणा का पाठ पढ़ाते हैं। उनके अनुभव हमें उन गलतियों से बचाते हैं, जो हम अनजाने में कर बैठते। फिर क्यों हम इस अमूल्य विरासत को बोझ कहकर ठुकराते हैं?**

**क्या** आपने कभी उन हाथों को गौर से देखा, जो कभी लोरियों की मधुर धुन में आपको थपकियां देते थे, जो आपके डगमगाते कदमों को थामकर चलना सिखाते थे? क्या आपने उन आँखों में झाँका, जो आपके लिए अनगिनत सपनों से सजी थीं, जिन्होंने आपके हर दर्द को चुपके से अपने भीतर समेट लिया? और फिर, क्या आपने कभी सोचा कि वे हाथ, वे आँखें, वे दिल, जो कभी आपके जीवन की नींव थे, आज क्यों कोई उन्हें 'बोझ' कहकर पुकारता है? यह सवाल महज एक प्रश्न नहीं, बल्कि समाज के नैतिक दर्पण में झाँकने की एक कठोर चुनौती है। यह उनसे है, जो बुजुर्गों के सुनहरे योगदान को भूलकर उन्हें हाशिए पर धकेल देते हैं। यह उनसे है, जो यह भूल जाते हैं कि उनकी आज की उड़ान उन पंखों की देन है, जो कभी उनके लिए थककर चूर हो गए थे। बुजुर्गों को 'बोझ' कहना महज एक शब्द नहीं, बल्कि एक जहरीली मानसिकता है, जो हमारे समाज की संवेदनाओं को ललकारती है। यह सोच उस नींव को खोखला करती है, जिस पर हमारा परिवार, समाज और संस्कृति टिकी है। बुजुर्ग हमारे समाज के वे विशाल वटवृक्ष हैं, जिनकी छाँव में हमारी जड़ें पनपीं, जिनके अनुभवों की शाखाओं ने हमें जीवन की कठिनाइयों से बचाया। उनकी कहानियाँ, उनकी सीखें, उनका अनमोल अनुभव–ये वो धरोहर हैं, जो किसी किताब में नहीं मिलती। फिर क्यों, आज के दौर में, कुछ लोग इन अनमोल रत्नों को बोझ समझने की भूल करते हैं? आज का समाज तेजी से भाग रहा है। करियर की अंधी दौड़, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं का जाल और स्वार्थ भरी जिंदगी ने हमें इतना आत्मकेंद्रित बना दिया है कि हम अपने बुजुर्गों की कीमत भूलते जा रहे हैं। उनकी धीमी चाल को हम कमजोरी समझते हैं, उनकी बार-बार दोहराई बातों को बोरियत मानते हैं। लेकिन क्या हमने कभी ठहरकर सोचा कि वह धीमी चाल उसी रास्ते की देन है, जिसे उन्होंने हमारे लिए बनाया? उनकी दोहराई जाने वाली कहानियाँ अनुभवों का वह खजाना हैं, जो हमें जीवन की उलझनों से उबार सकती हैं। फिर क्यों हम उनकी आवाज को अनसुना करते हैं? क्यों उनकी मौजूदगी को बोझ मान लेते हैं? यह सवाल हमसे नहीं, हमारे अंतरमन से है–क्या हम वाकई उस समाज के हकदार हैं, जो अपनी जड़ों को ही काट दे? बुजुर्गों को 'बोझ' कहना केवल एक सोच नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक विडंबना है, जो हमारी संस्कृति की जड़ों को हिलाती है। आज, जब संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवारों में सिमट रहे हैं, बुजुर्ग धीरे-धीरे घर के कोनों में खामोश अकेलेपन में धकेल दिए जा रहे हैं। बच्चे विदेशों की चकाचौंध में खो रहे हैं, नौकरियाँ शहरों की ओर खींच रही हैं, और इस आपाधापी में बुजुर्ग चार दीवारों के बीच अपनी अनसुनी इच्छाओं और भूले-बिसरे सपनों के साथ छूट जाते हैं। क्या यह वाजिब है कि जिन्होंने हमें जीवन की पहली साँस दी, हमारे कदमों को थामा, उन्हें उनके जीवन के अंतिम पड़ाव पर हम अकेला छोड़ दें? क्या यही वह संस्कृति है, जो बड़ों के सम्मान को अपनी शान मानती थी? यह सच है कि बुजुर्गों की देखभाल समय, धैर्य और संसाधनों की माँग करती है। उनकी बढ़ती उम्र के साथ शारीरिक और मानसिक ज़रूरतें जटिल हो सकती हैं। लेकिन क्या यह ज़िम्मेदारी हमें बोझ लगनी चाहिए? क्या हम भूल गए कि यही वे लोग हैं, जिन्होंने कभी हमारी खातिर अपनी नींद, अपनी खुशियाँ, अपनी महत्वाकांक्षाएँ त्याग दी थीं? एक माँ, जो रात-रात भर जागकर हमें सुलाती थी, एक पिता, जो अपनी मेहनत की कमाई हमारे सपनों में लगाता था–क्या आज उनकी छोटी-सी ज़रूरतें हमें भारी पड़ने लगी हैं? यह सवाल हर उस दिल से है, जो बुजुर्गों की देखभाल को बोझ समझ बैठता है। बुजुर्गों का सम्मान और उनकी देखभाल महज कर्तव्य नहीं, बल्कि एक अनमोल अवसर है–उनके अनुभवों से सीखने, उनकी कहानियों में जीवन की गहराई तलाशने और उनके साथ बिताए पलों से अपने जीवन को समृद्ध करने का।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# भारतीय हॉकी शताब्दी वर्ष पर गांधी स्टेडियम में हुआ रोमांचक हॉकी मुकाबला





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला खेल कार्यालय की ओर से शुक्रवार को गांधी स्टेडियम में पुरुष एवं महिला वर्ग के बीच रोमांचक हॉकी मुकाबलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया। डॉ.आलोक कुमार ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को ऊर्जावान बनाए रखते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, जिससे फिटनेस और अनुशासन दोनों में निखार आए।

पुरुष वर्ग में पहला मुकाबला स्टेडियम ट्रेनीज टीम 'ए' और स्टार क्लब के बीच खेला गया, जिसमें स्टेडियम ट्रेनीज टीम 'ए' ने 2-1 से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला दूयरी और स्टेडियम ट्रेनीज टीम 'बी' के बीच हुआ, जिसमें स्टेडियम ट्रेनीज टीम 'बी' ने 2-0 से शानदार जीत हासिल की।बालिका वर्ग में खेले गए पहले मैच में स्टेडियम ट्रेनीज टीम ने स्टार क्लब को 2-1 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से नई प्रतिभाओं को मंच मिलता है।निर्णायक मंडल में हॉकी कोच प्रगति सिंह और हाथी संघ के सचिव जयप्रकाश शामिल रहे। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे और पूरे आयोजन के दौरान मैदान पर उत्साह का माहौल बना रहा।

## गायन में रीतिका व नृत्य में वैशाली प्रथम

**जन एक्सप्रेस। चुनार**

उत्तरमुखी गंगातट पर नयनागढ़ महोत्सव समिति के तत्वावधान में स्नान पर्व कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव का समापन बुधवार की देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। गायन व नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। गायन में रीतिका (वाराणसी) ने प्रथम, नीरज सैनी (वाराणसी) दितीय व सिमरन (वाराणसी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में चुनार की वैशाली चतुर्वेदी ने कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिखा (आजमगढ़) दितीय व रिया नंदी (वाराणसी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को महोत्सव समिति की ओर से पुरस्कार एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, सूर्यगढ़ कलेक्शन चुनार फोर्ट महोत्सव समिति के संरक्षक मेजर कृपा शंकर सिंह, ई.सभाजीत सिंह, अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल अफसर अली, सौरभ पुजारी आदि प्रमुख मौजूद रहे।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन





**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

शुक्रवार को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व श्री मुकेश कुमार, गौतम द्वितीय कमान अधिकारी 70वीं वाहिनी एसएसबी लखीमपुर खीरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त बल कर्मियों ने एकजुट होकर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरे परिसर में देशभक्ति की भावना गूंज उठी।कार्यक्रम के दौरान श्री मुकेश कुमार गौतम कार्यवाहक कमांडंट 70वीं वाहिनी एसएसबी लखीपुर खीरी ने बल कर्मियों को वंदे मातरम गीत के ऐतिहासिक महत्व, इसकी रचना की पृष्ठभूमि तथा स्वतंत्रता आंदोलन में इसके योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ÷वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं,बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारे सम्मान, त्याग और समर्पण की प्रतीक भावना है। इसके उपरांत सभी बल कर्मियों ने सुबह 10÷35 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल में एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का लाइव संबोधन उत्साहपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन में राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास और जन-जन में देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाने के संदेश को सभी ने ध्यानपूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर बल परिसर में वंदे मातरम से संबंधित बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग्स भी लगाए गए, जिससे कार्यक्रम स्थल का वातावरण पूर्णतः राष्ट्रप्रेम से परिपूर्ण रहा। अंत में श्री मुकेश कुमार गौतम कार्यवाहक कमांडंट 70वीं वाहिनी एसएसबी लखीपुर खीरी ने सभी बल कर्मियों को एकता, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सदैव राष्ट्र सेवा में तत्पर रहने का संदेश दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मामूली विवाद में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** मामूली विवाद को लेकर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। जिससे खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कढेर चौरा निवासी अनीता देवी पत्नी रामबहादुर का शुक्रवार को दोपहर अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। धीरे-धीरे मामले में तूल पकड़ा। जिस पर गुस्सा आए पति राम बहादुर ने घर में रखे लकड़ी के पटले से पत्नी के सिर पर कई बार कर दिए।जिससे अनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। और जमीन पर गिर पड़ी। शोर सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। महिला को उपचार के लिए पीलीभीत ले जाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। वारदात को लेकर खलवली मच गई। बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने वताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच शुरू कर दी गई है।

### राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने पर कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को नगर के तहसील सभागार में प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गीत ुवंदे मातरमु का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने राष्ट्रीय गीत को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कहा कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी की यह अमर रचना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा रही है और आज भी देशवासियों में राष्ट्रभक्ति,एकता एवं आत्मगौरव की भावना जगाती है। आइए, वंदे मातरम् के इस अमर स्वर के साथ एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने अपने विचार रखे, इस दौरान उपजिलाधिकारी अजीत सिंह,तहसीलदार आशीष गुप्ता, ऋषिकांत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### देहात में जगह जगह लगे गंदगी के ढेर, नही ली सुध

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** शिक्षकों ने 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर अपनी पत्रावलियों को बीईओ कार्यालय में सौंपकर सामूहिक चयन वेतनमान स्वीकृत किए जाने का बिल शीघ्र बनाने की मांग की। बीआरसी पूरनपुर में बेसिक शिक्षा विभाग में 72825 शिक्षक भर्ती में करीब 70 शिक्षक नवम्बर 2015 को चयनित हुए थे। जिसमें 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर सामूहिक चयन वेतनमान लगाने को लेकर बीआरसी पूरनपुर क्षेत्र के दर्जनों शिक्षकों ने बीईओ कार्यालय के सम्बंधित लिपिक के पास अपनी-अपनी पत्रावलियों की फाइल जमा कर नवम्बर महीने के वेतन के साथ सामूहिक चयन वेतनमान स्वीकृत कर बिल बनाने की मांग की है। शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि अगर समय पर उन्हें चयन वेतनमान नहीं मिला तो आगे की रणनीति तय कर लखनऊ के महानिदेशक कार्यालय, जिलाधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर ज्ञापन प्रेषित कर समस्याओं से अवगत कराएंगे। फाइल जमा करने बालों में शिक्षक अशोक कुमार, चन्द्रवीर सिंह, हुकुम सिंह, ब्रजेश कुमार, गोविंद सिंह, अजीत कुमार सिंह, परमजीत कौर, विकास कुमार मिश्र, दीप्ति कपिल, पारुल, फईम खां, राजकुमार आर्य, रवि भदौरिया, सुधाकर शर्मा, प्रवेश राठौर आदि थे।इधर बेसिक शिक्षा विभाग में बीआरसी पूरनपुर में गणित-विज्ञान भर्ती के उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय में 51 शिक्षक 21 सितम्बर 2015 को चयनित हुए थे। इन सभी शिक्षकों के 10 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक चयन वेतनमान लगाने हेतु शिक्षक विजय शर्मा के नेतृत्व में सभी शिक्षकों ने अपनी-अपनी पत्रावलियां बनाकर पिछले माह बीआरसी पर फाइलें जमा की थी। मगर एक माह बीत जाने के बाद अभी तक बिल बनाने की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। शिक्षकों ने बताया कि इस सम्बंध में शीघ्र उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

### राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कैरियर मेले का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** नगर में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कैरियर मेले का आयोजन हुआ। मेले का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। प्रधानाचार्य वीना कुमारी ने बताया कैरीयर मेले का आयोजन विद्यालय में संपन्न हुआ है।मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा छात्रों को शिक्षित होकर विभिन्न क्षेत्रों में अपना कैरियर बनाना चाहिए ताकि समाज के अन्य बच्चे उनसे प्रेरित हो सके क्योंकि एक शिक्षित बेटी दो परिवार का कल्याण करती है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों के द्वारा स्वनिर्मित विविध क्षेत्रों को दर्शाने वाले मॉडल है। कार्यक्रम में डॉक्टर सोनी यादव आंचल गुप्ता रुबीना जैदी तहसील नोडल अधिकारी गोविंद झा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पूनम मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान लता राठौर सुमन श्रीवास्तव शक्ति कल्पना सीमा परिचारक दानबहादुर सहित सैकड़ो की संख्या में छात्राएं मौजूद रहे।

### कब्रिस्तान में गंदा पानी भरने पर लोगों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** कस्बा के मोहल्ला देवीस्थान में बने कब्रिस्तान पर दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा गंदा पानी भर देने का आरोप लगाया घटना से आक्रोश फैल गया देखते ही देखते भीड़ इकट्ठा हो जाने पर हड़कंप मच गया तमाम धार्मिक लोगों की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को सुबह कब्रिस्तान में गंदा पानी भरा हुआ मिलने पर समुदाय के लोगों में आक्रोश फैल गया मामले की भनक लगते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए किसी अनहोनी घटना को लेकर लोगों ने धर्म गुरुओं की अगुवाई में एकत्र होकर घटना पर आक्रोश जताते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने मामले की शिकायत एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौंपी गई है। उक्त घटना आग की तरह फैल गई जिससे चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। निरीक्षक उमेश चौरसिया के अनुसार मामला संज्ञान में आया है घटना पर पुलिस बल भेज कर मामले की जांच कराई जा रही है मोनिस अंसारी जावेद नदीम मोहम्मद अनस मोहम्मद अतीक अमन मतलूब आदि लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुलिस कार्यालय, पीलीभीत में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी सहित पुलिस कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का गायन किया और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सम्बोधन का सचित्र प्रसारण सम्मेलन कक्ष में देखा और सुना गया। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय भावना को सशक्त करना और देशभक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# लौह पुरुष के नाम से बने पार्क में किसान नेता ने किया श्रमदान, गूंजा स्वच्छता का संदेश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



नगर के सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में फैली गंदगी और उपेक्षा को लेकर शुक्रवार को क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक व किसान नेता देवस्वरूप पटेल के नेतृत्व में श्रमदान अभियान चलाया गया। अभियान में दर्जनों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर पार्क की साफ-सफाई की और लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। किसान नेता देवस्वरूप पटेल ने कहा कि नगर पालिका की लापरवाही के कारण महान एकता पुरुष के नाम से बने इस पार्क की दुर्दशा देखकर मन विचलित हो उठा। उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर श्रमदान शुरू किया तो कई सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक भी प्रेरित होकर सफाई कार्य में शामिल हो गए। पटेल ने कहा, जिस महापुरुष ने एक अखंड भारत के निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, आज उसी की प्रतिमा गंदगी में लिपटी हैं। यह हम सबके लिए शर्म की बात है।÷ उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से अपील की कि ऐसे ऐतिहासिक स्थलों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।

श्रमदान के दौरान डॉ. प्रथमेश भारद्वाज, रजनीश कुमार गंगवार, प्रमोद कुमार, रामप्रसाद गंगवार, पुरुषोत्तम मौर्य, रामवीर सिंह, यशपाल गंगवार और यशवंत पटेल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर स्वच्छता अभियान में हाथ बंटाया।

अभियान के अंत में पार्क की रंगाई-पुताई कराकर उसका सौंदर्यीकरण भी किया गया।

स्थानीय नागरिकों ने किसान नेता देवस्वरूप पटेल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अगर हर व्यक्ति समाज के प्रति इसी जिम्मेदारी की भावना रखे, तो बीसलपुर शहर का हर पार्क और गली स्वच्छता का उदाहरण बन सकता है।

## महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन को लेकर चला मिशन शक्ति अभियान

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



थाना हजारा, करेली और बरखेड़ा में मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा से संबंधित अधिकारों की जानकारी दी और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में किस प्रकार सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से सहायता प्राप्त की जा सकती है। टीमों ने महिला हेल्पलाइन 1090, 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत यह प्रयास लगातार जारी रहेगा ताकि हर महिला स्वयं को सुरक्षित और सक्षम महसूस कर सके।

# भाजपा ने आयोजित की एसआईआर की कार्यशाला




**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

ब्लाक सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह रहे।

विकास खंड सभागार में मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की विधानसभा कार्य शाला आयोजित की गई। जिस कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह रहे। भाजपा विधायक वावूराम पासबान और जिला अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इसके बाद कार्यशाला में आगामी चुनाव के संबंध में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। कार्य शाला में पहुंचे भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने कार्यशाला में कहा कि एसआईआर होना चाहिए। उन्होंने आगामी चुनाव को लेकर रुपरेखा तय की। कार्यकर्ताओं को चुनाव को लेकर जागरूक कर चुनाव में लगने की बात कही। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह,जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य रितुराज पासवान, जिला मंत्री अनुराग अग्निहोत्री, पूरनपुर नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, धुंघचिहाई मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, कलीनगर मण्डल अध्यक्ष भगवती सिंह, रामनगर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवम जयसवाल, सुल्तानपुर मण्डल प्रभारी हंसराम राठौर, राजाराम शर्मा, सहित बूथ अध्यक्ष गण, शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे। इस दौरान बीएलओ मौजूद रहे।

# यातायात माह में चला जागरूकता अभियान, 92 वाहनों के चालान

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



यातायात माह के तहत शुक्रवार को बेनहर गुरुकुल स्कूल में यातायात पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी गई और सदैव यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

इसके साथ ही यातायात पुलिस ने जिलेभर में डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में सड़क पर अवैध रूप से संचालित, अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले और नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस टीमों ने प्रमुख मार्गों, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से अतिक्रमण हटवाते हुए 24 डग्गामार वाहनों सहित कुल 92 वाहनों के चालान किए।

इन पर 1,24,500 का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा में सहयोग दें।

# पैसों के लेनदेन में युवक को बंधक बनाया

- पीड़िता ने पुलिस समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी, पुलिस जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

रेहरिया चौकी क्षेत्र के गांव छेडींपुर में एक युवक से पैसों के लेनदेन को लेकर उसकी पत्नी ने दबंग माफिया पर उसके पति को जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर अज्ञात जगह पर बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देने से हड़कंप मच गया है।

आनंन फानन में पुलिस हरकत में आई और युवक की सकुशल बरामदगी को लेकर तलाश में जुटी है।

पीड़िता मजलूमा ने शिकायत पत्र में बताया उसका पति बाबू शाह मोहम्मदी क्षेत्र के गांव कंधरापुर के एक युवक के साथ काम करते थे।जिनके पैसों को लेनदेन के लेकर दबंग ने एक नवंबर को उसके घर जाकर पति को बाइक पर बैठाकर अज्ञात जगह लेकर चले गए फोन पर बात करने से बताया रकम चुकता करने पर विचार करने की बात कह कर फोन बंद कर लिया था। 6 दिन से अज्ञात जगह उसके पति को बंधक बनाएं रखने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री समेत उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया बंधक को सकुशल छुड़ाने को लेकर पुलिस टीम दबिश दे रही है।निरीक्षक उमेश चौरसिया के अनुसार मामला पैसों को लेनदेन का बताया जा रहा है युवक की बरामदगी को लेकर पुलिस टीम भेजी गई है।

## अपने दम पर सरजू नदी पर लगभग सौ मीटर लम्बा लकड़ी का अस्थायी बनाया ग्रामिणो ने

**जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी**

साथी हाथ बढ़ाना, एक अकेला थक जाएगा मिलकर बोझ उठाना...एक फिल्म के इस गीत की पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए मांझा के ग्रामीणों ने सौ मीटर लंबा लकड़ी का पुल तैयार कर डाला। जज्बे की स्याही से' ग्रामीणों द्वारा इस लिखी गई इस इबारत को लोग सलाम कर रहे हैं। कहते हैं कि मजबूत हौसला हो और समाज के लिये कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो बड़ी से बड़ी रुकावट दूर की जा सकती है। निघासन तहसील की ग्राम पंचायत मांझा के लोगों ने इसे साबित किया है। सरकारों की अनदेखी के बाद अपने दम पर सरजू नदी पर लगभग सौ मीटर लम्बा लकड़ी का अस्थायी लेकिन मजबूत पुल बनाकर तैयार कर दिया। जिससे अब एक घंटे की दूरी 10 मिनट में तय की जा सकती है।

# चचेरे भाई ने मार डाला शराब के नशे में युवक की चाकू मार कर हत्या

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



युवक की हत्या का मामला सामने आया है। सदर कोतवाली इलाके में बृहस्पतिवार की रात करीब 9÷00 बजे शराब के नशे में हुए विवाद के बाद एक युवक ने दूसरे युवक की हत्या कर दी। आरोपी युवक मृतक का रिश्ते में चचेरा भाई बताया जा रहा है।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। मृतक और आरोपी दोनों धौरहरा कोतवाली वाली क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं, जो यहां किराए के कमरे में रहते थे। घटना सदर कोतवाली के मोहल्ला निर्मल नगर में हुई है। यहां पर धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़ियापुर का निवासी रंजीत कुमार (25) किराए का कमरा लेकर रहता था। बृहस्पतिवार की शाम उसके कुछ मिलने वाले कमरे पर आए। बताया जा रहा है कि दो-तीन लोग थे, जिन्होंने मिलकर शराब पी और शराब के नशे में ही आपस में कुछ विवाद हो गया।इसके बाद रंजीत की उसके रिश्ते के चचेरे भाई अभय भास्कर ने चाकू मार कर हत्या कर दी। आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई। इस पर इस पर शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर में एएसपी पूर्वी पवन गौतम भी घटनास्थल पर पहुंच गए। आसपास के लोगों से पूछताछ कर पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और आरोपी अभय भास्कर को भी हिरासत में ले लिया गया। एएसपी पवन गौतम ने बताया प्रथम दृष्टया घटना का कारण शराब के नशे में हुआ विवाद मालूम पड़ रहा है। फिलहाल पूरे घटना की जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया है।एक संदिग्ध आरोपी हिरासत में है जिससे पूछताछ की जा रही है।

### 20 रूपए की मिर्च के लिए दुकानदार ने युवक को पीट

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा।** लखीमपुर खीरी। गोला कोतवाली इलाके की है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की एक दुकानदार से 20 रुपये की मिर्च को लेकर बहस हुई थी। परिवार के लोगों ने बताया कि वह पास की दुकान से नमकीन लेना गया था, रास्ते में पड़ोस के ही एक दुकानदार ने उसे रोक लिया और मिर्च के 20 रुपये मांगने लगा। जबकि युवक कह रहा था कि उसने मिर्च ली ही नहीं तो पैसे किस बात के। बस इसी बात पर दुकानदार और युवक में बहस होने लगी। दुकानदार ने युवक को पकड़ लिया और कमरे में बंद कर उसकी बुरी तरह से पिटाई की। पिटाई से बुरी तरह घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई और आखिर उसकी मौत हो गई। घटना 27 अक्टूबर की है इस मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई थी। परिवार का आरोप है कि पुलिस ने उस वक्त कोई कार्रवाई नहीं की। मौत के बाद पुलिस ने शुरू की कार्रवाई वहीं युवक की मौत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर।

# खंभारखेडा गोला चीनी मिल ने जारी किया इन्डेन्ट



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड खंभारखेडा, गोला द्वारा पेराई सत्र 2025-26 का शुभारम्भ 10 नवम्बर 2025 दिन सोमवार से होने जा रहा है। इसी क्रम में खंभारखेडा, गोला चीनी मिल द्वारा गन्ना इन्डेन्ट कर जारी कर दिया गया। इन्डेन्ट का पूजन खंभारखेडा के केन हेड पुष्पेन्द्र ढाका व गोला के केन हेड पी एस चतुर्वेदी ने किया, पूजन मिल परिसर में स्थापित मन्दिर के मुख्य पुजारीयो द्वारा विधिविधान एवं वैदिक रीति रिवाज से सम्पन्न कराया गया। केन हेड पुष्पेन्द्र ढाका एवं पी एस चतुर्वेदी ने किसानों से अपील की है कि एस एम एस के माध्यम से पर्ची मिल जाने पर ही अपना गन्ना काटे व निर्धारित तिथि पर साफ सुथरा व ताजा गन्ना मिल में आपूर्ति करें। इस मौके पर खंभारखेडा यूनिट हेड अवधेश गुप्ता, गोला के युनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि मिल क्षेत्र के समस्त क्रयकेन्द्र स्थापित हो चुके है तथा मिल चलाने की समस्त तैयारियां पूरी हो चुकी है। इन्डेन्ट पूजन गन्ना विभाग के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों सहित आई.टी.हेड, विभागाध्यक्ष लैब व अन्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में खाने में कीड़े निकलने पर छात्रों ने किया हंगामा

## छात्र-छात्राओं ने वार्डन और मेस प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, हरदोई में छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि छात्रावास में बेहद घटिया और गंदा भोजन परोसा जा रहा है, जिसमें कई बार कीड़े निकल चुके हैं। इसके अलावा हॉस्टल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है, जिससे छात्र-छात्राएं परेशान हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर उन्होंने कॉलेज परिसर में हंगामा किया और वार्डन तथा मेस प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।स्थिति बिगड़ने पर कॉलेज प्रशासन ने पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को संभाला और छात्रों से बातचीत की। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता भी पहुंचे और छात्रों के समर्थन में नारेबाजी की। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना था कि छात्राओं की समस्याएं गंभीर हैं और कॉलेज प्रशासन इनकी अनदेखी कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सुधार नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल के भोजन में बार-बार कीड़े निकल रहे हैं, वार्डन अनूला छात्रावास में नहीं रुकतीं और शिकायत करने पर प्रिंसिपल से मिलने नहीं दिया जाता। छात्रों ने भी कहा कि मेस का भोजन दूषित है और सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लचर है। विरोध करने पर उन्हें अंक काटने की धमकी दी जाती है।वहीं, कॉलेज की प्रिंसिपल कविता त्रिपाठी ने छात्रों को आश्वासन दिया कि अब प्रतिदिन हॉस्टल में रह रही छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने सफाई और भोजन की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश भी जारी किए हैं। पुलिस ने सभी पक्षों से वार्ता कर स्थिति को शांत कराया।

# एसडीएम ने धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया




**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

एसडीएम अंकित तिवारी ने शुक्रवार को शाहाबाद की नवीन गल्ला मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय केंद्रों पर धान की तौल, गुणवत्ता की जांच कर भुगतान व्यवस्था का जायजा लिया।एसडीएम ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और तीव्र गति से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन क्रय प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए और किसानों के भुगतान में देरी न हो। इस दौरान मंडी सचिव अमित कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक खेल स्पर्धा आयोजित,विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



विधायक खेल स्पर्धा की 100 मीटर की दौड़ में अंशुल बाजपेई,200 मीटर की दौड़ में अजय शर्मा 1500 मीटर दौड़ में आकाश अव्वल रहे।प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी ने हरी झंडी दिखाकर किया।कार्यक्रम के समापन पर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। युवा कल्याण विभाग की तरफ से शुक्रवार को विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन हरपालपुर विकास खंड के सतौथा गांव के अटल बिहारी वाजपेई खेल मैदान में किया गया। यहां पर छात्र-छात्राओं ने जीत के लिए आजमाइश की।100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में अंशुल बाजपेई प्रथम अजय शर्मा द्वितीय जितेश तृतीय रहे। 400 मीटर बालक पर की दौड़ में आकाश प्रथम अनुज द्वितीय अंशुल तृतीय रहे। 200 मी बालिका वर्ग दौड़ में में संध्या प्रथम संध्या द्वितीय आरती तृतीया रही। 400 मीटर दौड़ में जरीना प्रथम अनामिका द्वितीय राखी यादव तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के समापन के दौरान विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन एकाग्रता और आत्मविश्वास का विकास होता है।खेल हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में संयोजक विधायक प्रतिनिधि डॉ रजनीश त्रिपाठी,एसडीएम मयंक कुंडू,बीडीओ संजय,बीईओ हरपालपुर उदयभान,बीईओ सुनील कुमार सिंह,गजेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व प्रधानाचार्य राम प्रताप पांडे,राकेश मिश्रा,अभिराम सिंह,निर्णायक विपुल सिंह,मनोज,संजय मिश्रा वीरपाल सिंह कठेरिया,पंकज वर्मा अंशुल कुमार,विशाल अग्निहोत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालक संजीव गुप्ता ने किया।

# धोखाधड़ी के मामले में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

धोखाधड़ी के मामले में 13 माह से फरार चल रहे अरहुली गांव निवासी एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इस मामले में शामिल दो अन्य नामजद अभियुक्तों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के पूरनपुर मजरा तिथिगांव निवासी राधेश्याम सिंह ने बीती 12 सितंबर 2024 को तत्कालीन एसपी नीरज जादौन को शिकायती पत्र दिया गया था।तत्कालीन एसपी के आदेश पर अरहुली गांव निवासी गोविंद व एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी से जमीन का बैनामा कराने का अभियोग दर्ज किया गया था।इस मामले की जांच के दौरान प्रकाश में आई महिला व पूरनपुर गांव निवासी मुनेंद्र को पुलिस ने 9 माह पूर्व ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में



13 माह से फरार चल रहे अभियुक्त गोविंद सिंह को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया है कि आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से अन्य वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# एसआईआर एवं यूनिटी मार्च विधानसभा कार्यशाला संपन्न

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को एसआईआर यूनिटी मार्च विधानसभा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भाग लिया। इस अवसर पर ष्मतदाता गहन पुनरीक्षण (ैप्त्) एवं यूनिटी मार्च विधानसभा कार्यशालाष् में उच्च शिक्षा मंत्री ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में गंभीरता से कार्य करने की अपील की। सभी कार्यकर्ता अपने गांव मोहल्ले एवं परिवार के वोटो को बढ़ाने का कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ करें। कार्यशाला में मौजूद सभी ने राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन्दे मातरम् गाया।




इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक महामंत्री सतेन्द्र राजपूत, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा मण्डल अध्यक्ष गण अनिल पाण्डेय पिन्टू, अनुज राजपूत, मनोज राजपूत, राघवेंद्र सिंह, श्रवण वर्मा, मण्डल प्रवासी देवराज सिंह व देवेन्द्र राजपूत, श्री हाकिम सिंह एवं बूथ अध्यक्ष गण एंव बूथ महामंत्री उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी कार्यालय में दुष्कर्म पीड़िता के पति ने काटा हंगामा, आत्महत्या की दी धमकी

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



शाहाबाद क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर गुरुवार को दोपहर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाए गए दुष्कर्म पीड़िता के पति ने कार्यालय के अंदर हंगामा काटा और क्षेत्राधिकारी के समक्ष आत्महत्या की धमकी दी। क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण ने एक नोटिस भेज कर पाली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दुष्कर्म पीड़िता उसके पति तथा उसके साथियों को बुलाया था। गुरुवार को बयान दर्ज होने थे। बयान दर्ज करने के लिए क्षेत्राधिकारी ने जब दोनों को कार्यालय के अंदर बुलाया तो उसने हंगामा काटना शुरु कर दिया और कहा पुलिस उसके ऊपर दबाव बना रही है और वह आत्महत्या कर लेगा।क्षेत्राधिकारी के अनुसार बयान दर्ज करने वाले के साथ कुछ मीडिया कर्मी भी प्लानिंग के अंतर्गत अंदर आ गए। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी तत्काल क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। आरोपी पति को डाक्टरी परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा गया।

# शिक्षक समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । उरई**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शिक्षक समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान के नेतृत्व में बीएसए चंद्रप्रकाश को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेशीय नेतृत्व की मांग के क्रम में शासन द्वारा पूर्व में गठित विशेषज्ञ समिति का निर्णय आने तक ऑनलाइन अटेंडेंस को अनिवार्य न किया जाए। जिला महामंत्री इलयास मंसूरी ने कहा कि एसआईआर हेतु बीएलओ व सुपरवाइजर के रूप में काम कर रहे शिक्षकों को अन्य जनपदों की तरह विद्यालय से पूर्ण दिवस कार्यमुक्त किया जाए। प्रदेशीय मीडिया प्रमुख बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि एरियर भुगतान में वित्त नियंत्रक के 10 फरवरी 2024 के आदेश के अनुसार ही संलग्नक मांगे जाएं और भुगतान हेतु निर्धारित समय सीमा का पालन किया जाए। प्रतिनिधिमंडल द्वारा ऑनलाइन चयन वेतनमान की समय से स्वीकृति हेतु ई-सर्विस बुक में शिक्षकों के इनिशियल कैडर अपडेट करने, वैवाहिक स्थिति अपडेट करने हेतु फैमिली आईडी को मान्य करने, पोर्टल न खुलने से ऑनलाइन अवकाश न ले पाने वाले शिक्षकों को अनुपस्थित न मानने, विद्यालयों की बाउंड्रीवाल बनवाने, सेवा पुस्तिकाओं को नियमित अपडेट और सत्यापित करवाने, गुम हो चुकी सेवा पुस्तिकाओं के न मिलने पर नई सेवा पुस्तिकाएं बनवाने सहित कई समस्याओं से बीएसए को अवगत कराया। बीएसए ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।



इस दौरान जिला संयुक्त महामंत्री अरविंद स्वर्णकार, जिला उपाध्यक्ष मु0 अय्यूब कुरैशी, जिला संयुक्त मंत्री इनाम उल्ला अंसारी, छुन्ना प्रसाद, शारिक अंसारी, उमेश कुमार, अखिलेश रजक, अरविंद निरंजन, दशरथ सिंह पाल, प्रदीप कुमार सिंह, पवन सोनी, कप्तान सिंह, राजेंद्र सोनी, भागवती, सौरभ सोनी, शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रेमबाबू, प्रदीप प्रजापति, दीपिका चौहान, राममनोहर गुप्ता, नेहा खातून आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# ई- रिक्शा पलटने से युवक घायल, रेफर किया गया

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के नया गांव के पास गुरुवार की रात एक तेज रफ्तार ई रिक्शा आनियंत्रित होकर पलट गया जिससे रिक्शे में बैठा युवक घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालात गंभीर होने की वजह से मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम रामपुर हृदय निवासी ललित कुमार पुत्र दिनेश कुमार कूड़ी में अपनी दीदी के यहां होकर ई रिक्शा से वापस लौट रहा था। रात आठ बजे से नया गांव के पास पहुंचा तेज रफ्तार ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे वह घायल हो गया। घायल को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है।

# डीएम ने जनसुनवाई में सुनी 90 जन शिकायतें

## 04 बच्चों को बाल सेवायोजना व 03 महिलाओं को निराश्रित महिला पेंशन का मिला लाभ




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 90 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई में 04 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा गया तथा 03 महिलाओं को निराश्रित महिला पेशंन योजना से जोड़ा गया।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वंदे मातरम् गीत में देश भक्ती की झलक दिखती है: अनुनय झा




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत ''वंदे मातरम्'' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम अनुनय झा ने एडीएम वि0रा0 प्रियंका सिंह एवं अन्य कलेक्ट्रेट अधिकारियों के साथ वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन किया।

इस अवसर पर डीएम ने कहा कि श्री चट्टोपाध्याय जी के इस वंदे मातरम् गीत को सम्पूर्ण देशवाशिओं को एक सूत्र में बांधने में अहम भूमिका है जिससे हम सभी में देश भक्ति के साथ वंदे मातरम् गीत में देश भक्ती की झलक दिखती है। इस अवसर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेस्ले इंडिया ने 'सर्व सेफ़ फ़ूड' प्रोजेक्ट का किया विस्तार

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

उत्तर प्रदेश में सर्व सेफ़ फ़ूड प्रोजेक्ट के भौगोलिक विस्तार के तहत, नेस्ले इंडिया ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए), उत्तर प्रदेश और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (एनएएसवीआई) के साथ अपने सहयोग को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, आगरा और पीलीभीत सहित छह ज़िलों में 4,200 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को प्रशिक्षण देने का कार्य किया है। इस पहल के साथ राज्य में कुल प्रशिक्षित वेंडर्स की संख्या 14,000 से अधिक हो गई है। सर्व सेफ़ फ़ूड प्रोजेक्ट अब तक 26 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 92,800 से अधिक स्ट्रीट फूड वेंडर्स को लाभान्वित कर चुकी है। इस पहल के तहत वेंडर्स को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित भोजन प्रबंधन, अपशिष्ट निपटान और उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया है। महामारी के बाद परियोजना में कोविड-19 सुरक्षा उपायों और डिजिटल भुगतान से जुड़ा एक नया मॉड्यूल भी जोड़ा गया है। पीलीभीत में आयोजित उद्घाटन समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं कार्यवाहक डी.ओ. श्री स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा, उत्तर प्रदेश भारत के पर्यटन का केंद्र है। हमें न केवल देशभर से बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटक प्राप्त होते हैं। हमारा स्ट्रीट फूड हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हम जानते हैं कि यह हर पर्यटक की यात्रा का प्रमुख आकर्षण होता है।

# एआरटीओ कार्यालय में लगाया गया स्वास्थ्य एवं मधुमेह (शुगर) परीक्षण जांच शिविर

**जन एक्सप्रेस । उरई**

यायातात माह नवम्बर एवं सडक सुरक्षा के तहत उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चालक लाइसेंस के आवेदकों/अन्य वाहनों के चालकों के स्वास्थ्य एवं मधुमेह (सुगर) परीक्षण की जाँच हेतु शिविर लगाया गया। जिसमें 40 चालक लाइसेंस के आवेदकों ने प्रतिभाग किया। उपस्थित समस्त चालक लाइसेंस के आवेदकों/चालकों के स्वास्थ्य, नेत्र एवं मधुमेह (सुगर) की जाँच नेत्र एवं पैथलॉजी चिकित्सकों की टीम द्वारा की गयी। एआरटीओ सुरेश कुमार ने शिविर में उपस्थित चालक लाइसेंस के आवेदकों को सुरक्षित




परिवहन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया तथा सभी से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट का प्रयोग करें। नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुघर्टना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारियाँ न ढ़ोयें। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि स्वस्थ्य शरीर एवं सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरुकता से ही सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाई जा सकती है। साथ ही वाहनों को अपनी लाइन पर संचालित करने तथा वाहन को रोकते समय साइड इण्डीकेटर का प्रयोग कर सुरक्षित स्थान पर यात्रियों को उतारने, अनधिकृत तरीके से वाहन को ढ़ाबों पर खड़ी न करने एवं यात्रियों को असुविधा न हो ध्यान में रखकर यात्रा करायें। इस दौरान शिविर में सुरेश कुमार एआरटीओ, संतोष कुमार पटेल मोटर वाहन निरीक्षक, बीर बहादुर सिंह यातायात प्रभारी एवं कार्यालय के समस्त पटल सहायक उपस्थित रहे।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड, ग्रामीण भारत की ग्रोथ पोटेंशियल पर रहेगा फोकस

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो ग्रामीण और इससे जुड़े क्षेत्रों में निवेश पर फोकस करेगी। यह स्कीम 6 नवंबर 2025 से 20 नवंबर 2025 तक निवेशकों के लिए खुली रहेगी।

इस फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में निवेशकों की दौलत में इजाफा करना है, जिसके लिए यह उन कंपनियों के शेयरों में निवेश करेगा, जो भारत के ग्रामीण विकास और बदलाव (रूरल ट्रांसफॉर्मेशन) से जुड़ी हैं या उससे लाभ कमा रही हैं। इस स्कीम का बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी रूरल इंडेक्स टीआरआई होगा।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने इस मौके पर कहा कि, ग्रामीण भारत अब केवल खेती तक ही सीमित नहीं है, यह भारत के विकास का नया मोर्चा बन चुका है। वित्तीय समावेशन से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग तक, ग्रामीण भारत में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। यह बदलाव अवसरों, नई उम्मीदों और सरकारी नीतियों की वजह से आ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आय और कंजम्पशन अब भारत की बड़ी आर्थिक कहानी का एक अहम हिस्सा हैं। कोटक रूरल अपॉर्च्यूनिटीज फंड का लक्ष्य निवेशकों को इस बदलाव में भागीदार बनने में मदद करना है, यह बदलाव भारत की सबको साथ लेकर चलने वाली और संतुलित आर्थिक विकास की यात्रा के साथ मेल खाता है।

# विभाग की अनदेखी : राजमार्ग पर अवैध कट, बने हादसों के शॉर्टकट



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

नेशनल हाईवे पर सड़क पार करने के लिए बनाए गए अवैध कट हादसों का सबब बन रहे हैं। इन कटों से निकलने के चक्कर में कई लोग अपनी जान गंवाने से बच चुके हैं तो कई लोगों की जान जा चुकी है। कुछ कट गाड़ियों की टक्कर से रेलिंग के टूटने से बन गये हैं तो कुछ लोगों ने अपनी सहूलियत के लिए बना लिया है जो दुर्घटनाओं का सबब बन गये हैं। इसके बावजूद इन कटों को बंद करने के लिए कोई कवायद नहीं की जा रही है। प्रयागराज-अयोध्या नेशनल हाइवे सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है। इस मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, जिनमें से कुछ लोग घायल होते हैं तो कुछ की मौत हो जाती है। इन हादसों की वजह देखें तो हाईवे पर बने अवैध कट भी हैं जहां से पैदल और बाइक सवार अनियंत्रित तरीके से सड़क पार करते हैं। इन अवैध रास्तों के कारण वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कटों के कारण आए दिन हादसे होते हैं। कोहड़ौर बाजार में हाइवे पर दोनों लेन के बीच लगी रेलिंग को हटाकर कई कट बना दिया गया है जिसके रास्ते पैदल लोग सड़क पार करते हैं और जरा सा ध्यान चूका तो दुर्घटना का शिकार बन जाते हैं। इसके अलावां सड़क में कई जगह गढ्ढे भी हो गये हैं जिनसे चारपहिया वाहन तो ज्यादा प्रभावित नहीं होते लेकिन बाइक सवार कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना की जद में आ सकते हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण आखिर क्यों इन सड़क पे हुए गड्ढों और अवैध कट को नजरअंदाज कर रहा है। हाइवे पर बने अवैध कट, छोटे-छोटे लेकिन खतरनाक गढ्ढे व बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर अगर सम्बन्धित विभाग द्वारा अंकुश लगाया जाये तो शायद दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

## दो बाइक सवार की आमने-सामने भिडंत, दोनों घायल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के पट्टी थाना इलाके के जजनीपुर गांव के समीप एक पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये।

दिलीपपुर थाना इलाके के गोई गांव निवासी जय पाण्डेय (26 वर्ष) अपनी बाइक से पट्टी की ओर जा रहे थे। जैसे ही जजनीपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे उडैयाडीह निवासी रमेश पाण्डेय (60 वर्ष) की बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने निजी वाहन से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने घायलों की हालत गम्भीर देख प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया।

# कोहड़ौर का दो दिवसीय ऐतिहासिक मेला आज से आरम्भ



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर कस्बे में लगने वाले दो दिवसीय ऐतिहासिक मेले की तैयारियां शुक्रवार शाम तक पूरी हो गई। शुक्रवार को कस्बे के मुख्य बाजार में मेला कमेटी के अध्यक्ष और कस्बे के नागरिकों की बैठक हुई। जिसमें शनिवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय मेले को लेकर अंतिम रूप दिया गया। इससे पहले नगर पंचायत कोहड़ौर द्वारा मेला ग्राउंड पर साफ सफाई कराई गई। कोहड़ौर मेला कमेटी के अध्यक्ष शिवशंकर सोनी ने बताया कि कोहड़ौर कस्बे के ऐतिहासिक मेले की तैयारी पूरी कर ली गई है। कमेटी के सदस्यों और कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोहड़ौर मेला कार्यक्रम आज और कल यानी शनिवार और रविवार दो दिनों तक चलेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद व उनके प्रतिनिधि किशन सोनी व नगर पंचायत के कर्मचारी शुक्रवार को मेला ग्राउंड पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेने के साथ ही कमियों को दुरुस्त कराने में लगे हुए थे। शुक्रवार देर शाम तक सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई। ताकि मेले में आने वाले लोगों और दुकानदारों को कोई समस्या न हो और किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

# मनचलों का दुस्साहस : कॉलेज से लौट रही छात्रा से की छेड़खानी, घर पर आ धमके

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



सांगीपुर थाना इलाके में कुछ मनचलों द्वारा एक छात्रा के साथ कालेज से घर लौटते समय रास्ते में छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। कॉलेज से लौट रही 12वीं की छात्रा पर छींटाकशी करने के साथ ही मनचलों ने उसे धमकियां भी दी। यही नहीं दुस्साहसी मनचले छात्रा का पीछा करते हुए उसके घर तक आ धमके। परिजनों और गांववालों ने जब विरोध कर मनचलों को दौड़ा लिया तो वहां से भाग निकले। सरकार के निर्देश पर पुलिस विभाग के साथ ही अन्य विभागों द्वारा एक ओर जहां मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के जरिये छात्राओं, बालिकाओं व महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है तो वहीं कुछ मनचले व अराजक तत्व अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। फिलहाल सांगीपुर पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। छात्रा के पिता ने सांगीपुर थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि गुरुवार शाम साढ़े तीन बजे उसकी बेटी अपने कॉलेज से पढ़ाई करके घर आ रही थी तभी रास्ते में सांगीपुर बाजार में लगभग आधा दर्जन लोग उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे तथा गंदे गंदे इशारे करने लगे और मां बहन की भद्दी-2 गालियां देते हुए इज्जत लूटने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर वो घर पहुंची। पिता का आरोप है कि दबंग यहीं नही रुके और छात्रा का पीछा करते हुए घर तक आ धमके और भद्दी-2 गालियां देने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पिता की तहरीर पर पांच नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

## कप्तानगंज होकर आज व कल चलेगी विशेष गाड़ी

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कप्तानगंज-थावे रेल मार्ग पर रेलवे प्रशासन ने छपरा-आनंद विहार टर्मिनल अनारक्षित अप और डाउन विशेष गाड़ी के संचालन की मंजूरी दी है। इन ट्रेनों का संचालन सात नवंबर से नौ नवंबर तक होगा। इसके संचालन से देश के बड़े शहरों से दीपावली और छठ पर घर आए लोगों को काम पर लौटने में आसानी होगी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05090 आनंद विहार टर्मिनल-छपरा अनारक्षित विशेष गाड़ी सात नवंबर को आनंद विहार टर्मिनस से शाम छह बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली होते हुए दूसरे दिन शाहजहांपुर से 12.10 बजे चलकर सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर होते हुए कप्तानगंज से 8ः45 बजे, रामकोला से 9ः12 बजे, पडरौना से 9ः34 बजे पहुंचेगी। छपरा दो बजे पहुंचेगी।

# पुलिस लाइन में राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ वन्देमातरम का हुआ सामूहिक गायन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शुक्रवार को पुलिस लाइन में राष्ट्रगीत वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अधिकारियों, पुलिसकर्मियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक स्वर में वंदेमातरम का सामूहिक गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं निष्ठा व्यक्त की गई। पूरा कार्यक्रम गंभीरता, गरिमा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। गौरतलब है कि हमारे राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 7 नवम्बर, 1875 (अक्षय नवमी) के शुभ अवसर पर की गई थी। यह गीत मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि एवं दिव्यता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करता है तथा भारत की एकता, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को काव्यात्मक रूप में अभिव्यक्त करता है। वंदेमातरम आज भी राष्ट्रप्रेम एवं गौरव का अमर प्रतीक है। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि वंदे मातरम भारत माता के प्रति आस्था और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ ही युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने को एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। साथ ही कहा कि राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान दोनों ही हमारे संविधान और संस्कृति के प्रतीक हैं। कार्यक्रम में मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी विभागों से अपील की कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को इतिहास और मूल्यों से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में सदर विधायक राजेन्द्र कुमार, एसपी दीपक भूकर, क्षेत्राधिकारी लाइन शिवनारायण वैस, तथा प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय सहित पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी तथा राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के अंत में देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति और सामूहिक जयघोष ÷वंदे मातरम÷ के साथ समारोह का समापन हुआ।

# सूअर बाड़े की जमीन पर लगी अम्बेडकर की मूर्ति, प्रशासन ने हटवाया

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**



पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कमासिन खुर्द में गुरुवार की रात सूअर बाड़े की जमीन पर अचानक भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाए जाने से शुक्रवार की सुबह गांव में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मूर्ति को हटवा दिया।

प्रशासन ने मूर्ति को हटवाकर पंचायत भवन में सुरक्षित रखवाया, जबकि इस दौरान गांव की दो दर्जन महिलाएं मूर्ति हटाने का विरोध करती रहीं। महिलाओं ने अधिकारियों से कहा कि मूर्ति यथास्थान बनी रहनी चाहिए। हालांकि, काफी समझाने-बुझाने के बाद महिलाएं मान गईं और माहौल शांत कराया गया। एसडीएम सदर जितेन्द्र कुमार ने बताया कि जिस स्थान पर मूर्ति स्थापित की गई थी, वह जमीन ग्राम सभा की है और पहले से सूअर बाड़े के लिए चिन्हित है। गांव के कुछ लोगों को आशंका थी कि इस जमीन पर पानी की टंकी या अन्य निर्माण कार्य कराया जाएगा, इसी के चलते गुरुवार रात बिना अनुमति मूर्ति स्थापित कर दी गई।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सार्वजनिक स्थल पर मूर्ति लगाने से पूर्व प्रशासनिक अनुमति अनिवार्य है। बिना आदेश मूर्ति लगाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। स्थिति को संभालने के लिए मौके पर सीओ सदर जय प्रकाश त्रिपाठी, नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी, थानाध्यक्ष पनियरा राघवेंद्र सिंह, एसओ श्यामदेउरवां अभिषेक सिंह और एसओ भिटौली मदन मोहन मिश्रा अपने-अपने फोर्स के साथ मौजूद रहे।

## फाजिलनगर में बनेंगी सड़कें और नाली, नागरिकों को होगी सहूलियत

**कुशीनगर।** आकांक्षी नगर योजना के तहत नगर पंचायत में सड़क और नाली का निर्माण होगा। शासन की ओर से 1.66 करोड़ रुपये अवमुक्त कर दिए गए हैं। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। सड़क और नाली के निर्माण हो जाने से नगरवासियों को सहूलियत होगी। नगर के विभिन्न वार्डों में आकांक्षी योजना के तहत 1.66 करोड़ की लागत से आरसीसी रोड का निर्माण होगा। सड़कें बनने के बाद मोहल्लों के लोगों को जहां आवागमन में सुविधा होगी, वहीं जलभराव से निजात मिलेगी।काफी दिनों से नगर के लोग सड़क व नाली निर्माण के लिए नगर पालिका प्रशासन से मांग कर रहे थे। नगर पंचायत की ओर से निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। करीब चार मोहल्लों में सड़क का निर्माण होगा। एसडीएम आशुतोष कुमार ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य किए जा रहे हैं।

# धान के खेत में मिला युवक का शव, परिजनों को हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के फतनपुर थाना इलाके के नारायण कला गांव में धान के खेत में एक युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया।

मिली जानकारी के अनुसार फतनपुर थाना क्षेत्र के नारायण कला गांव निवासी शुभम हरिजन (17 वर्ष) पुत्र मनोज हरिजन गुरुवार की रात लगभग नौ बजे गांव से निमंत्रण में शामिल होकर घर आया था। कुछ देर बाद उसके कुछ साथी घर आये और उसे बुलाकर ले गए। जिसके बाद वो घर वापस नहीं लौटा। सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो उन्होंने शुभम का शव पड़ा देखा। उसका मोबाइल भी गायब है। सूचना मिलने के बाद अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एएसपी ने थाना प्रभारी से मामले की जानकारी करने के साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाया। वहीं फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालात को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है। शुभम वैवाहिक कार्यक्रम में सजावट के साथ शटरिंग का कार्य भी करता था। घटना के बाबत अधिकारियों का कहना था कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फतनपुर पुलिस द्वारा इस संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन करने के साथ मामले की छानबीन की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई की जायेगी और दोषी जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

# जिला पूर्ति अधिकारी ने वाहन चालकों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में शुक्रवार को जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने वाहन चालको में जागरूकता के दृष्टिगत ÷नो हेल्मेट, नो फ्यूल÷ अभियान के क्रम में विभिन्न पेट्रोल पम्प आउटलेट्स पर जाकर आम जनमानस को हेलमेट पहनने हेतु जागरूक किया। इसके साथ ही पेट्रोल पम्प संचालको को निर्देशित किया कि अपने पेट्रोल पम्प पर ईधन भरवाने आने वाले आम जनमानस को हेलमेट पहनने हेतु जागरूक करें। साथ ही साथ जनपद के समस्त दो पहिया वाहन चालकों से अनुरोध किया कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।



जनपद में ÷नो हेल्मेट, नो फ्यूल÷ के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता के दृष्टिगत जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा टीम के साथ पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण करने के साथ ही वहां ईधन भरवाने हेतु आने वाले सभी वाहन चालको को यह बताया जा रहा है कि आपका जीवन अनमोल है इसलिए वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ साथ वाहन चालकों को जागरूक किये जाने के दृष्टिगत सभी पेट्रोल पम्पों पर ÷नो हेल्मेट, नो फ्यूल÷ सम्बंधी होर्डिंग प्रदर्शित करा दिया गया है।

## वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

सुरौली थाना क्षेत्र के जोकहा खास निवासी अमित गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते मंगलवार को उनके पिता शिवशंकर व भाई संजीव कुमार गौतम देर शाम आठ बजे बाइक से गांव से देवरिया जा रहे थे। अभी वह तिवई पेट्रोल पंप के पास पंहुचे ही थे, कि लापरवाही पूर्व कार चलाते हुए कार ने ठोकर मार दिया। जिससे पिता शिवशंकर की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि भाई संजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस कार व अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# पारदर्शिता के बिना नहीं चलेगा विकास कार्य : सभापति

### गरीबों और किसानों के हित और धन से खिलवाड़ करने वालों पर टूटेगी कार्रवाई की गाज

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद के विकास भवन सभागार में शुक्रवार को पंचायती राज समिति सभापति व सिसवा विधायक प्रेमसागर पटेल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों की आडिट संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आडिटर, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी तथा विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक से पूर्व जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभापति को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया बैठक को संबोधित करते हुए सभापति श्री पटेल ने कहा कि आडिट जांच में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है, बिना पारदर्शिता के किए गए कार्यों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानमंडल के कार्यों में सहयोग हेतु उप समिति गठित की गई है, जो पंचायती विकास कार्यों की निगरानी और आडिट कराती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 एवं 2024 के विकास कार्यों की आडिट हेतु विधानसभा में प्रस्ताव अनुमोदनाधीन है, जिसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। साथ ही, पूर्व में किए गए कार्यों की भी आडिट की जाएगी।

सभापति ने स्पष्ट किया कि आडिटर किसी भी दबाव में न आकर निष्पक्ष व पारदर्शी जांच करें। यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी या संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के कार्य गरीब, लाचार व किसान वर्ग के उत्थान के लिए होते हैं, इसलिए इन कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि आम जनता बाजार से खाद्य सामग्री या आवश्यक वस्तुएं खरीदते समय जीएसटी का भुगतान करती है, अतः उनका पैसा विकास कार्यों में सही रूप से खर्च होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विकास कार्यों में धन का दुरुपयोग पाया गया, तो न केवल रिकवरी की जाएगी बल्कि दोषियों पर सख्त कार्यवाही भी की जाएगी। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, आडिटर एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अस्पतालों की पार्किंग लापरवाही पर पुलिस सख्ती, 427 वाहनों का चालान, 13 वाहन सीज

■ पॉलिटेक्निक चौराहे से नईगंज तक हॉस्पिटल और नर्सिंग होम की जांच, 20 वाहन जब्त – चेतावनी भी दी गई

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर-2025 के तहत शुक्रवार को यातायात पुलिस ने शहर में सघन अभियान चलाया। अभियान का केंद्र बिंदु रहा शहर के प्राइवेट हॉस्पिटल और नर्सिंग होम्स की अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था।

प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम ने पॉलिटेक्निक चौराहे से नईगंज तक स्थित सभी निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स की जांच की। कई संस्थानों के पास पार्किंग की व्यवस्था न होने या होते हुए भी सही उपयोग न किए जाने से आने-जाने वाले मरीजों व राहगीरों को जाम की समस्या झेलनी पड़ रही थी। स्थिति गंभीर देख पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और 20 वाहनों को पुलिस लाइन, यातायात कार्यालय लाकर प्रवर्तन की कार्यवाही की।

अस्पताल संचालकों को कड़ी चेतावनी दी गई कि यदि आगे सड़क पर वाहन खड़े मिले तो मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर लाउडस्पीकर से घोषणाएं कर लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया। वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने, तीन सवारी न बैठाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने तथा वाहनों के शीशों पर काली फिल्म न लगाने की हिदायत दी गई। मौके पर कई वाहनों से काली फिल्म उतरवाई गई।

प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि अभियान के दौरान 427 वाहनों का चालान किया गया और 13 वाहनों को सीज किया गया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों व नर्सिंग होम्स को अपनी पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करनी होगी। सड़क पर खड़ा वाहन अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**परिणामस्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट (अनन्य)**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। अदालत ने थाना खुटहन से संबंधित पॉक्सो एक्ट के एक गंभीर मामले में दो अभियुक्तों को सजा सुनाई है। मामला मु0अ0सं0 224/ 2023, धारा 363/ 366/ 376 (1), 368 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित था। अदालत ने निर्णय सुनाते हुए सभाराज उर्फ शोभनाथ निवासी बनहरा, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर को धारा 363/ 366/ 376(1) भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास और ?38,000 के अर्थदंड से दंडित किया। सभाराज उर्फ शोभनाथ पुत्र अछैबर उर्फ छगट निवासी बनहरा, थाना खुटहन, जौनपुर को धारा 368 भादवि में दोषसिद्ध पाते हुए 03 वर्ष के कठोर कारावास एवं 3,000 के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में अभियुक्त को 03 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# मोंथा की मार से उबर कर पटरी पर आई खेती किसानी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर मोंथा चक्रवात से पिछले सप्ताह बुरी तरह प्रभावित हुई खेती किसानी अब मछलीशहर तहसील क्षेत्र में पटरी पर दिखने लगी है।अच्छी धूप खिलने और पछुआ हवा के चलने से जल्द ही खेतों की नमी कम हो गई है। जिससे धान की कटाई का काम तेजी से चल रहा है जिन किसानों को पुआल की जरूरत है वे हाथों से धान की कटाई कर रहे हैं शेष किसान हार्वेस्टर से धान की कटाई करवा रहे हैं।धान की कटाई- पिटाई के साथ रबी की फसलों की बुआई भी जारी है यह विकास खंड मछलीशहर के बामी गांव का दृश्य है जहां किसान शुक्रवार की सुबह गेहूं की बुआई और आलू की मेड़ पर मिट्टी चढ़ा रहे हैं। गांव के किसान शेर बहादुर सिंह ने बताया कि चौमस खेत में इसी समय गेहूं की बुआई कर दे रहे हैं।धान के खेतों में फसल कटने के बाद गेहूं की बुआई करेंगे। क्षेत्र की जिन साधन सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध है वहां किसान गेहूं बुआई के लिए सुबह ही खाद लेने के लिए पहुंच जा रहें हैं। खरीफ फसलों की कटाई और रबी फसलों की बुआई दोनों कामों के साथ शादी विवाह का भी दौर जारी है जिससे किसानों की व्यस्तता बढ़ गई है। मछलीशहर और मुंगराबादशाहपुर कस्बों के साथ स्थानीय बाजारों में बीज भंडारो की दुकानों पर गेहूं, चना, मटर के बीज के लिए सुबह-शाम किसानों की भीड़ लग रही। खेतों में मौसमी सब्जी तैयार करने के लिए किसान बंधवा बाजार, मीरगंज, जंघई, गोधना,जमुहर, बरईपार, सुजानगंज और सरायबीका बाजारों से टमाटर, फूल गोभी, पत्ता गोभी,बैगन आदि के पौधे ले जाकर खेतों में रोपाई कर रहे हैं।आलू के खेतों में मेथी, धनिया, लहसुन, पालक, मूली, गाजर, चुकंदर की बुआई के साथ प्याज की नर्सरी भी डाल रहे हैं।

# मुफ्तीगंज के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर निरीक्षण के दौरान नैपुरा निवासी संदीप कुमार जो अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु कार्यालय आए हुए थे।

जिलाधिकारी ने स्वयं ऑपरेटर के साथ बैठकर कुछ ही मिनटों में उनका प्रमाण पत्र निर्गत करवाया। इस त्वरित कार्यवाही से प्रभावित होकर संदीप कुमार ने माननीय मुख्यमंत्री जी तथा जिला प्रशासन की त्वरित और संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने उन्हें अंगवस्त्रम प्रदान किया।

जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों के निर्गतन में किसी भी प्रकार की देरी न की जाए तथा आमजन को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने क्षेत्र पंचायत निधि से बन रहे मीटिंग हॉल के निर्माण की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की।

खंड विकास अधिकारी ने अवगत कराया कि बजट की कमी के कारण कार्य अस्थायी रूप से रुका था,

किंतु अब बजट प्राप्त हो गया है और कार्य प्रारम्भ हो गया है, शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक फरियादी से शालीनता और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत हो रहे कार्यों का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, खंड विकास अधिकारी अस्मिता सेन, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी युवक को 10 वर्ष की कैद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार की अदालत ने 2 वर्ष पूर्व खुटहन थाना क्षेत्र में नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म की आरोपी युवक को दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम करावास व 38000 रूपए अर्थ दंड से दंडित किया।

अभियोजन कथानक के अनुसार पीड़िता ने स्वयं खुटहन थाने में मुकदमा दर्ज करवाया कि दिनांक 14 अगस्त 2023 को वह पढ़ने गई थी। इंटर कॉलेज के गेट पर उसके बगल का रहने वाला संदीप आया और बताया कि तुम्हारे पापा का एक्सीडेंट हो गया है। मैं घबराकर उसकी मोटरसाइकिल पर बैठकर पट्टी नरेंद्रपुर होते हुए खुटहन पहुंची। वहां वह मुझे नए कपड़े दिलवाया और शाहगंज से ट्रेन में बैठाकर मुंबई ले गया। मुंबई में उसके पिता सभाराज की खोली थी उसमें रखा और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। 22 अगस्त 2023 को उसके पिता व मामा उसे खोजते हुए मुंबई पहुंचे और उसे घर ले आए।

पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान व पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी संदीप को नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में दोषसिद्ध पाते हुए 10 वर्ष के सश्रम करावास व 38000 रूपए अर्थ दंड से दंडित किया तथा उसके पिता सभाराज को भी संरक्षण देने का दोषी पाते हुए 3 वर्ष के सश्रम करावास व 3000 रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

# वंदे मातरम् भारतीय राष्ट्रीय भावना की गौरवमयी अभिव्यक्ति- प्रो.रणजीत कुमार पांडेय

■ गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस जौनपुर**



सुइथाकलां, गांधी स्मारक पीजी कॉलेज, समोधपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत ÷वंदे मातरम÷ के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रणजीत कुमार पांडेय ने कहा कि ÷वंदे मातरम् भारतीय राष्ट्रीय भावना की गौरवमयी अभिव्यक्ति है। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि देशभक्ति की आत्मा है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों भारतीयों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 'वंदे मातरम' गीत पहली बार वर्ष 1875 में प्रकाशित हुआ था और 1950 में संविधान सभा ने इसे भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया। इसे सर्वप्रथम वर्ष 1896 में कलकत्ता में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने गाया था। वहीं, 7 अगस्त 1905 को पहली बार इसे राजनीतिक नारे के रूप में प्रयोग किया गया था।

कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय प्रांगण में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गान किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. लक्ष्मण सिंह, डॉ. अवधेश कुमार मिश्रा, डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. अविनाश वर्मा, डॉ. लालमणि सिंह, डॉ. पंकज सिंह, जितेंद्र सिंह, डॉ. विष्णुकांत त्रिपाठी, विकास कुमार यादव, जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे

# राजेन्द्र सिंह मेमोरियल ट्रस्ट, अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम टीम विजयी



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

शुक्रवार को भारत में हाकी के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय और जिला हॉकी संघ द्वारा शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में एक दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। कीडाधिकारी दिलीप कुमार ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, अजय कुमार सिंह, डॉ.लवकुश पटेल उपाध्यक्ष, सुशील कुमार चौधरी सचिव पंकज चौधरी कोषाध्यक्ष के साथ ही संदीप यादव, श्रीधर पाल, मानवेन्द्र सिंह, उपेन्द्र त्रिपाठी, वसीम खान, शानू रिजवी, विवेक पाण्डेय द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

एक दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महेश शुक्ल ने कहा कि भारत में हाकी के 100 वर्ष पूरा होना बड़ी उपलब्धि है। हाकी को नये सिरे से मजबूत करने की जरूरत है। बालक वर्ग का फाइलन मैच में हंसराजलाल इण्टर कालेज और स्व0 राजेन्द्र सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के बीच खेला गया जिसमे स्वः राजेन्द्र सिंह मेमोरियल ट्रस्ट ने 03/02 से विजय प्राप्त किया विजेता टीम की तरफ से ओम वर्मा ने 02 गोल और श्याम ने 01 गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। हंसराजलाल इण्टर कालेज टीम के खिलाडी गौरव श्रीवास्तव एवं बालाजी वर्मा ने अपनी टीम की तरफ से 01-01 गोल किया। बालिका वर्ग का फाइनल मैच दिल्ली स्कूल आफ एक्सिलेन्स और अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम के बीच खेला गया जिसमे अमर शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम ने 03/02 से विजय प्राप्त किया। विजेता टीम की तरफ से शोभा ने 12 गोल, और पूजा भारती ने 01 गोल कर अपनी टीम को विजय दिलाई। दिल्ली स्कूल आफ ऐक्सिलेन्स की तरफ से पूजा औरं ज्योति ने 01-01 गोल किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने निर्णायक की भूमिका अमन दूबे, बन्टी वर्मा, पंकज चौधरी, संदीप यादव, विकास सोनकर, दीप पटेल आदि ने निभायी। क्रीडाधिकारी दिलीप कुमार ने अतिथियों और खिलाडियों का आभार व्यक्त किया।

# मंगलकारी है मर्यादा के श्रीराम की बाललीला : रामेश्वर नारायण

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

पूजा में भाव का महत्व है। प्रभु भक्त के भाव को देखते हैं। यदि हम राम को पाना चाहते हैं तो वे हमें अनुराग से प्राप्त होंगे। श्रीरामकथा मनमोहक, भवभयतारक व मर्यादापूर्वक मानव जीवन जीने का प्रधान साधन है। श्रीराम बाल्यावस्था से ही बड़े ही तेजस्वी थे। वे बाललीला से वे सबको आनंदित करते रहते थे। यह सद् विचार कथा व्यास आचार्य रामेश्वर नारायण ने बहादुरपुर विकास खण्ड के नारायणपुर बढईपुरवा गांव में 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के चौथे दिन व्यक्त किया। महात्मा जी ने कहा कि रामजी का यज्ञोपवीत संस्कार हुआ। इसके बाद गुरु आश्रम में उन्होंने अल्प समय में ही सभी कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया। उन्होंने नामकरण के बाद प्रभु के मनोहर बाल रूप का वर्णन किया। व्यास जी ने बताया कि प्रभु श्रीरामचन्द्र ने बाल क्रीड़ा की और समस्त नगर निवासियों को सुख दिया। कौशल्याजी कभी उन्हें गोद में लेकर हिलाती-डुलाती और कभी पालने में लिटाकर झुलाती थीं। प्रभु की बाल लीला का वर्णन करते हुए महात्मा जी ने कहा कि भगवान राम के जन्म के बाद पूरे अयोध्या में शहनाई की आवाज गूंज रही थी। श्री राम की बाल लीला संसार की सकारात्मक एवं सुखद आनन्दमयी लीला है। भगवान राम की बाल लीला में ही उनके साम्यवादी चिंतन तथा उनका क्रियात्मक रूप स्पष्ट होता है, जब वह दशरथ के आंगन में बिहार करते हैं और महाराज दशरथ उन्हें भोजन के लिए बुलाते हैं तो वह समता के पोषक होकर बाल शाखाओं के साथ खेलते है। भगवान राम के साम्यवादी व समतामूलक चिंतन स्पष्ट होता है। बाल काल में उनकी लीलाओं के दर्शन करने के लिए देवता भी तरसते थे। भगवान शिव खुद ही वीर हनुमान के साथ वेश बदलकर भगवान राम की बाल लीलाओं के दर्शन करने आए थे। श्रीराम की बाल लीला देखने के लिये भगवान शिव, काक भुसुण्डि के साथ ही अनेक देवी देवता, अध्योध्या धाम पहुंचे और इसका सुख प्राप्त किया। कथा स्थल पर झांकियों ने मन मोह लिया। श्रीराम कथा में मुख्य यजमान रणजीत सिंह उर्फ पल्लू सिंह, लालजीत सिंह, सर्वजीत सिंह ने विधि विधान से कथा व्यास का पूजन अर्चन किया। कथा स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक विभाग प्रचारक ऋषि, परमहंस शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, नरेंद्र पाण्डेय, पवन कुमार उपाध्याय, हरिनारायण पाण्डेय, संरक्षक आशीष सिंह के साथ ही अनेक श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# स्कार्पियो की टक्कर से बीकॉम छात्र की मौत, घर में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जफराबाद वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को हौज पाही गांव के समीप एक दर्दनाक हादसे में 18 वर्षीय बीकॉम छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार हौज पाही गांव निवासी प्रकाश चौहान पुत्र फूलचंद चौहान का भांजा विशाल चौहान पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र चौहान, निवासी करंजाकला थाना सरायख्वाजा (जनपद सुल्तानपुर), बचपन से ही अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता था। वह टीडी कॉलेज में बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र था।

शुक्रवार की सुबह विशाल किसी काम से घर से निकला था। इसी दौरान हाईवे पर वाराणसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद स्कार्पियो चालक कुछ दूरी पर अंडरपास के पास वाहन छोड़कर फरार हो गया।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष जफराबाद श्रीप्रकाश शुक्ल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्कार्पियो को कब्जे में ले लिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# इलेक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अधिवेशन में उठे मुद्दे, धर्मेन्द्र, अंतिमा बनी सचिव

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




शुक्रवार को नलकूप कालोनी स्थित डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन में इलेक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर संघ सिंचाई विभाग का द्विवार्षिक अधिवेशन ई. अशोक कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में समस्याओं पर विचार के साथ ही दूसरे सत्र में चुनाव अधिकारी डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ जिलाध्यक्ष ई. अभिषेक सिंह की देख रेख में सर्व सम्मति से हुये चुनाव में ई. धर्मेन्द्र सिंह अध्यक्ष, ई. सुमित सिंह उपाध्यक्ष, ई. अंतिमा वर्मा सचिव, ई. अरविन्द साहनी कोषाध्यक्ष, ई. कृष्ण कुमार श्रीवास्तव लेखा सम्प्रेक्षक चुने गये।

निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते हुये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने कहा कि राज्य कर्मचारी इंतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। स्थानीय स्तर पर अनेक विभागों में कर्मचारी समस्यायें लम्बित है। सेवा निवृत्त कर्मचारी अपने देयकों के भुगतान के लिये भटक रहे हैं किन्तु विभागीय अधिकारी सुनने को तैयार नही है। छोटी-छोटी बातों को लेकर आये दिन बिना पक्ष सुने कर्मचारी दण्डित हो रहे हैं। इन सवालों को लेकर संघर्ष तेज करना होगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, कोरोना काल के डेढ वर्ष के रोके गये मंहगाई भत्ते को लेकर संघ निरन्तर संघर्षरत है। उन्होने कहा कि एकजुटता से ही समस्याओं का हल निकलेगा। डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ जिलाध्यक्ष ई. अभिषेक सिंह ने संवर्ग की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि सरकार द्वारा पूर्व से मिल रहे भत्तों को समाप्त कर कर्मचारी हितों की अनदेखी कर रही है। इन सवालों को लेकर संघर्ष तेज करना होगा। अधिवेशन में मुख्य रूप से ट्यूबेल टेक्निकल इम्पलाइज एसोसिएशन के मंत्री सन्तोष राव, ई. महेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, अरविन्द यादव, सुमन प्रजापति, संध्या गुप्ता, राम पुजारी, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद में ग्राम प्रधान के घर पर चली गोलियां

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

थाना वेव सिटी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूठी में बृहस्पतिवार रात उस समय दहशत फैल गई जब ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव के घर पर कार सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग की इस घटना में ग्राम प्रधान के पुत्र अनुज यादव ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। पूरी वारदात घर और कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

अनुज यादव पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी ग्राम दीनानाथपुर पूठी ने थाना वेव सिटी में दी तहरीर में बताया कि वह रात करीब 9 बजकर 30 मिनट पर अपने घर के गेट पर खड़ा था तभी गांव के ही नरेंद्र पुत्र स्व. जयवीर यादव, सुनील पुत्र स्व. जयवीर यादव और पवन यादव पुत्र कालू यादव थार गाड़ी में सवार होकर आए और तीनों ने मिलकर उस पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। अनुज ने किसी तरह दौड़कर अपनी जान बचाई और तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

अनुज यादव का आरोप है कि नरेंद्र ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से और अन्य ने रिवॉल्वर से गोलियां चलाईं। ये सभी आरोपी जितेंद्र प्रमुख के भाई हैं, जो चुनावी रंजिश के चलते दुश्मनी रखते हैं। अनुज ने बताया कि ये लोग पहले भी गाजियाबाद कोर्ट परिसर में उसे जान से मारने की धमकी दे चुके हैं, जिसकी शिकायत पर थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज है। इस मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त कार्यालय गाजियाबाद को भी दी है, लेकिन आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और अब जान लेने की साजिश कर रहे हैं। अनुज यादव ने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में उसके या परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई घटना होती है, तो इसके जिम्मेदार यही लोग होंगे। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर सत्यापन

# नए स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध, गाजियाबाद में लोगों ने घरों पर लगाए चेतावनी नोटिस

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद में स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ जनाक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गांव सीकरी खुर्द के बाद अब बेगमाबाद इलाके में भी स्थानीय निवासियों ने खुलकर विरोध जताना शुरू कर दिया है। गुस्साए लोगों ने बुधवार को अपने घरों की दीवारों और दरवाजों पर बड़े-बड़े चेतावनी नोटिस चस्पा कर दिए, जिनमें साफ लिखा है स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। इन नोटिसों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिससे विरोध की लहर और व्यापक होती दिख रही है।

इन दिनों पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पुराने एनालॉग मीटर हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाने का काम जोर-शोर से कर रही हैं। विभाग का दावा है कि स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी रुकेगी, बिलिंग पारदर्शी होगी और उपभोक्ताओं को रियल-टाइम खपत की जानकारी मिलेगी। लेकिन उपभोक्ता इन दावों से सहमत नहीं हैं।

लोगों का मुख्य आरोप है

स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अचानक दोगुना-तिगुना हो जाता है। मीटर रीडिंग में गड़बड़ी और तकनीकी खराबी की शिकायतें बढ़ रही हैं।

स्वास्थ्य पर असर का भी लोग जिक्र करने लगे हैं। कई लोग दावा करते हैं कि स्मार्ट मीटर से निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी विकिरण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नागरिकों ने डेटा गोपनीयता का खतरा बताया है। उपभोक्ता डरते हैं कि उनकी बिजली खपत का डेटा निजी कंपनियों को बेचा जा सकता है। बेगमाबाद के कई मोहल्लों में बुधवार सुबह से ही लोग घरों के बाहर पोस्टर लगाते नजर आए। कुछ नोटिसों पर लिखा था यह घर स्मार्ट मीटर मुक्त क्षेत्र है, तो कहीं मीटर बदलने की कोशिश की तो कानूनी कार्रवाई होगी। एक स्थानीय निवासी राकेश शर्मा ने बताया, हमारे पुराने मीटर ठीक चल रहे थे। स्मार्ट मीटर लगवाने से बिल 3,000 से सीधे 8,000 हो गया। विभाग सुनता नहीं, इसलिए अब हम नोटिस लगा रहे हैं।

यह कोई पहला मामला नहीं है। पिछले महीने सीकरी खुर्द गांव में ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की टीम को मीटर बदलने से रोका था। वहां तो लोगों ने सामूहिक रूप से मीटर बॉक्स पर ताले लगा दिए थे। इसके अलावा, मदन मोहन मालवीय मार्ग, नवयुग मार्केट और इंदिरापुरम में भी विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। कई जगहों पर महिलाएं और बुजुर्ग आगे आकर टीम को वापस लौटने पर मजबूर कर चुके हैं।

विरोध की यह लहर अब संगठित रूप लेती दिख रही है। बेगमाबाद के निवासियों ने आरडब्ल्यूए मीटिंग बुलाई है, जिसमें सामूहिक याचिका तैयार कर विद्युत मंत्री और जिलाधिकारी को सौंपने की योजना है। कुछ लोग तो हाईकोर्ट जाने की भी बात कर रहे हैं।

गाजियाबाद में स्मार्ट मीटर अभियान फिलहाल जारी है, लेकिन जनता का गुस्सा भी बढ़ता जा रहा है। देखना यह है कि प्रशासन इस विरोध को कैसे संभालता है बलपूर्वक मीटर थोपकर या उपभोक्ताओं की चिंताओं को गंभीरता से लेकर।

## शिप्रा कृष्णा विस्ता सोसाइटी में 'छंटाई' के नाम पर हरियाली से छेड़छाड़, निवासियों में रोष

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण चरम पर है । बच्चे और वरिष्ठ नागरिक सहित युवा बाहर निकलने से कतरा रहे हैं । उसके बाद भी इंदिरापुरम स्थित शिप्रा कृष्णा विस्ता सोसाइटी में छटाई के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पर्यावरण प्रेमियों और निवासियों को परेशान कर दिया है। पौधों को वर्तमान समय में। संजीवनी माना जा रहा है। जल छिड़काव हरियालिंस प्रदूषण कुछ कम हो रहा लेकिन सोसायटी में ऐस कृत्य से नागरिक उद्वेलित हैं। निवासियों के अनुसार सोसाइटी प्रबंधन ने डी और ई ब्लॉक में लगे दर्जनों घने और हरे-भरे पेड़ों को इतनी बुरी तरह काट दिया कि कई पेड़ों के केवल दो से तीन फुट ऊंचे ठूंठ ही बचे हैं। तनों तक पर आरी चला दी गई, जिससे सोसाइटी परिसर की हरियाली लगभग समाप्त हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आदमी छंटाई नहीं, बल्कि पेड़ों का संहार है।

# रिजर्व बैंक को छापे नोटों की संया न पता होने के कारण हुई थी नोटबंदी- अमित अवस्थी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



धाम उ.प्र. संयोजक व अधिवक्ता अमित अवस्थी ने नोटबंदी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर दिलचस्प दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 8 नवंबर 2016 में मुख्यतः इसलिए नोटबंदी करनी पड़ी क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक को भी नहीं पता था कि उसने कितनी नोटें छापी हैं जबकि सरकार अब तक यही बताती रही है कि उसे जालसाजी और नकली नोटों को रोकने, भ्रष्टाचारियों द्वारा अकूत सम्पत्ति के रूप में नोटों को इकट्ठा करने एवं आतंकवाद को रोकने के लिए नोटबंदी करनी पड़ी थी। अमित अवस्थी अपने दावे के संबंध में बताते हैं कि उन्होंने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले ही सन् 2013 में भारतीय रिजर्व बैंक के मुख्यालय से नोटों के सम्बंध में कुछ सूचनाएँ मांगी थीं जिनके जवाब में आरबीआई मुख्यालय ने बताया था कि उसको अब तक छापे गये नोटों की पूर्ण संख्या नहीं पता है और न ही कितने नोट कटने-फटने के कारण आरबीआई ने नष्ट किये इसकी उसके पास कोई जानकारी है। साथ ही नोटों से हिंदी के अंकों को हटाने का आदेश किसका था यह भी रिजर्व बैंक नहीं बता पाया था। अमित अवस्थी कहते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना सन् 1935 में हुई थी तब से कई प्रधानमंत्री ऐसे हुए जिनसे उपलब्ध सोने के सापेक्ष नोट छापने के नियम के पालन की उम्मीद करना बेमानी लगता है। इसका पहला सबूत यह है कि एक ही नंबर की कई नोट, नोटबंदी के पूर्व लोगों के हाथ में आ जाती थीं जो जनता में चर्चा का विषय होती थीं और दूसरा सबूत यह है कि रिजर्व बैंक द्वारा बताई गई नोटों की संख्या के आधार पर सरकार ने जितनी नोटों की संख्या बताई थी उससे ज्यादा नोट नोटबंदी में जमा हुईं थीं। अमित से जब पूछा गया कि विपक्ष द्वारा सवाल करने के बावजूद भाजपा अथवा सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक ऐसा कोई साक्ष्य क्यों नहीं दिया गया तो अमित अवस्थी ने बताया कि पहली बात तो भाजपा के पास ऐसा कोई साक्ष्य है ही नहीं दूसरा रिजर्व बैंक और सरकार गोपनीयता के चलते इस प्रकार का कोई जवाब देने से बच रही होगी। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि नोटबंदी के बाद छपी नोटों में हिंदी के अंकों को पुनः स्थान दिया गया है।

## मुस्काबाद में लगी चैपाल, सुनी गयी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुस्काबाद और मीरापुर में शुक्रवार को ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। इन चैपालों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना और उनका तत्काल समाधान प्रदान करना था। मुस्काबाद पंचायत भवन में ग्राम प्रधान शिव देवी की अध्यक्षता और पंचायत सचिव प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा के संयोजन में चैपाल संपन्न हुई। वहीं, मीरपुर में ग्राम प्रधान रामसागर की अध्यक्षता तथा सचिव अरविंद कुमार के संयोजन में चैपाल का आयोजन किया गया। इन चैपालों में ग्रामवासी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मनोज मिश्रा और तीन ग्राम स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। चैपाल के दौरान कुल 4 शिकायतें दर्ज की गईं। सभी 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

# कांग्रेस ने की तुष्टिकरण की राजनीति : वसीम राईन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



कांग्रेस मुसलमानों का तुष्टिकरण करती रहती है, जबकि हक़ीक़त ये है कि कांग्रेस ने अपने सत्तर साल के शासन में मुसलमानो की सिर्फ दुर्गति ही की है और भिखमंगा बना दिया है उक्त विचार सट्टी बाज़ार स्थित कार्यालय पर महाज़ के लोगो को संबोधित करते हुए ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा है अपनी बात जारी रखते हुए श्री राईन ने कहा कि मुसलमानों का बुद्धिजीवी वर्ग कांग्रेस से सवाल पूछने और उस पर अपनी बदहाली का इलज़ाम लगाने के बजाये कांग्रेस का बचाव करता रहता है और एड़ी चोटी का ज़ोर लगाकर भाजपा का विरोध करता रहता है मुसलमानों द्वारा कांग्रेस का बचाव करने से हिन्दू अवाम में ये मेसेज जाता रहा है कि कांग्रेस सचमुच में मुसलमानो की भलाई कर रही है, तभी तो मुसलमान उसका फेवर कर रहा है भारत में साम्प्रदायिकता को फैलने का सबसे बड़ा कारण सेकुअलर पार्टियों का पॉलिटिक्स करने का स्टाइल ज़िम्मेदार है जो पार्टियां खुद को सेक्युलर कहती हैं वो मुसलमानों के लिए कुछ करती तो नहीं हैं, लेकिन मुस्लिम हितैषी होने का दावा बड़े ही ज़ोर,शोर से करती हैं, जिन दावों में कोई सच्चाई नहीं होती है..!! पर इन झूठे दावों की रुबुनियाद पर अवाम इन पार्टियों को मुस्लिम हितैषी समझने लगती है मुस्लिम समाज द्वारा इन पार्टियों के झूठे दावे की आलोचना ना करने से अवाम का एक बड़ा तबक़ा, इनके मुस्लिम हितैषी होने के झूठे दावे को सच्चा मान लेते है इसलिए कांग्रेस, सपा, बसपा, टीएमसी, राजद, आप जैसे फर्जी सेक्युलर पार्टियों के झूठे दावों की पोल जोर-शोर से खोलते रहिये.. मुसलमान सेक्युलर पार्टियों द्वारा किये जाने वाले भेदभाव और उनके द्वारा संसाधनों में हिस्सेदारी ना दिए जाने की बात जितने ज़ोर, शोर से उठाएगा- साम्प्रदायिकता उतनी ही दूर भागेगी। कांग्रेस तेलंगाना में जाति जनगणना करा के बैठे हिस्सेदारी नहीं दे रहे हैं सरकार में बिहार में भी जनगणना हो गई वहाँ भी यही हॉल हैं तथाकथित सिकुलर पार्टीया बंद करे जनगणना की माँग जब हिस्सेदारी नहीं देना हैं। बिहार में अपने को सिकुलर कहने वाली पार्टियो आर जे डी, कांग्रेस ने आबादी के अनुपात पसमांदा मुसलमानों को टिकट नहीं दिया किसी राईन, कुरैशी, धोबी आदि को। इस अवसर पर निसार राईन, अशफाक राईन, खलील राईन, सद्दाम इदरीसी, इरफ़ान अंसारी, अय्यूब राईन, मोहम्मद सलीम, अब्दुल्ला राईन, रिजवान राईन, रऊफ राईन, मुशीर राईन, मोमिन राईन, तय्यब आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनैतिक दलों के साथ बैठक

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (स्ढ्क्र), मतदेय स्थलों के पुनर्संयोजन तथा विधान परिषद के लिए तैयार की जा रही नई मतदाता सूची के संबंध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों/प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने आग्रह किया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत सभी राजनीतिक दल अपने-अपने बूथ लेवल असिस्टेंट की नियुक्ति समय से सुनिश्चित करें तथा कार्यकाल के दौरान आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराएं। अब तक भारतीय जनता पार्टी के 1236 एवं समाजवादी पार्टी के 18 बी.एल.ए. नियुक्त किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक बी.एल.ए. प्रतिदिन अधिकतम 50 भरे हुए गणना प्रपत्र संबंधित बी.एल.ओ. को जमा करा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी भी एक मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं होंगे। इस संबंध में सभी एस.डी.एम./ई.आर.ओ. को निर्देशित किया गया है कि ऐसे स्थलों की पहचान कर उसी केंद्र पर आवश्यकतानुसार नया मतदान स्थल बनाया जाए। इस विषय पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि विधान परिषद मतदाता सूची के निर्माण हेतु दिनांक 06 नवम्बर 2025 तक प्रपत्र फार्म-18 (स्नातक निर्वाचन) ¬ ऑनलाइन 1560 तथा ऑफलाइन 4690, कुल 6250 आवेदन एवं फार्म-19 (शिक्षक निर्वाचन) ¬ ऑनलाइन 404 तथा ऑफलाइन 1734, कुल 2138 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कहा कि बी.एल.ओ. मानदेय के रूप में कुल ?15,22,000 की धनराशि प्राप्त हो चुकी है, जिसे तीन दिवस के भीतर उनके बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेंद्रसिंह, उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# एडीएम ने की जले रिकार्ड वाले राजस्व ग्रामो के अभिलेखों की समीक्षा



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुए गांवों के भू-अभिलेख तैयार करने, सर्वेक्षण एवं अभिलेखीय प्रक्रिया से संबंधित बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गाँवों के सर्वेक्षण एवं अभिलेख तैयार करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने बताया कि गदनपुर बड्डू में प्रपत्र-7 की दूसरी प्रति तैयार की जा रही है, जिसे एक माह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। इसी प्रकार कटरी रायपुर लड़ैता में प्रपत्र-8 तैयार किए जाने का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जिसे फरवरी 2026 तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चांदपुर कछोहा में रकबे के मिलान की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाए तथा सभी अधिकारी अपने कार्य के प्रति उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके।

उन्होंने कहा कि छिबरामऊ क्षेत्र के 25 में से 24 ग्रामों के नक्शे प्राप्त हो चुके हैं, अतः शीघ्र ही अभिलेख मिलान का कार्य प्रारम्भ किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए अभिलेख तैयार किए जाने के कार्य में और अधिक गति एवं पारदर्शिता लाई जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार, नवनीता राय सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



वधायक तिर्वा कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण उपस्थित जनों द्वारा देखा एवं सुना गया।

विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और स्वतंत्रता की भावना का प्रतीक है। हमें अपने राष्ट्र के गौरव और स्वदेशी मूल्यों को आत्मसात करते हुए देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए।'

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों के हृदय में नव चेतना और राष्ट्रभक्ति का संचार किया था। आज इसके 150 वर्ष पूर्ण होने पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार राजकुमार लोधी,

परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 राम औतार सिंह, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ एम0मकबूल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बन्दरो का आतंक अब राजनैतिक अखाड़ा बना, सांसद और मंत्री आमने-सामने

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

बंदरों के आतंक से जुड़ी खबर को समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर शेयर कर पूछा- सांकेतिक बंदरों की बात करने वाले असली बंदरों की समस्या से यूपी को कब मुक्त कर रहे हैं? इसके जवाब में भाजपा के विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ने भी सोशल मीडिया पर पलटवार किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, जिनका पार्टी ऑफिस ही बंदरिया बाग में हो, उन्हें बंदरों से दुश्मनी नहीं पालनी चाहिए।

6 नवंबर को कन्नौज के कलक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के आसपास बंदरों की बढ़ती समस्या पर एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए सरकार से सवाल किया। उन्होंने पूछा कि सांकेतिक बंदरों की बात करने वाले असली बंदरों की समस्या से उत्तर प्रदेश को कब मुक्त कर रहे हैं?

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का यह सवाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक पुरानी टिप्पणी से संबंधित था।

योगी आदित्यनाथ ने बिहार चुनाव प्रचार के दौरान इंडी गठबंधन के नेताओं को अप्पू, पप्पू और टप्पू करार देते हुए उनकी तुलना बंदरों से की थी।

हालांकि, कुछ ही देर बाद सदर विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री

असीम अरुण ने भी सोशल मीडिया पर सपा मुखिया अखिलेश यादव से सवाल किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, जिनका पार्टी ऑफिस ही बंदरिया बाग में हो, उन्हें बंदरों से दुश्मनी नहीं पालनी चाहिए।

मंत्री अरुण ने आगे कहा कि समस्या बंदर नहीं, बल्कि इंसान हैं, जिन्होंने उनका प्राकृतिक ठिकाना काट और उजाड़ दिया है।

उन्होंने यह भी बताया कि सरकार इस समस्या के समाधान के लिए निरंतर काम कर रही है

और अखिलेश यादव से कन्नौज के लिए सुझाव भी मांगे। मंत्री असीम अरुण की इस पोस्ट के बाद स्थानीय सपा नेताओं ने भी सोशल मीडिया पर भाजपा सरकार से सवाल करने शुरू कर दिए, जिससे बंदरों से जुड़ा यह प्रकरण एक राजनीतिक मुद्दा बन गया।

# भाजपा ने कार्यकर्ताओं को सघन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में मानीमऊ एवं जलालाबाद मंडलों की कार्यशालाएँ आज निजी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने की वही मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री असीम अरुण व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष कानपुर उत्तर दीपू पांडेय उपस्थित रहे। मंच पर जिला प्रभारी इंद्र पाल सिंह पटेल, संजू कटियार, अनिल दुबे, विजय मिश्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में नाम जोड़ना, त्रुटियों को सुधारना और नए मतदाताओं को शामिल करना था। कार्यकर्ताओं को इस अभियान में जुड़ने के निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले बूथों पर सक्रिय रहकर हर घर तक संपर्क अभियान चलाएं।

मुख्य अतिथि मंत्री असीम अरुण अपने संबोधन में कहा कि एसआईआर कार्यक्रम घोषित हो गया है हम सब गहनता से मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम करना है और पार्टी ने भी जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी अब बीएलओ की तर्ज पर अपने ब्लॉक लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करेगी, जो घर-घर जाकर मतदाता सूची की पड़ताल करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि निर्वाचन अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर फर्जी और दोहरे वोटरों को हटाया जाएगा, तथा विशेष रूप से जिनके वोट नहीं बने ऐसे नए मतदाता बनवाना है युवा मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। उन्होंने इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि दीपू पांडे व जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा के साथ एसआईआर अभियान में जुड़ना है और फर्जी मतदाताओं को चिन्हित कर उनके वोट कटवाने हैं और सही मतदाताओं के वोट बनवाने हैं हम सब को समाज, राष्ट्र और लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहना हैं। उन्होंने कहा इस अभियान के माध्यम से हम लोकतंत्र को भी मजबूत करेंगे और लोकतंत्र की मजबूती हम सब को अपना योगदान देने का अवसर मिलेगा यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य का विषय है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत मंडल उपाध्यक्ष रचित त्रिवेदी महामंत्री रजनीश कटियार महामंत्री सोनू ठाकुर जिला मंत्री विशाल दुबे आर एस कठेरिया कुलदीप दोहरे बालकृष्ण दुनिया, शिवकुमार यादव, शोभाराम पाल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक मामूली रूप से चोटहिल हो गया। जिसे चिकित्सक ने सीएचसी से उपचार के बाद घर भेज दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। आसीवन थाना क्षेत्र के मियागंज निवासी सुधीर (30) पुत्र राधे और उसकी पत्नी बिटोल गुरुवार को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव दरबारी खेड़ा निवासी रिश्तेदार के घर आए थे। शुक्रवार सुबह दरबारीखेड़ा निवासी वीरेंद्र (25) पुत्र हरिनाम के साथ सुधीर कुछ सामान लेने बाइक से जा रहा था। गांव के पास ही अचानक सामने से आए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वीरेंद्र की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वही सुधीर मामूली रूप से चोटहिल हो गया। जिसे एंबुलेंस ने सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### निजामपुर में 10 नवम्बर से शुरु होगी भागवत कथा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। रामनगर तहसील के तिलोकपुर क्षेत्र के ग्राम निजामपुर में आगामी 10 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा की अमृतमई गंगा प्रवाहित होगी। अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पं. लवकुश शास्त्री महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा की सरिता प्रवाहित होगी। 10 नवंबर सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा और 16 नवंबर दिन रविवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का विश्राम होगा। 10 नवंबर से 16 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 5 से रात 10 बजे तक कथा होगी। 17 नवंबर को हवन एवं पूर्णाहुति के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। निजामपुर निवासी पंडित सीताराम पांडे व उनकी धर्मपत्नी दाया देवी कथा की मुख्य यजमान रहेंगी। कथा आयोजक संजय कुमार पांडे ने समस्त सनातन धर्मवालंबियों से कथा में सम्मिलित होने की अपील की है।

### लोधेष्वर महादेवा में आकर्षण का केन्द्र होगी अमरनाथ की गुफा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। प्राचीन लोधेष्वर महादेवा महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए मेला मैदान में 19 फिट ऊंची अमरनाथ की गुफा बनाई जाएगी। जिसका निर्माण कार्य लखनऊ की टीम के द्वारा शुरू के दिया गया। 17 से 23 नवंबर तक होने वाले सप्तरंगी महोत्सव में अमरनाथ की गुफा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगी। शुक्रवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञानू सिंह व नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी ने वैदिक मंत्रोउच्चारण के बीच भूमि पूजन किया। पंडित अनिल शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना के बाद बल्ली में कलावा बांधकर गुफा की नींव रखी गयी। पूर्व ब्लाक प्रमुख ज्ञानू सिंह के सानिध्य में डॉ भगौती सिंह क्षेत्रीय दुर्गा जागरण समिति रानीगंज की देखरेख में लखनऊ की टीम के द्वारा 200 फुट का भव्य पहाड़ बनाकर 40 फीट ऊंची गुफा बनाई जाएगी। 17 नवंबर से होने वाले अगहनी महोत्सव में भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा भोजपुरी गायक समर सिंह, शिल्पी राज कवियत्री अनामिका सिंह अम्बर सूफी सगीत गजल गायक कुमार सत्यम, शांतनु महाराज सहित आदि नामचीन कलाकारों से संपर्क साधा जा रहा है। सात दिवसीय महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए उनी कपड़े खाद्य सामग्री सहित तमाम इंस्टाल लगाए जाएंगे तथा वॉलीबॉल कबड्डी दंगल प्रतियोगिता खेलप्रेमियों का मन मोहेगी। बच्चो एवं युवाओं के मनोरंजन के लिए छोटे बड़े झूले लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी शशांक कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी महोत्सव की तैयारीयों में जुट चुके हैं।

### सरयू नदी में छोड़े गये 63 घड़ियाल के बच्चे

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विलुप्त प्राय जलचरों की संख्या बढ़ाने व पर्यावरण का संतुलन बनाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा भारी संख्या में घड़ियाल के शावकों को नदी में डाला गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी वन संरक्षण लुप्तप्राय परियोजना उत्तर प्रदेश लखनऊ वन संरक्षक रंगा राजू की मौजूदगी में घड़ियाल पुनर्वास केंद्र कुकरेल लखनऊ से लाए गए 63 घड़ियाल के बच्चों को सरयू नदी में डाला गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने कहा कि जलचर घड़ियालों के वंश में वृद्धि के चलते इनकी संख्या तो बढ़ेगी ही साथ साथ नदी के पानी को स्वच्छ बनाए रखने में भी इनका अहम योगदान रहेगा। इस मौके पर घड़ियाल पुनर्वास केंद्र लखनऊ डॉ अरुणिमा सिंह डॉ शैलेंद्र अनामिका सिंह वन क्षेत्राधिकारी अल्पना पांडेय उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सचिन पटेल मनोज कुमार यादव, रोली अवस्थी तथा दुर्गेश यादव सहित भारी संख्या में वनकर्मी मौजूद रहे।

### भाकियू की मासिक बैठक, खाद की काला बाजारी का उठा मुद्दा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। ब्लॉक सूरतगंज इलाके की ग्राम पंचायत बरैया में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा की अगुवाई में किसानों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने क्षेत्र में हो रही डीएपी खाद की कालाबाजारी और धान क्रय केंद्रों की मनमानी का मुद्दा गंभीरता पूर्वक उठाया। किसानों ने एक सुर में कहा कि क्षेत्र में जो हाल पूर्व में यूरिया खाद को लेकर था वही हाल आज डीएपी खाद का है। किसान आज एक-एक बोरी खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है तो वहीं तैयार धान की फसल को खरीदने वाला कोई नहीं है।

# गैर इरादतन हत्या के वांछित दो आरोपी गिरफ्तार





जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। गैर इरादतन हत्या के वांछित दो आरोपियों को अजगैन कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव भगिया खेड़ा मजरा केवाना निवासी महादेव पुत्र छतई के साथ बीते माह 23 अक्टूबर की रात को गांव के ही कुछ लोगों ने गली गलौज व मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले में गांव के ही चार लोगों पर एससी, एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। पीड़ित महादेव को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां चिकित्सक ने उसे हैलेट अस्पताल कानपुर रेफर किया गया था। इलाज के दौरान महादेव की बीती 5 तारीख को मौत हो गई।

अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि उक्त मामले में शुक्रवार को चौकी प्रभारी मुकुल कुमार दुबे द्वारा मुकदमे में वांछित आरोपी मलखान (40) और नरेश (35) पुत्रगण श्याम लाल उर्फ ड्राइबर निवासी ग्राम भगिया खेडा को केवाना बाग से गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर आला कत्ल दो अदद डण्डा को बरामद किया गया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है।

# अजगैन पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उन्नाव पुलिस अधीक्षक उन्नाव के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (दक्षिणी) के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी हसनगंज के निकट पर्यवेक्षण में मु0अ0सं0 341/2025 धारा 103(1) /61(2) ब्न्हस् से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त राम सुमेर पुत्र सुख लाल निवासी सिंघनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 50 वर्ष को गिरफ्तार कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय उन्नाव भेजा जा रहा है।

अजगैन कोतवाली जनपद-उन्नाव

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 21.08.2025 को थाना क्षेत्र अजगैन के ग्राम सिंघनापुर में राजेश उर्फ कल्लू पासी पुत्र स्व0 भवानी निवासी सिंघनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 46 वर्ष के घर में मृत्यु होने की सूचना पर शव को कब्जा पुलिस में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया था जिसमें मृत्यु का कारण गला दबाने से पाया गया था कि मृतक के ममेरे भाई आवेदक सन्तोष बाबू पुत्र स्व0 राम स्वरूप नि0 ग्राम घोला दुलार मऊ थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ मो0नं0 9936716282 के लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 341/2025 धारा 103 (1) ब्न्हस् विरुद्ध मृतक राजेश उर्फ कल्लू पासी की पत्नी कामिनी व पुत्री काजल के पंजीकृत कर घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्ता कामिनी व काजल को हिरासत पुलिस में लेकर पूँछताछ की गयी तो अभियुक्तागणों द्वारा बतायीं कि हमारी कई सालों से आपस में मन मुटाव चल रहा था जिस कारण हमने राजेश की हत्या साडी से गला दबाकर कर दी थी कि इसी घटना के षडयंत्र में शामिल प्रकाश में आये अभि0 राम सुमेर पुत्र सुख लाल निवासी सिंघनापुर थाना अजगैन जनपद उन्नाव उम्र करीब 50 वर्ष को दिनाँक 06.11.2025 को समय करीब 19.45 बजे पर जगदीशपुर कट से गिरफ्तार किया गया।

# 1937 में वंदे मातरम् के टुकड़े हुए: पीएम

- इस गीत का एक हिस्सा हटा दिया गया, इसी विभाजन ने बंटवारे का बीज बोया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- वंदे मातरम् भारत की आजादी का उद्घोष था। यह हर दौर में प्रासंगिक है। 1937 में वंदे मातरम् का एक हिस्सा हटा दिया गया था। उसके टुकड़े कर दिए थे। वंदे मातरम् के इस विभाजन ने देश के विभाजन के बीज बोए थे। राष्ट्र निर्माण के इस महामंत्र के साथ ये अन्याय क्यों हुआ? वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के मौके पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- वंदे मातरम् के मूल रूप में लिखा है कि भारत माता सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा हैं। जब दुश्मन ने आतंक के लिए जरिए भारत की सुरक्षा और सम्मान पर हमला करने का दुस्साहस किया, तो पूरी दुनिया ने देखा, नया भारत आतंक के विनाश के लिए दुर्गा भी बनना जानता है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र गीत के 150 साल पूरे होने के मौके पर एक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। उन्होंने साल भर चलने वाले स्मरण समारोह का उद्घाटन किया और एक वेबसाइट भी लॉन्च की। पीएम ने वंदे मातरम् के सामूहिक गायन कार्यक्रम में भी भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा- रवींद्रनाथ टैगोर ने एक बार कहा था कि बंकिमचंद्र का आनंदमठ सिर्फ एक उपन्यास नहीं है। यह स्वतंत्र भारत का एक सपना है। बंकिम बाबू के लिखे हर शब्द का गहरा मतलब है। इस गीत की रचना गुलामी के दौर में हुई थी, लेकिन यह सिर्फ उसी समय तक सीमित नहीं है। वंदे मातरम् हर युग में प्रासंगिक है। पीएम ने कहा- जब 1875 में बंकिम चंद्र ने बंगदर्शन में वंदे मातरम् प्रकाशित किया, तो कुछ लोगों ने सोचा कि यह सिर्फ एक गीत है। हालांकि, धीरे-धीरे, वंदे मातरम् भारत के स्वतंत्रता संग्राम के लाखों लोगों की आवाज बना। एक ऐसी आवाज, जिसने हर भारतीय की भावनाओं की प्रतिध्वनि किया। मोदी ने कहा- आज जब हम अपने राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, यह हमारे देश के महान नायकों के प्रति श्रद्धांजलि है। उन लाखों शहीदों को नमन है, जिन्होंने फांसी पर चढ़ते हुए वंदे मातरम् का नारा लगाया, जिन्होंने वंदे मातरम् जपते हुए कोड़ों की मार झेली। मोदी ने कहा- वंदे मातरम् एक शब्द, एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक संकल्प है। वंदे मातरम् हमें इतिहास में ले जाता है।

### देश में एक साल तक चलेगा कार्यक्रम

वंदे मातरम् का 150वीं एनिवर्सरी इवेंट 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक पूरे देश में चलेगा। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम के अलावा सुबह करीब 10 बजे देशभर के सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन किया। भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम् को बंकिम चंद्र चटर्जी ने 7 नवंबर 1875 को अक्षय नवमी के पावन अवसर पर लिखा था। यह पहली बार उनकी पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के हिस्से के रूप में छपा था।

### वंदे मातरम् की राष्ट्रगीत बनने की कहानी...

7 नवंबर 1875 को बंकिम चन्?द्र चटर्जी ने वंदे मातरम् को पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित किया। 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने मंच पर वंदे मातरम् गाया। यह पहला मौका था जब यह गीत सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर गाया गया। सभा में मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम थीं।

### वंदे मातरम् गाने पर बच्चों पर 5 रुपए का जुर्माना लगा

1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में वंदे मातरम् जनता की आवाज बन गया। रंगपुर के एक स्कूल में जब बच्चों ने यह गीत गाया, तो ब्रिटिश प्रशासन ने 200 छात्रों पर 5-5 रुपए का जुर्माना लगाया। सिर्फ इसलिए कि उन्होंने वंदे मातरम् कहा था। ब्रिटिश सरकार ने कई स्कूलों में वंदे मातरम् गाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। उस समय छात्रों ने कक्षाएं छोड़ दीं, जुलूस निकाले और यह गीत गाना नहीं छोड़ा। कई जगह पुलिस ने उन्हें मारा, जेल में डाला गया। 17 अगस्त 1909 को जब मदनलाल ढींगरा को इंग्लैंड में फांसी दी गई। उनके आखिरी शब्द वंदे मातरम् थे।

### संविधान सभा में वंदे मातरम् को राष्ट्रगीत घोषित किया

देश को आजादी मिलने के बाद संविधान सभा को राष्ट्रगीत तय करना था। 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि वंदे मातरम् गीत ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इसे राष्ट्रगीत जन गण मन के बराबर सम्मान और दर्जा दिया जाएगा। इसके साथ ही वंदे मातरम् को भारत का राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया।

## 'पाक सालों से एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा'

- हमने हमेशा इस बारे में बताया, ट्रम्प ने कहा था, पाकिस्तान न्यूक्लियर टेस्ट कर रहा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान सालों से सीक्रेट तरीके से न्यूक्लियर एक्टिविटी करता रहा है। इसमें तस्करी, नियम तोड़ना, सीक्रेट साझेदारी और एक्यू खान नेटवर्क शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है। इसी वजह से हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पाकिस्तान के न्यूक्लियर टेस्ट वाले बयान पर भी गौर किया है। दरअसल ट्रम्प ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान सीक्रेट तरीके से परमाणु परीक्षण कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसी बयान पर प्रतिक्रिया दी है।

### एक्यू खान नेटवर्क न्यूक्लियर तकनीक की तस्करी करता था

विदेश मंत्रालय ने जिस एक्यू खान नेटवर्क का जिक्र किया, वो एक सीक्रेट अंतरराष्ट्रीय परमाणु तस्करी नेटवर्क था। इसे पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कदीर खान ने बनाया था। यह नेटवर्क 1970 के दशक से लेकर 2000 के शुरुआती सालों तक एक्टिव रहा। कदीर खान को पाकिस्तान के परमाणु बम का जनक कहा जाता है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए यूरेनियम संवर्धन तकनीक डेवलप की थी, जिससे पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया। हालांकि बाद में सामने आया कि डॉ. खान ने यही तकनीक दूसरे देशों तक भी पहुंचाई। इसे ही एक्यू खान नेटवर्क कहा गया। यह नेटवर्क कोई औपचारिक संस्था नहीं था, बल्कि वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और कंपनियों का एक सीक्रेट नेटवर्क था जो अलग-अलग देशों में फैला था इनके जरिए एटमी प्रोग्राम के लिए जरूरी पुर्जे, मशीनें और डिजाइन चुपचाप ईरान, उत्तर कोरिया और लीबिया जैसे देशों तक पहुंचाए गए। साल 2003 में इस सीक्रेट का पर्दाफाश तब हुआ जब लीबिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम की जानकारी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को दी। जांच में यह पता चला कि लीबिया को तकनीक पाकिस्तान से मिली थी। इसके बाद 2004 में डॉ. कदीर खान ने टीवी पर आकर स्वीकार किया कि उन्होंने इन देशों की मदद की थी, हालांकि कदीर खान ने यह भी कहा कि उन्होंने यह काम अपनी मर्जी से किया, सरकार के आदेश पर नहीं।

### ट्रम्प बोले, रूस, चीन और कोरिया में भी एटमी टेस्टिंग

ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नॉर्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस,पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता।

### विदेश मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस की अन्य प्रमुख बातें...

- राष्ट्रपति ट्रम्प के भारत दौरे के बारे में अभी कुछ कहने को नहीं है। जैसे ही कुछ होगा बताया जाएगा।
- रूसी सेना में 44 भारतीय फंसे हुए हैं। भारत सरकार रूस से इनकी जल्द रिहाई मांग रही है। यह भर्ती का धंधा भी बंद करवाएंगे।
- कल थाईलैंड से 270 भारतीय भारत लौट आए। ये म्यांमार के कैंपों से भागकर थाईलैंड गए थे। कुछ और भारतीय वहां बाकी हैं जो जल्द लौटेंगे।
- रिटायर्ड मेजर विक्रांत कुमार जैतली यूएई में फंसे हैं। भारत सरकार ने चार बार उनसे मुलाकात की है। परिवार से संपर्क में हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर हर संभव मदद दी जा रही है।
- काबुल में हमारी तकनीकी मिशन को दूतावास में अपग्रेड कर दिया गया है। अब इसके कामकाज, जिम्मेदारियां और स्टाफ बढ़ाने पर विचार चल रहा है। ये सब जल्द ही होगा।
- क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चार देशों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा का अच्छा मंच है। क्वाड लगातार आगे बढ़ रहा है। हाल ही में मुंबई में इंडिया मैरीटाइम वीक हुआ।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर ब्रिटिश नागरिक इमिग्रेशन एरिया से फरार

- शहर में खोज जारी, बैंकॉक से आया था, डिपोर्ट करके ब्रिटेन भेजा जाना था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बड़ी सुरक्षा चूक का मामला सामने आया है। यहां एक ब्रिटिश नागरिक इमिग्रेशन एरिया से फरार होकर शहर में लापता हो गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह घटना 28 अक्टूबर को हुई। ब्रिटिश नागरिक बैंकॉक से एअर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 333 से नई दिल्ली पहुंचा था। उसे डिपोर्ट करके थाईलैंड के रास्ते ब्रिटेन भेजा जाना था। हालांकि, दिल्ली में वह अधिकारियों की नजर से बचते हुए इमिग्रेशन एरिया से फरार हो गया। न्यूज एजेंसी के अनुसार, ब्रिटिश नागरिक की पहचान फिट्ज पैट्रिक के रूप में हुई। दिल्ली में ब्रिटिश नागरिक की तलाश के लिए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे शहर में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने एक प्राथमिकी भी दर्ज की है। दिल्ली पुलिस एयरलाइन स्टाफ से भी पूछताछ शुरू कर दी है। सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्सेज, ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन और दिल्ली पुलिस की जॉइंट टीम ने फरार ब्रिटिश नागरिक की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि पैट्रिक कैसे भाग निकला और सुरक्षा में चूक कहां हुई। दिल्ली-एनसीआर में उसके छिपने के संभावित ठिकानों और शहर से बाहर निकलने वाले रास्तों पर भी सर्च ऑपरेशन जारी है। ब्रिटिश नागरिक का बैकग्राउंड और उसके भागने के मकसद का भी पता लगाया जा रहा है। फिलहाल, दिल्ली पुलिस की तरफ से ब्रिटिश नागरिक की कोई तस्वीर साझा नहीं की गई है। उसके नाम के अलावा वेशभूषा या अन्य जानकारी भी नहीं दी गई है। इधर, दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी की वजह से 300 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, गुरुवार शाम से ही तकनीकी खराबी के कारण एयर कंट्रोलर्स को फ्लाइट का शेड्यूल नहीं मिल पा रहा है। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स मैन्युअली काम कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऑटोमेटिक मैसेज स्विच सिस्टम में गड़बड़ी आ गई है। यह प्लेन के शेड्यूल यानी टेकऑफ और लैंड की जानकारी देता है। एटीसी के अधिकारी पहले से मौजूद डेटा के साथ मैन्युअली फ्लाइट शेड्यूल तैयार कर रहे हैं। इसके चलते कई फ्लाइट्स एक घंटा देरी से उड़ीं।

## शाह के बेटे को बल्ला पकड़ना नहीं आता: राहुल गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज की 121 सीटों पर रिकॉर्ड 65 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है। अब 11 नवंबर को होने वाली दूसरे फेज की वोटिंग होगी। शुक्रवार को पीएम मोदी, राहुल गांधी समेत अन्य नेता दूसरे फेज के प्रचार के लिए रैली करने पहुंचे हैं। भागलपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, %इस देश में आज कल बस 50-60 लोग सपना देख सकते हैं। अंबानी का बेटा, अडाणी का बेटा, अमित शाह का बेटा। अमित शाह के बेटे को बल्ला पकड़ना नहीं आता। एक रन नहीं ले सकता। उसने पूरी क्रिकेट टीम संभाल रखी है। हम चाहते हैं क्रिकेट को क्रिकेट टीम चलाए। इधर, औरंगाबाद में पीएम मोदी ने कहा कि बिहार को कट्टा सरकार नहीं चाहिए। बिहार को कुशासन वाली सरकार भी नहीं चाहिए। बिहार को भाजपा और एनडीए पर भरोसा है, क्योंकि एनडीए ने ही राज्य को जंगलराज से बचाया था। उन्होंने कहा कि आप (जनता) सोच सकते हैं कि ये जंगलराज वाले लोग सत्ता में वापसी के लिए इतने बेचैन क्यों हैं। ये जनता की सेवा नहीं करना चाहते। ये बंदूक की नोक पर जनता को लूटना चाहते हैं। यही जंगलराज की आहट है। राहुल गांधी ने भागलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में 2 करोड़ वोटर्स हैं और मतदान सूची में 25 लाख से ज्यादा वोटर्स फेक थे। मैं आपको गारंटी देता हूं कि मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग ने मिलकर हरियाणा का चुनाव चुराया है।

## टीएमसी सांसद के बंद पड़े अकाउंट से 56 लाख उड़ाए

- कल्याण बनर्जी के नकली आधार-पैन कार्ड से मोबाइल नंबर बदलकर ट्रांजेक्शन किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के एक डॉर्मेंट अकाउंट (कई दिनों से निष्क्रिय या बंद खाता) से करीब 56 लाख रुपए निकाल लिए गए। इस मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने खुद कोलकाता पुलिस की साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि जालसाज ने बनर्जी के अकाउंट की केवाईसी डिटेल को अपडेट करने के लिए सांसद का फेक पेन और आधार कार्ड का इस्तेमाल किया। इसके बाद स्कैमर ने 28 अक्टूबर, 2025 को अकाउंट से लिंक रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को भी बदल दिया। ऐसा करने पर उसे अकाउंट का पूरा एक्सेस मिल गया। एक बार क्रेडेंशियल्स बदल दिए जाने के बाद, धोखेबाज ने कथित तौर पर कई सारे अनऑथराइज्ड इंटरनेट बैंकिंग ट्रांजैक्शन किए और 56,39,767 रुपए की रकम निकाल ली। 2001 से 2006 के बीच बनर्जी आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। उस समय एसबीआई की विधानसभा उप-शाखा में उनके नाम से अन्य विधायकों के साथ मिलकर एक अकाउंट खोला गया था। यह उप-शाखा एसबीआई की हाईकोर्ट ब्रांच में आती है। विधायक रहते हुए उनके सभी भत्ते इसी अकाउंट में जमा होते थे।

### 'अकाउंट पुराना, लंबे समय से ट्रांजैक्शन नहीं हुआ'

श्रीरामपुर से सांसद बनर्जी ने बताया कि हाईकोर्ट शाखा के मैनेजर ने उन्हें गुरुवार को फोन कर इस धोखाधड़ी की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस पुराने अकाउंट में लंबे समय से कोई लेनदेन नहीं हुआ था, जिसके कारण यह अकाउंट बंद हो गया था। बनर्जी का अभी प्राइमरी अकाउंट एसबीआई की कालीघाट शाखा में है। बनर्जी के करीब टीएमसी नेता ने कहा कि सांसद को उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही मामले को सुलझा लेगी और खोई हुई रकम वापस दिलाने में उनकी मदद करेगी। न्यूज एजेंसी ने कोलकाता पुलिस की साइबर क्राइम सेल के अधिकारी के हवाले से बताया कि मामले की जांच चल रही है। धनराशि कई अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कर दी गई, इससे ज्वेलरी खरीदी गई और एटीएम से भी पैसे निकाले गए। बैंक ने आश्वासन दिया कि जांचकर्ताओं को स्कैमर और पैसे के सोर्स का पता लगाने में जरूरी सभी दस्तावेज, केवाईसी रिकॉर्ड और लेनदेन की जानकारी दी जाएगी। बनर्जी के साथ हुए फ्रॉड का तरीका हाल ही में एक तेलुगू फिल्म जेब्रा में दिखाए गए तरीके से मिलता-जुलता है। फिल्म में बैंक में काम करने वाला एक कर्मचारी बंद पड़े डॉर्मेंट अकाउंट में फेक डॉक्यूमेंट्स लगाकर केवाईसी करता है और पैसे निकाल लेता है।

# शंख ध्वनि के साथ घंटा बजाकर सत्रहवें 'मीट एट आगरा' का हुआ आगाज़

## प्रदेश के केबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने आयोजन को बताया इंडस्ट्री के लिए पावर बूस्टर

जन एक्सप्रेस। आगरा



प्रदेश सरकार उद्योगों के लिए 'एकल खिड़की अधिनियम' लागू करने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके तहत निवेशकों की सभी समस्याओं का एक ही मंच पर निवारण किया जाएगा। इस व्यवस्था के लिए सॉफ्टवेयर भी विकसित किया जा रहा है और शीघ्र ही इसके परिणाम सामने आएंगे। यह जानकारी प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने शुक्रवार को मथुरा रोड स्थित ग्राम सिंगना के आगरा ट्रेड सेंटर में आयोजित सत्रहवें 'मीट एट आगरा' फुटवियर मेले के उद्घाटन अवसर पर दी। इस अवसर पर सी एलईके चेयरमैन राजेंद्र कुमार जालान और प्रदेश लघु उद्योग निगम के चेयरमैन राकेश गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री नंदी ने कहा कि सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी निवेशक जब तक उद्योग स्थापित न कर ले, तब तक उसे पूरा सहयोग प्रदान किया जाए। टीटीजेड क्षेत्र के उद्योगों के लिए भी सरकार प्रभावी पैरवी करेगी। उन्होंने कहा कि सप्लाई चेन के ईको सिस्टम में कमी को लेकर उद्यमी अपने सुझाव दें, ताकि उसे सुधार जा सके। केंद्र सरकार के साथ उद्योग सुधार के लिए निरंतर संवाद जारी है और प्रदेश सरकार भी इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। नंदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने औद्योगिक विकास पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन वर्ष 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। अब तक राज्य सरकार द्वारा लगभग चार हजार करोड़ रुपये की इंसेंटिव राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सात नए एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं और शीघ्र ही देश के कुल 50 एक्सप्रेसवे में से सर्वाधिक एक्सप्रेसवे यूपी में होंगे।

### टीटीजेड के उद्योगों की पैरवी लचर: पूरन डावर

केंद्रीय फुटवियर एवं चमड़ा विकास परिषद के चेयरमैन और एफमेक के पूर्व अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि फुटवियर उद्योग सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि एफमेक ने सामूहिक प्रयासों से इस उद्योग को नई दिशा दी है और पारंपरिक क्लस्टर को सशक्त किया है। डावर ने कहा कि प्रदेश में अब भी 13 एनओसी लेनी पड़ती हैं और ये पूरी तरह ऑनलाइन नहीं हैं। इन्हें एकल खिड़की प्रणाली से ऑनलाइन किया जाना चाहिए। कृषि भूमि क्रय की प्रक्रिया को भी सरल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) में लगाए गए प्रतिबंधों को हटाया जाना चाहिए, क्योंकि सरकार की पैरवी इस मामले में कमजोर है। उन्होंने मांग की कि आगरा ट्रेड सेंटर में टेस्टिंग लैब और डिजाइनिंग सुविधाओं को अपग्रेड करने के लिए सरकार को पहल करनी चाहिए।



### निर्यात में वृद्धि पर मंथन की जरूरत: राजेंद्र जालान

चर्म निर्यात परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जालान ने कहा कि सप्लाई चेन के ईको सिस्टम की कमजोरी के कारण फुटवियर उद्योग पीछे है। हालांकि 'मीट एट आगरा' ने इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाई है, जिससे आगरा, नोएडा और कानपुर को विशेष लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि विश्व में बिकने वाली वस्तुओं में फुटवियर की हिस्सेदारी 67 प्रतिशत है, भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं में जूता सातवें स्थान पर है। आगरा का कुल निर्यात करीब 3,800 करोड़ रुपये है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.54 करोड़ जोड़ी पर स्थिर है।

### पहले दिन आए आंकड़े - उत्साहजनक रही शुरुआत

'मीट एट आगरा' के पहले दिन प्रदर्शनी को लेकर उद्योग जगत और आम दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार -

- **कुल विजिटर्स:** 5,254
- **ट्रेड विजिटर्स (व्यावसायिक आगंतुक):** 2,871
- **भविष्य उद्यमी (स्टूडेंट्स/ नवोदित):** 840

आयोजकों के अनुसार पहले ही दिन बड़ी संख्या में आगंतुकों की उपस्थिति इस बात का संकेत है कि फुटवियर उद्योग के प्रति लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। प्रदर्शनी में आए व्यापारी, खरीदार और नए उद्यमियों ने विभिन्न स्टॉल्स पर प्रदर्शित नवीनतम डिज़ाइन, तकनीक और मशीनरी में गहरी रुचि दिखाई।

### उत्कृष्ट निर्यात इकाइयों को मिला सम्मान

मीट एट आगरा के समापन अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली औद्योगिक इकाइयों और उद्यमियों को सम्मानित किया गया। निर्यात उत्कृष्टता (E&port E&cel-lence Award) निर्यात में उच्च टर्नओवर के आधार पर तीन इकाइयों को एक्सपोर्ट एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किए गए। यह सम्मान गुप्ता ओवरसीज के चेतन गुप्ता, लाइनर शूज के गौतम मेहरा, और मेट्रो एंड मेट्रो के अजीत कलसी को प्रदान किया गया।

### उत्कृष्टता के लिए दिए गए विशेष सम्मान

- **लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड** - जस एक्सपोर्ट के जसविंदर सिंह खेड़ा
- **बेस्ट वूमेन एंटरप्रेन्योर अवार्ड (फुटवियर सेक्टर)** - माला खेड़ा
- **कंपोनेंट सेक्टर बेस्ट वूमेन एंटरप्रेन्योर अवार्ड** - रेणुका डंग
- **कंपोनेंट सेक्टर एक्सीलेंस अवार्ड** - गौतम मनचंदा

### फैक्टरिंग, बैंकिंग और भविष्य निधि पर विशेष सत्र-हर उद्योग के लिए वरदान

'मीट एट आगरा' के दूसरे दिन उद्योग जगत के लिए अत्यंत उपयोगी विषयों पर केंद्रित एक विशेष सेमिनार सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में फैक्टरिंग, बैंकिंग, भविष्य निधि और ईसीजीसी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योगों को वित्तीय प्रबंधन, निर्यात सुरक्षा और नकदी प्रवाह से जुड़ी आधुनिक व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान करना है, जिससे विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग अधिक सशक्त बन सकें। फैक्टरिंग पर आयोजित चर्चा में विशेषज्ञ यह बताएंगे कि कैसे उद्यमी अपने बकाया बिलों या इनवॉइस को वित्तीय संस्थानों के माध्यम से तुरंत नकदी में बदल सकते हैं, जिससे पूंजी की कमी दूर होती है और उत्पादन निरंतर जारी रहता है। बैंकिंग और ईसीजीसी सत्रों में निर्यात से जुड़े वित्तीय जोखिमों, क्रेडिट गारंटी, अंतरराष्ट्रीय भुगतान सुरक्षा और बीमा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। वहीं भविष्य निधि विषय पर विशेषज्ञ श्रमिक कल्याण और कानूनी अनुपालनों के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे। इस बहुआयामी सत्र में वित्त विशेषज्ञ, बैंकिंग प्रतिनिधि, निर्यात सलाहकार और उद्योग संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। वे बताएंगे कि इन योजनाओं का प्रभावी उपयोग कर उद्योग कैसे अपनी वित्तीय स्थिति को मज़बूत बना सकते हैं, साथ ही सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। एफमेक अध्यक्ष गोपाल गुप्ता के अनुसार यह सेमिनार केवल फुटवियर सेक्टर ही नहीं, बल्कि टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, और एक्सपोर्ट यूनिट्स जैसे सभी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

